✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 19 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 15 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com





पटना में किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर खरीफ महाभियान का शुभारंभ करते सीएम सम्राट चौधरी






## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के महाधिवक्ता पीके शाही ने दिया इस्तीफा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** लंबे समय तक बिहार सरकार के महाधिवक्ता रहे और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी प्रशांत कुमार शाही उर्फ पीके शाही में इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने खुद महाधिवक्ता पद का त्याग करते हुए इस्तीफा दिया है। पिछले कई तीन वर्षों से वह लगातार बिहार सरकार का पक्ष कोर्ट में रख रहे थे। इससे पहले भी वह 2005 से 2010 तक बिहार सरकार के महाधिवक्ता रह चुके थे। बाद में उन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी सरकार में शिक्षा मंत्री भी बनाया था।

### बाइक सवार दो युवकों की मौत

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** बथनाहा थाना क्षेत्र के योगवाना मोड़ के पास बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। तीनों युवक पेट्रोल पंप से तेल लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही बथनाहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान योगवाना निवासी सुरेश भगत के पुत्र शिवम कुमार और आलोक कुमार के रूप में हुई है।

### संबंद्धन के लिए 15 सितंबर तक कॉलेजों को करना होगा आवेदन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शैक्षणिक सत्र 2027-31 के लिए स्नातक स्तरीय कॉलेजों के संबद्धन को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी विवि (पटना विवि और मौलाना मजहरूल हक अरबी फारसी विवि को छोड़कर) को निर्देश जारी किया है। संबद्धता लेने या उसकी अवधि बढ़ाने को लेकर आवेदन पोर्टल सोमवार से खुल जाएगा। कॉलेज 15 सितंबर तक इसपर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसी कड़ी में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने सभी एफिलिएटेड कॉलेजों के लिए अधिसूचना जारी की है।

### जीआरपी थाना में तैनात सिपाही को किया निलंबित

**सीवान(नबिटा ब्यूरो)।** सीवान में रेल एसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। रेल एसपी ने जीआरपी थाना से कैदी फरार मामले में ड्यूटी पर तैनात सिपाही को निलंबित कर दिया है। जानकारी अनुसार जीआरपी थाना सीवान से शराब तस्कर के फरार होने के मामले में रेल पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। रेल पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर वीणा कुमारी ने घटना के लिए प्रथम दृष्टया जिम्मेदार पाए गए सिपाही धर्मेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही पूरे मामले में विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने की पर्यटन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

## गयाजी, राजगीर और नालन्दा में पर्यटकों को उपलब्ध कराएं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पर्यटन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पर्यटन विभाग के विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति और राज्य के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों के विकास के लिये किये जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाना है इसके लिये बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है और धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का कायाकल्प करना है। राज्य के प्रमुख पर्यटन केंद्रों राजगीर, गयाजी और नालंदा में चल रही परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। बिहार की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिये काम करना है। मुख्यमंत्री ने



कहा कि मां मुंडेश्वरी मंदिर, करकटगढ़ जलप्रपात तथा राजगीर के लिए पर्यटकों की सुविधा सुविधा हेतु अनुदानित दर पर हेलिकॉप्टर सेवा प्रारंभ की जाय साथ ही वाल्मीकिनगर के लिए शनिवार एवं रविवार को पर्यटकों के लिये रियायती दर पर वायुसेवा शीघ्र प्रारंभ करें। पर्यटकों की सुविधा के लिए पटना प्रस्थान से आगमन तक 'एंड-टू-एंड' सेवा बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा शुरू की जायेगी। विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर की परियोजना को शीघ्र अंतिम रूप देकर कार्य प्रारंभ कराया जाय। राजगीर में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तार और सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजगीर की ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए इसे आध्यात्मिक शिक्षा के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। नालंदा की वैश्विक पहचान की पुनर्स्थापना की जायेगी साथ ही विश्व धरोहर दर्जे को और सुदृढ़ किया जाएगा। नालंदा को वैश्विक ज्ञान और सांस्कृ तिक केंद्र के रूप में फिर से स्थापित करने के लिए एक विशेष एकीकृत पैकेज तैयार किया जाएगा। पर्यटन क्षेत्रों में निवेश और बेहतर प्रबंधन के लिए पीपीपी मोड को बढ़ावा (शेष पृष्ठ 11 पर)

## ज्वेलरी शॉप से 10 मिनट में 25 लाख की लूट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** मोहनिया थाना क्षेत्र के बहुआरा में नेशनल हाईवे 319 के बगल में अवस्थित खुशबू ज्वेलर्स में दिनदहाड़े बड़ी लूट की वारदात हुई है। तीन अपराधियों ने दुकानदार आशुतोष कुमार के सिर और पेट पर पिस्टल सटाकर 25 लाख रुपये के नए व पुराने सोने-चांदी के आभूषण, लगभग 50 हजार रुपये नकद और मोबाइल लूट लिया। अपराधी इतने बेखौफ थे कि लूट की घटना को मात्र 10 मिनट में अंजाम देने के बाद दुकान के बाहर और बहुआरा चौक पर दो राउंड फायरिंग करते हुए बिना नंबर प्लेट वाली काले रंग की अपाची मोटरसाइकिल से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ गोपाल कृष्ण ने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला। स्वर्ण व्यवसायी से छीने गए मोबाइल के लाइव लोकेशन के आधार पर पुलिस लगातार अपराधियों का पीछा करती रही लेकिन वे भागने में सफल रहे। पीड़ित दुकानदार कटराकला के रहने वाले बताए जाते हैं। घटना के बाद इलाके में भारी दहशत का माहौल है और दुकान के बाहर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पीड़ित दुकानदार और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दिन के करीब 03:20 बजे काले रंग की बिना नंबर वाली अपाची मोटरसाइकिल पर सवार होकर 25-30 वर्ष की उम्र वाले तीन हथियारबंद युवक दुकान पर पहुंचे। बाइक चालक अपराधी हेलमेट पहने हुए था, उसका दूसरा साथी गमछा से अपने मुंह को बांध रखा था जबकि तीसरे अपराधी का चेहरा खुला हुआ था। इनमें से एक अपराधी ज्वेलरी दुकान के बगल की मिठाई दुकान पर लड्डू का रेट पूछने लगा तभी उसका दूसरा साथी ज्वेलरी दुकान पर पहुंचकर सोने का लॉकेट दिखाने की मांग करने लगा। दुकानदार द्वारा दिखाए गए सोने के लॉकेट को उसने पसंद नहीं किया और दूसरा लॉकेट दिखाने को कहा। जैसे ही आशुतोष ने तिजोरी खोली, बाहर खड़ा तीसरा अपराधी (शेष पृष्ठ 11 पर)

## उच्च शिक्षा के विकास में पूरा सहयोग देगा केंद्र : धर्मेंद्र प्रधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बिहार सरकार के उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सकारात्मक एवं दूरदर्शी प्रयासों की सराहना की है। साथ ही कहा है कि राज्य में उच्च शिक्षा के विकास, इसकी गुणवत्ता तथा पहुंच को और सुदृढ़ बनाने के लिए पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन केंद्र सरकार देगी। धर्मेंद्र प्रधान ने उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर से यह बात कही। संजय सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संजय सिंह ने बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सुधारात्मक कार्यों, नवाचारों तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही बताया कि राज्य के युवाओं को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 211 प्रखंड स्तरीय डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना की जा रही है।

## ट्रक-ऑटो की टक्कर में बच्ची समेत तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के छबिलापुर थाना क्षेत्र साइडपर केके पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास ट्रक और ऑटो की भीषण टक्कर में एक बच्ची सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक दर्जन लोग ज़ख़्मी हो गए। घायलों में तीन की हालत नाज़ुक है। सभी जख्मी लोगों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर विम्स पावापुरी रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान गया जी जिले के चाकंद थाना क्षेत्र गन्नू बिगहा गांव निवासी राज किशोर रविदास की 6 वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी और बसंत रविदास की 60 वर्षीय पत्नी रानी देवी जबकि एक नालंदा ज़िले के खुदागंज थाना क्षेत्र कोचरा गांव निवासी विजय रविदास का 25 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार के रूप में की गयी है। घायलों में गया जी ज़िले के चाकंद गांव निवासी 32 वर्षीय पूजा कुमारी, 03



वर्षीय अंकुश कुमार, 55 वर्षीय राज किशोर रविदास और नालंदा ज़िले के खुदागंज थाना क्षेत्र कोचरा गांव की 14 वर्षीय गौरी कुमारी, 10 वर्षीय चंद्रमुखी कुमारी, 07 वर्षीय चांदो कुमारी, 55 वर्षीय झंमुन्नी देवी, काजल कुमारी, रॉकी कुमार, बैजनाथ रविदास जख्मी हैं। इनमें नाजुक हालात में तीन घायलों में 03 वर्षीय अंकुश कुमार, 32 वर्षीय पूजा कुमारी और 07 वर्षीय चांदो कुमारी को विम्स पावापुरी में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में घायल के रिश्तेदार कुंदन ने बताया कि परिवार के 15 लोग ऑटो पर सवार होकर गांव से राजगीर मालमास मेला घूमने आए थे और आज सुबह मेला देखकर वापस घर की ओर कोचरा लौट रहे थे तभी तेज़ रफ़्तार ऑटो अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही ट्रक में ज़ोरदार टक्कर मार दिया जिसमें तीन लोगों की मौत हुई है। हादसे की आवाज़ सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जामकर प्रशासन के खिलाफ उग्र हो गए और हंगामा करने लगे जिससे भारी संख्या में पुलिस बल ने पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल बिहारशरीफ भेजा पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट चुकी है। ट्रक को ज़ब्त कर लिया गया है।

### सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत से शोक की लहर

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश में हुए भीषण सड़क हादसे में शहर के पांच लोगों की मौत के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। सभी लोग किछौछा शरीफ से लौट रहे थे तभी उनकी कार की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शनिवार देर रात मृतकों के शव उनके आवास पहुंचे तो परिजनों के बीच कोहराम मच गया। रविवार सुबह चार मृतकों को पुलिस लाइन रोड स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में जनसैलाब उमड़ पड़ा। मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य समुदायों के लोगों ने भी पहुंचकर अंतिम विदाई दी। इस दौरान हर आंख नम दिखी और पूरे माहौल में गम का सन्नाटा पसरा रहा। शहर में एक साथ पांच लोगों की मौत की इस दर्दनाक घटना से हर वर्ग के लोगों में शोक व्याप्त है। वहीं पांचवें मृतक को आज शाम सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

## गैस कटर से मशीन काटकर 15 लाख ले उड़े चोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिले में बीती रात चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। दरअसल बेखौफ चोरों ने कोचस नगर पंचायत के बक्सर रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से लगभग 15 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। इस बड़ी चोरी की घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा है और लोग पुलिस गश्त पर सवाल उठा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने बीती रात अंधेरे का फायदा उठाते हुए घटना को अंजाम दिया। लगभग चार से पांच की संख्या में पहुंचे चोरों ने पहले एटीएम का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और फिर गैस कटर के माध्यम से एटीएम को काटकर 15 लाख रुपये ले भागे। इस दौरान उन्होंने एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया ताकि उनकी पहचान छुपाई जा सके। मामले में सदर डीएसपी-2 संजीव कुमार ने बताया कि घटनास्थल से गैस कटर मशीन बरामद की गई है। इसके अलावा कैमूर जिले के मोहनिया से घटना में प्रयुक्त एक वाहन भी जब्त किया गया है। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और पुलिस अपराधियों की पहचान में जुटी है। डीएसपी ने बताया कि चोरों ने कोचस में एटीएम लूट की घटना को अंजाम देने से पहले बक्सर जिले में भी एक एटीएम चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसी वजह से पुलिस पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच कर रही है और दोनों घटनाओं के बीच संबंध तलाशने में जुटी हुई है।






## राज्य के सभी 534 प्रखंडों में लगेंगे जन कल्याण शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पंचायत और नगर पंचायत स्तर पर लगने वाले सहयोग शिविर के तर्ज पर ही अब राज्य के सभी 534 प्रखंडों में भी सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में पत्र लिखा है। यह कहा गया है कि पंचायत और नगर पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले सहयोग शिविर नियमित रूप से जारी रहेंगे। इस महीने की 16 से 18 तक प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड स्तर पर लगने वाले शिविर में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री



आवास योजना-ग्रामीण, लखपति दीदी, वीबी जी राम जी, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान/छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांग कल्याण योजना, बीओसीडब्ल्यू-निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड एवं मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना आदि को शामिल किया जा रहा। शिविर में आने वाली जनता की सहूलियत में आवश्यक सभी सुविधाओं को लागू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि प्रत्येक दिन शिविर की समाप्ति पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उसी दिन शाम सात बजे तक गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेन्दर ने भी जिला पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन भी समानांतर रूप से होगा।

# प्रगति की पटरी पर दौड़ रहा बिहार : संजय सरावगी

## 2.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले, सुशासन और विकास का राष्ट्रीय मॉडल बन रहा बिहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार का खजाना खाली नहीं है, बल्कि विकास और जनकल्याण की योजनाओं से समृद्ध है। आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े बता रहे हैं कि खजाना नहीं, बल्कि तेजस्वी यादव का दिमाग तथ्यों और वास्तविकता से पूरी तरह खाली हो गया है। बिहार की अर्थव्यवस्था आज विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को छू रही है। बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के आंकड़े स्पष्ट रूप से बताते हैं कि राज्य का आर्थिक प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर है और विपक्ष द्वारा राज्य के खजाने को खाली बताने का दावा पूरी तरह भ्रामक एवं तथ्यहीन है। श्री सरावगी ने कहा कि वर्ष 2024-25 में बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्तमान कीमतों पर 13.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9,91,997 करोड़ रुपये तक पहुंच गया जबकि राष्ट्रीय औसत मात्र 9.8 प्रतिशत रहा। स्थिर कीमतों पर भी बिहार ने 8.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2025-26 में बिहार का जीएसडीपी 10.97 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है जो राज्य की आर्थिक मजबूती और विकास की रफ्तार को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि यदि राज्य का खजाना खाली होता तो इतनी तेज विकास दर, रिकॉर्ड निवेश और बड़े पैमाने पर आधारभूत संरचना का निर्माण संभव नहीं होता। बिहार की कुल राजस्व प्राप्तियां 2020-21 के 1.28 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 2.18 लाख करोड़ रुपये हो गई है। कर राजस्व का हिस्सा 70 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत तक पहुंचना राज्य की बढ़ती वित्तीय आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार के विकास का रोडमैप पूरी तरह स्पष्ट तथा आर्थिक रूप से सशक्त है बिहार। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विकास हुआ है। पिछले दस वर्षों में रेलवे में वार्षिक निवेश 1,132 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,066 करोड़ रुपये हो गया है। नई रेल लाइनों का विस्तार, वंदे भारत ट्रेनों का संचालन और सड़कों पर लगभग 4 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं बिहार के विकास की नई कहानी लिख रही हैं। औंटा-सिमरिया पुल जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं जिससे क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है।

उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र में नवीनगर और बक्सर जैसे बड़े ताप विद्युत परियोजनाओं के संचालन से ऊर्जा उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हो रहा है तथा केंद्र सरकार द्वारा बिहार को विशेष विकास योजनाओं का लाभ लगातार मिल रहा है। श्री सरावगी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में भी बिहार लगातार प्रगति कर रहा है। मखाना, लीची और मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से लाखों मछुआरों को लाभ मिला है। उद्योगों में निवेश बढ़ रहा है और विभिन्न राष्ट्रीय रिपोर्टों में बिहार को देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्यों में शामिल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में 2.5 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। वर्ष 2005 से पहले बिहार भ्रष्टाचार, बदहाल आधारभूत संरचना और धीमी विकास दर के लिए जाना जाता था जबकि आज एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार लगातार दो अंकों के आसपास विकास दर दर्ज कर रहा है और राज्य की अर्थव्यवस्था 11 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े की ओर बढ़ रही है।

## शहीद वायु सैनिकों को डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने असम के जोरहाट में भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान हादसे में पांच वायु सैनिकों के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुखद और राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने मातृभूमि की सेवा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि इन वीर जवानों का त्याग, देश के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश इन सैनिकों के शौर्य, समर्पण और बलिदान को सदैव सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद रखेगा। उनके निधन से भारतीय वायुसेना ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र को गहरा आघात पहुंचा है।

## बिहार के तीन पारंपरिक उत्पादों को मिला जीआई टैग, डॉ. प्रेम कुमार ने जताई खुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के तीन पारंपरिक उत्पादों–नालंदा की बावन बूटी साड़ी एवं वस्त्र, गया के पत्थरकट्टी शिल्प तथा भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग–को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने राज्य के शिल्पकारों, बुनकरों, कलाकारों और नागरिकों को बधाई दी है। डॉ. प्रेम कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व और राज्य सरकार की नीतियों को देते हुए कहा कि बिहार की पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक धरोहरों को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि नालंदा की बावन बूटी बुनकरी, गया की पत्थरकट्टी शिल्पकला और भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपरा के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। जीआई टैग मिलने से इन उत्पादों की विशिष्ट पहचान को कानूनी संरक्षण प्राप्त होगा तथा इनके विपणन, ब्रांड निर्माण और निर्यात की संभावनाएं बढ़ेंगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि उन हजारों शिल्पकारों, बुनकरों और कलाकारों के परिश्रम, कौशल और समर्पण का सम्मान है जिन्होंने पीढ़ियों से इन कलाओं को जीवित रखा है। उन्होंने राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), संबंधित विभागों, उत्पादक समूहों और शिल्पकार संगठनों के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जीआई टैग मिलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा बिहार के अन्य पारंपरिक उत्पादों को भी वैश्विक पहचान दिलाने में मदद मिलेगी।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मिले बिहार के उच्च शिक्षा मंत्री

## राज्य में उच्च शिक्षा सुधारों एवं भावी कार्ययोजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह (टाइगर) ने नई दिल्ली में भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सुधारात्मक कार्यों, नवाचारों तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान संजय सिंह ने बिहार सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के विस्तार एवं गुणवत्ता सुधार के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के युवाओं को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 211 प्रखंड स्तरीय डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शैक्षणिक कैलेंडर का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कर शैक्षणिक सत्रों के नियमितीकरण की दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि राज्य में स्वच्छ, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त परीक्षा प्रणाली को सुदृढ़ किया गया है। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू की जा रही है। वहीं नामांकन, अवकाश, शैक्षणिक गतिविधियों तथा वित्तीय प्रबंधन की प्रभावी निगरानी हेतु समर्थ पोर्टल आधारित डिजिटल प्रबंधन प्रणाली से विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को जोड़ा जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रिक्त पदों को भरने के लिए पारदर्शी, समयबद्ध एवं नियमित नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से व्याख्याताओं एवं अन्य आवश्यक मानव संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बिहार सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सकारात्मक एवं दूरदर्शी प्रयासों की सराहना की तथा राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को और सुदृढ़ बनाने के लिए हर संभव सहयोग एवं मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा दोनों नेताओं ने शिक्षा के माध्यम से युवाओं के सशक्तिकरण एवं राज्य के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## वायुसेना विमान हादसे में शहीद वीरों को मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन सम्पर्क के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने असम के जोरहाट में भारतीय वायुसेना के विमान एएन 32 के दुर्घटनाग्रस्त होने तथा इसमें वायु सेना के पांच वीर योद्धाओं के शहीद होने के समाचार को बेहद दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि यह काफी मर्माहत करने वाली खबर है। एआईएएफएमसीसी के स्क्वाड्रन लीडर, प्रशान्त सिंह, फ्लाईट लेफ्टिनेन्ट, शुभम कुमार, सार्जेन्ट, जितेन्द्र शर्मा, अग्निवीर वायु खेमाराम कुमावत और दानिश आलम की राष्ट्र की सेवा में उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्यनिष्ठा, साहस तथा समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। ईश्वर इन्हें इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें तथा दिवंगत वीर जवानों की पुण्य आत्माओं को शान्ति दें। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि पूरा देश उनके अद्वितीय साहस और वलिदान को सदैव सम्मानपूर्वक याद रखेगा।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान, लोगों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा द्वारा बिहार के सभी जिलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में पटना में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में चितकोहरा कच्ची तालाब परिसर और अदालतगंज क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान तालाब, मंदिर परिसर तथा आसपास के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक संगठन या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपने घर, मोहल्ले, मंदिर और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के साथ-साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 में शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान आज जन-जन का अभियान बन चुका है और इसमें देशभर के लोगों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला है। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने आसपास की स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ अपने विचारों और आचरण में भी स्वच्छता अपनाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में रमन चंद्रवंशी, संजय गुप्ता, बिरेंद्र चंद्रवंशी, संतोष पटेल, मुकेश पटेल, अभिषेक यादव, संजय निषाद, प्रदीप निषाद, जय प्रकाश यादव, लवकुश कुमार, सोनी देवी, मुकेश कुमार चंद्रवंशी, पहलाद वर्मा, कमलेश चंद्रवंशी, विजय सिंह चंद्रवंशी, राकेश चौरसिया और विकास कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## पूर्व एमएलसी अनवर आलम के निधन पर राजेश राम ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पटना नगर निगम के पार्षद असफर अहमद के पिता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य अनवर आलम के निधन पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने अपने शोक संदेश में कहा कि पूर्व एमएलसी अनवर आलम कई दिनों से अस्वस्थ थे और उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा था। उनके निधन से गहरा आघात हमें पहुंचा है। मरहूम अनवर आलम लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहकर जनसेवा के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने सामाजिक जीवन में रहते हुए जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का लगातार पालन किया। उनके पुत्र असफर अहमद और परिजनों के प्रति मेरी सहानुभूति है। ईश्वर से जनाब अनवर आलम के आत्मा की शांति की दुआ मांगता हूं। शोक व्यक्त करने वालों में विधान परिषद में दल के नेता डॉ. मदन मोहन झा, राजेश राठौड़, कपिलदेव यादव, डॉ. स्नेहाशीष वर्धन, प्रेमचंद सिंह, पंकज यादव सहित अन्य प्रमुख नेतागण रहे।

## बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में धनराज शर्मा ने संभाला महामंत्री का पदभार

### संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर करेंगे काम : धनराज शर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भाजपा बिहार प्रदेश के नवनियुक्त महामंत्री धनराज शर्मा ने रविवार को पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में अपने कक्ष में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ उन्होंने अपने नए दायित्व की शुरुआत की। पदभार ग्रहण समारोह में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दालसनिया सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद धनराज शर्मा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास और जिम्मेदारी के साथ उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, समर्पण और संगठन भावना के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और इसकी ताकत कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में संगठन को और अधिक सशक्त एवं विस्तार देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों, मंडलों और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और बिहार में एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठनात्मक गतिविधियों को और गति दी जाएगी। प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है और संगठन की मजबूती का आधार भी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के हर वर्ग को भाजपा की विचारधारा और विकास के संकल्प से जोड़ने का कार्य करने की अपील की। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान प्रदेश के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत 7665 लाभुकों को दी गई सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत राज्य में जनजातीय गरिमा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। 19 मई से 25 मई तक चले इस सप्ताह भर के उत्सव में जनजातीय टोलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण, जनसुनवाई, योजना संतृप्ति शिविर और कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत राज्य के 24 जिलों के 74 प्रखंडों में 874 अनुसूचित जनजाति गांव/टोलों में 1249 सेचुरेशन कैंप लगाए गए। इन शिविरों में कुल 7665 पात्र लाभुकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का ऑन-स्पॉट लाभ प्रदान किया गया। जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 देशभर में 10 मई से 9 जून तक मनाया गया है। इसकी मुख्य थीम 'जन भागीदारी - सबसे दूर, सबसे पहले' है। इस उत्सव का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना, उनकी संस्कृति और गरिमा का सम्मान करना तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, आजीविका और बुनियादी सुविधाओं से उन्हें जोड़ना है। इसके अलावा अनुसूचित जाति टोलों में भी स्वास्थ्य शिविरों और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

# पटना में गूंजा 'भर ले उड़ान' का जश्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** कला और संस्कृति को समर्पित बिहार के सबसे बड़े युवा मंच 'भर ले उड़ान' ने पटना के ए एन कॉलेज में अपने 10वें सीजन का भव्य आयोजन किया। एक दशक से यह मंच बिहार के युवाओं को कला, संस्कृति और रचनात्मक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में पहचान दिलाकर राज्य और देश का गौरव बढ़ा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ पटना की मेयर सीता साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद भीम सिंह ने 'भर ले उड़ान' की सराहना करते हुए कहा 'बेटियां बिहार की गरिमा बढ़ाकर देश का नाम रोशन कर रही हैं।' उन्होंने मंच की अध्यक्ष कोमल पांडे और सचिव स्वीटी पंडित के प्रयासों की विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यह मंच लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बिहार भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने प्रतिभागियों के अभिभावकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में परिवार का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है। फुलवारी के विधायक एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि कला और संस्कृति समाज को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है और 'भर ले उड़ान' जैसी पहल युवाओं के सपनों को साकार करने का कार्य कर रही है। नमो ऐप के सहसंयोजक सौरभ भारती पासवान ने कहा 'यह मंच सिर्फ हौसला नहीं, पहचान भी देता है।'

## इंडिया गठबंधन की बैठक में जनहित की चर्चा नहीं : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने इंडिया गठबंधन की आंतरिक कलह पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश की जनता विकास की नीतियों के साथ खड़ी है। वहीं इंडिया गठबंधन के नेता इस बात पर उलझे हुए हैं कि किसे गले लगाना है और किसे नहीं। श्री पांडेय ने कहा कि 8 जून को इंडिया गठबंधन की बैठक का एक ऑडियो सामने आया है जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी यह कहते सुने गए कि वह केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और सीपीएम के वरिष्ठ नेता पिनराई विजयन को गले नहीं लगाएंगे क्योंकि उनसे उनकी राजनीतिक लड़ाई चल रही है। यह सुनकर लगता है कि गठबंधन की बैठक कोई स्कूली प्रार्थना सभा बन गई जहां तय किया जा रहा है कि कौन किसके साथ हाथ मिलाएगा और कौन किससे नहीं मिलाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि केरल में कांग्रेस और सीपीएम एक-दूसरे के विरुद्ध चुनाव लड़ते हैं, एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार और हिंसा के आरोप लगाते हैं। पर दिल्ली में आकर फोटो खिंचवाने के लिए 'इंडिया' लिखे पोस्टर के नीचे खड़े हो जाते हैं। श्री पांडेय ने व्यंग्य किया कि यह कैसा गठबंधन है जहां मंच पर एकता का नारा और माइक के पीछे नफरत का संदेश चलता है।

# जन्दाहा में युवाओं की प्रतिभा को मिलेगा मंच

## 22 जून को होगा 'जन्दाहा ओपन माइक' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** वैशाली जिले के जन्दाहा में युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा को नई पहचान देने के उद्देश्य से युवा भारत विकास संगठन के तत्वावधान में आगामी 22 जून को 'जन्दाहा ओपन माइक (काव्य संध्या)' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा परिसर में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को कविता, शायरी, गीत, कहानी, भाषण और सामाजिक विषयों पर अपने विचार खुलकर रखने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर शिक्षाविद् एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं, कार्यक्रम का नेतृत्व युवा भारत विकास संगठन की अध्यक्षा वर्षा ठाकुर करेंगी। कार्यक्रम 22 जून 2026 को अपराह्न 3:30 बजे प्रारंभ होगा। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक युवाओं, विद्यार्थियों, साहित्य प्रेमियों एवं आम नागरिकों से इस अनूठी पहल का हिस्सा बनने और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि युवाओं के विचार और उनकी अभिव्यक्ति ही समाज की दिशा तय करती है। 'जन्दाहा ओपन माइक' उनके सपनों, संवेदनाओं और प्रतिभा को नई उड़ान देने का मंच बनेगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से जन्दाहा जैसे कस्बों में छिपी प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। साहित्य, संस्कृति और सामाजिक चेतना को समर्पित यह आयोजन क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।

## रांची राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी में जुटी लोक समिति

### जे.पी. के विचार आज भी प्रासंगिक : शिवजी सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने पटना प्रवास के दौरान एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लोक समिति लोक नायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित एक गैर दलीय राष्ट्रीय जन संगठन है जिसकी स्थापना जे.पी. ने 30 जून, 1977 ई. को की थी। श्री सिंह ने बताया कि इस वर्ष लोक समिति अपने स्थापना दिवस के 49 वां वर्षगांठ के अवसर पर आगामी 30 जून 2026 को रांची में राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर बिहार के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुट गये है।

## विश्वकर्मा समाज को अधिकार नहीं मिला तो होगा आंदोलन : मुकुल आनंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजधानी के बेली रोड स्थित बुद्धा रेसिडेंसी होटल में भारतीय विश्वकर्मा महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई जिसमें समाज के राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक अधिकारों को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज को उसकी आबादी के अनुरूप राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि विश्वकर्मा समाज को अधिकार और प्रतिनिधित्व नहीं मिला तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन होगा। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता दिवाकर शर्मा ने समाज की एकजुटता और संगठनात्मक शक्ति पर बल दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्याभूषण ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने की आवश्यकता बताई। राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मीणा शर्मा ने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व को समय की मांग बताया। बैठक में राष्ट्रीय सचिव भिखारी शर्मा ने पंचायत स्तर तक संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान चलाने की घोषणा की। युवा नेता अमित विश्वकर्मा ने युवाओं को तकनीकी शिक्षा, स्टार्टअप और स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामशंकर शर्मा ने की। जिला अध्यक्ष जयंत शर्मा ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने दिखाई एआई होम इकोसिस्टम के भविष्य की झलक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने 'एआई होम' विजन की रूपरेखा पेश की है जिसका उद्देश्य एआई-संचालित उपकरणों, थिनक्यू एआई ऑर्केस्ट्रेशन और स्मार्ट होम रोबोट्स के जरिए घरों को अधिक स्मार्ट, सुविधाजनक और कनेकेड बनाना है। कंपनी के अनुसार 'अफेक्शनेट इंटेलिजेंस' से लैस नया थिनक्यू इकोसिस्टम उपयोगकर्ताओं की आदतों और जरूरतों को समझकर उन्हें बेहतर और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करेगा। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के होम अप्लायंस सॉल्यूशन के वाइस प्रेसिडेंट यॉन्ग मिन ह्वांग ने कहा कि भारत में उपलब्ध एआई वॉश 2.0 और थिनक्यू इनेबल्ड उत्पाद इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भारत में बढ़ती आय, शहरीकरण और प्रीमियम उत्पादों की मांग के चलते उपभोक्ता अब एआई आधारित और कनेक्टेड समाधानों को प्राथमिकता दे रहे हैं। कंपनी का लक्ष्य ऐसे कनेक्टेड और बुद्धिमान समाधान उपलब्ध कराना है जो उपभोक्ताओं को अधिक सुविधाजनक और बेहतर जीवन अनुभव प्रदान करें।

# 16 कि.मी. की दौड़ में कई महिला सिपाहियों की तबीयत बिगड़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस दो (बीसैप -2) में महिला सिपाहियों के बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान रविवार की सुबह 16 किलोमीटर लंबी दौड़ में गर्मी और शारीरिक थकान के कारण चक्कर आने से 11 प्रशिक्षु सिपाहियों की तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें तत्काल डिहरी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। तीन महिला प्रशिक्षु की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल सासाराम में तथा प्रशिक्षु विनीता कुमारी की ज्यादा स्थिति खराब देख उन्हें हायर सेंटर में रेफर कर दिया। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विनीता कुमारी को नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार में भर्ती कराया गया है जहां उसकी स्थिति में सुधार है। सदर अस्पताल सासाराम में इलाज करा



रही तीन महिला प्रशिक्षु के स्वास्थ्य में भी पहले से सुधार हुआ है। महिला बटालियन सासाराम की डीएसपी बबली कुमारी ने बताया कि बटालियन की 1358 महिला प्रशिक्षणार्थियों को बुनियादी प्रशिक्षण बीसैप दो डिहरी में दिया जा रहा है जिसमें पटना, नालंदा और गोपालगंज जिला बल की महिला सिपाही शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस दो परेड ग्राउंड से इंद्रपुरी चौक तक लगभग 16 किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी थी। दौड़ के दौरान सुबह में अत्यधिक गर्मी और शारीरिक दबाव के कारण 11 प्रशिक्षु सिपाही चक्कर आने से गिर गई जिन्हें अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। तीन को सदर अस्पताल सासाराम रेफर किया जा रहा है जबकि एक का इलाज नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार में कराया गया है जहां स्थिति बेहतर है। अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज करा रही सात महिला प्रशिक्षु को स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी कर दी गई है। सभी बटालियन में आ गई है। बताया कि बुनियादी प्रशिक्षण में शारीरिक दक्षता परीक्षा दौड़ कराकर ली जाती है। इसे पास करने पर ही प्रशिक्षण को पूरा माना जाता है। दौड़ में शामिल सभी सिपाहियों के लिए जगह-जगह पानी की व्यवस्था के साथ एम्बुलेंस एवं सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। डिहरी अनुमंडलीय अस्पताल के प्रबंधक राणा राजेश ने बताया कि यहां 11 महिला सिपाही दौड़ में बीमार होने के बाद भर्ती हुई थीं जो धूप या अन्य कारणों से बेहोश और बीमार होकर आई थीं। इनमें से चार महिला सिपाहियों की हालत थोड़ी ज्यादा गंभीर थी जिन्हें सांस लेने में तकलीफ, पेट में दर्द और चक्कर आने जैसी शिकायतें थीं। बाकी सिपाहियों को भी उल्टी और सिर घूमने की समस्या थी जिनका प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के बाद बाकी सभी ठीक होकर अपने बटालियन में लौट चुकी हैं। गंभीर रूप से बीमार चार प्रशिक्षु सिपाहियों में से तीन मुजफ्फरपुर की श्यामली कुमारी, बेतिया की विनीता कुमारी, लखीसराय की सोनम कुमारी को सदर अस्पताल के लिए रेफर किया था और एक को उच्च इलाज के लिए आगे रेफर किया गया। पुलिस विभाग के लोग उन्हें बेहतर इलाज के लिए नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले गए हैं। डीएसपी ने बताया कि सभी प्रशिक्षुओं की स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। अधिकांश प्रशिक्षु अब सामान्य स्थिति में है और किसी प्रकार की गंभीर स्थिति नहीं है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सिपाहियों की शारीरिक क्षमता, सहनशक्ति और कार्यकुशलता का आकलन करना है। प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किया जाएगा।

## सात दिन पूर्व भी तीन प्रशिक्षु हुए थे बेहोश, एक पुलिस जवान की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस केंद्र डिहरी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जिला पुलिस के तीन जवान गत मंगलवार को दौड़ के दौरान बेहोश हो गए थे जिसमें एक जवान श्रीराम कुमार का इलाज के दौरान पटना एम्स में मौत हो गयी। मृतक सिपाही समस्तीपुर जिले के चांदपुर धमौन गांव के रहने वाले पवित्र दास के पुत्र श्री राम कुमार थे। बीते मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान अचानक पुलिस लाइन में तबीयत बिगड़ी जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई।

## इं. ललन सिंह की सप्तम पुण्यतिथि पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया जाएगा सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र में 'गार्जियन' के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय इंजीनियर ललन सिंह की सप्तम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उनके पुत्र एवं राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह द्वारा क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने बताया कि इंजीनियर ललन सिंह एक्सपोर्टिंग क्लब, कैनाल रोड में श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाम में मां शीला भवन में पूजा-पाठ एवं अखंड हरिकीर्तन का भी आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। विधायक ने क्षेत्र के सभी नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं युवाओं से कार्यक्रम में शामिल होकर स्वर्गीय इंजीनियर ललन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा प्रतिभावान विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करना समाज के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## भाजपा की मासिक बैठक में पीएम के 12 साल में किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** भारतीय जनता पार्टी रोहतास की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष संतोष पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसका संचालन कार्यालय प्रभारी अरुण पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दे मातरम से किया गया। उसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक में पूर्व के कार्यों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की गई जिसमें प्रधानमंत्री के मन की बात, बूथ सशक्तिकरण एवं संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। सभी को पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम को सरल एप पर डाउनलोड करने के बारे में निर्देशित किया गया। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शीला सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक ललन पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष मदन वैश्य, प्रमोद कुमार सिंह, सुशील चन्द्रवंशी, बलिराम मिश्र सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। मौके पर सुधीर सिंह, राकेश सिंह, शशि भूषण प्रसाद, दीपक पटवा, विवेक सिंह, संजय कुमार तिवारी, संतोष शर्मा, सत्येंद्र दुबे, सत्यनारायण पासवान, विनोद पासवान, मृत्युंजय शुक्ला, डॉ शिवनाथ चौधरी, रजनीश वर्मा, राधेश्याम पाण्डेय, रवि राय, ऋतुराज उपाध्याय, बीरेंद्र शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# काराकाट में प्रशासन ने की अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

### सड़क के किनारे बने अवैध निर्माणों को जेसीबी और बुलडोजर से तोड़ा गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट में रविवार सुबह प्रशासन ने एनएच-120ए बिक्रमगंज-नासरीगंज रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। गोडारी इलाके में सड़क के किनारे बने अवैध निर्माणों को जेसीबी और बुलडोजर से तोड़ा गया। इसमें पक्के और कच्चे दोनों तरह के ढांचे शामिल थे। काराकाट एसडीएम प्रभात कुमार के हवाले से बताया गया कि सड़क पर लोगों ने अवैध तरीके से शेड, गुमटी, ठेले, चबूतरे और सीढ़ियां बना रखी थीं। इनकी वजह से सड़क बहुत संकरी हो गई थी। रोज जाम लगता था और हादसे का डर भी बना रहता था, इसलिए इन्हें हटाना जरूरी था। प्रशासन ने कार्रवाई से पहले लोगों को समय दिया था। अभियान से 72 घंटे पहले ही पूरे शहर में



लाउडस्पीकर से मुनादी कराई गई। लोगों से कहा गया कि वे खुद अपना सामान और निर्माण हटा लें। कई लोगों ने चेतावनी के बाद खुद ही अपना शेड और सामान हटा लिया, लेकिन जो नहीं माने, उनके निर्माण पर रविवार को बुलडोजर चला दिया गया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद था ताकि कोई झगड़ा न हो। अभियान में एसडीएम प्रभात कुमार के साथ बीडीओ राहुल कुमार सिंह, सीओ डॉ. रितेश कुमार, आरओ ध्रुव कुमार और थाना अध्यक्ष विवेक कुमार नगर पंचायत से एलईओ देवाशीष कुमार, ईओ सीमाब मतीन और स्वच्छता पदाधिकारी मोईन पूरे दल-बल के साथ शामिल थे। अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कब्जा करना गलत है। इससे आम लोगों को चलने में परेशानी होती है और ट्रैफिक भी फंसता है। सड़क साफ होने से अब गाड़ियां आसानी से चलेगी और दुर्घटना का खतरा भी कम होगा। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। अगर कोई फिर से सड़क पर कब्जा करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जुर्माना भी लगाया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि नियम सबके लिए एक है और एनएच को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त रखना है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई को सही बताया है। लोगों का कहना है कि अब बाजार में आना-जाना आसान होगा। दुकानदारों को भी फायदा होगा क्योंकि ग्राहकों की गाड़ियां आसानी से खड़ी हो सकेंगी। प्रशासन की सख्ती से अब कोई भी सड़क पर अवैध कब्जा करने से पहले दस बार सोचेगा।

## रोहतास में छात्रा की हत्या पर भाकपा-माले ने की कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट के विधायक अरुण सिंह ने रोहतास जिले में इंटर की एक छात्रा की कथित सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने अपराधियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी तथा पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। जानकारी के अनुसार छात्रा 10 जून 2026 की शाम करीब पांच बजे आधार कार्ड निकलवाने के लिए कोआथ बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। अगले दिन कोआथ से इटवां जाने वाले मार्ग पर पचमोरिया आहर के पास छात्रा का शव बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक अरुण सिंह के नेतृत्व में भाकपा-माले के जिला समिति सदस्य अच्छेलाल पासवान, जिला समिति सदस्य अरविंद कुमार तथा विधायक के निजी सचिव कमलेश पासवान ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। अरुण सिंह ने कहा कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर सरकार के दावे धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है और कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने रोहतास पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान करते हुए उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने तथा राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की।

## 36 हजार की ठगी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के पाली रोड निवासी गुड्डन कुमारी ने 36 हजार रूपये के साइबर ठगी की प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पंचायत व ग्राम स्तर तक समिति विस्तार पर जोर : अम्बरीष



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व हिंदू परिषद, रोहतास विभाग की विभागीय बैठक डिहरी के न्यू डिलियां स्थित सूर्य बैंक्वेट हॉल में आयोजित हुई। बैठक में विभाग, प्रखंड और खंड स्तर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता विहिप के केंद्रीय मंत्री सह अखिल भारतीय विशेष संपर्क प्रमुख अम्बरीष जी ने संगठन के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर बल देते हुए पंचायत और ग्राम स्तर तक समितियों के गठन तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी स्थापना दिवस एवं अन्य संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर व्यापक जनसंपर्क पर जोर दिया। बैठक में संगठन विस्तार, सेवा, समरसता और आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

## मानव विकास, गरीबी उन्मूलन और सामाजिक प्रगति में बिहार ने दर्ज की उल्लेखनीय उपलब्धियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार ने पिछले दो दशकों में सामाजिक और आर्थिक विकास के विभिन्न मानकों पर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करते हुए देश के सामने एक सकारात्मक विकास मॉडल प्रस्तुत किया है। योजना एवं विकास विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मानव विकास, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बुनियादी सेवाओं के क्षेत्र में राज्य ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। मानव विकास सूचकांक के अनुसार वर्ष 2006 से 2023 के बीच बिहार का सूचकांक 0.485 से बढ़कर 0.614 हो गया जो लगभग 27 प्रतिशत की वृद्धि है। यह सुधार राष्ट्रीय औसत 23 प्रतिशत से अधिक है। नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार वर्ष 2015-16 से 2019-21 के बीच बिहार में बहुआयामी गरीबी 51.89 प्रतिशत से घटकर 33.76 प्रतिशत रह गई।

# फ्लिपकार्ट पार्सल की अदला-बदली कर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना पुलिस ने फ्लिपकार्ट के सामान की अदला-बदली कर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से कार, कैमरा, लैपटॉप, मोबाइल समेत बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया है। एएसपी अतुलेश झा ने डिहरी नगर थाना में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 13 जून की शाम करीब 8:30 बजे डिहरी और सासाराम की फ्लिपकार्ट टीम तीन संदिग्ध व्यक्तियों को कुछ पार्सलयुक्त सामान के साथ डिहरी नगर थाना लेकर पहुंची। इनमें दो व्यक्ति फ्लिपकार्ट के डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत थे जबकि तीसरा व्यक्ति प्राप्त सामान की डुप्लीकेट



वस्तुएं तैयार करने का काम करता था। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर तीनों ने खुलासा किया कि गिरोह का संचालन समस्तीपुर जिले के रहने वाले सत्यकाम उर्फ किशु और अमर राजा द्वारा किया जा रहा था। दोनों ने उन्हें 40 हजार रुपये प्रतिमाह का लालच देकर इस अवैध धंधे में शामिल किया था। आरोपितों ने बताया कि महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामानों की डिलीवरी के दौरान असली सामान निकालकर उसकी जगह नकली अथवा कम मूल्य की वस्तुएं रख दी जाती थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। तकनीकी शाखा और स्थानीय पुलिस की मदद से वाहन संख्या बीआर 09 एएस 7551 की पहचान की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर गया जिले के आमस थाना क्षेत्र में उक्त वाहन को रोककर उसमें सवार अमर राजा और सत्यकाम चौधरी को हिरासत में लिया गया तथा डिहरी थाना लाया गया। वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने एक सोनी कैमरा, दो लैपटॉप, कई मोबाइल फोन, एप्पल कंपनी के हेडफोन, बॉडी कैमरा, स्मार्ट वॉच, गो-प्रो कैमरा, ईयरबड्स, चार्जर केबल, प्लास्टिक सीलिंग मशीन सहित अन्य सामान बरामद किए। साथ ही दो हार्ड एयर गन भी जब्त की गईं। गिरफ्तार आरोपितों में सत्यकाम उर्फ किशु, अमर राजा, चंदन कुमार, प्रदीप कुमार प्रिंस तथा हर्षल कुमार शामिल हैं। सभी समस्तीपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक कार, सात मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, एक सोनी कैमरा, तीन एप्पल हेडफोन, 15 बॉडी कैमरा, पांच ईयरबड्स, छह स्मार्ट वॉच, तीन गो-प्रो कैमरा, 14 मोबाइल चार्जर एवं डेटा केबल, दो हार्ड एयर गन, प्लास्टिक सीलिंग मशीन और सीलिंग रोल बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह एक संगठित ठगी गिरोह का मामला प्रतीत हो रहा है जो ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से भेजे जाने वाले महंगे सामानों की अदला-बदली कर उपभोक्ताओं और कंपनी को नुकसान पहुंचाता था। मामले में आगे की जांच जारी है तथा गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। मौके पर अपर थानाध्यक्ष संजय विकास त्रिपाठी, राज बल्लव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय : विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित '12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के' मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मोहनियां विधायक संगीता कुमारी, पूर्व विधायक ललन पासवान एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शीला सिंह कुशवाहा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत खाका पत्रकारों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पत्रकारों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए सरकार की नीतियों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी प्रश्नों का बेबाकी से जवाब दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत-2047 का जो सपना देखा है, उसमें बिहार की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि देश और बिहार दोनों समृद्धि एवं विकास के नए दौर में प्रवेश कर चुके हैं और केंद्र तथा राज्य सरकार मिलकर इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्पों को पूरा करने वाली पार्टी रही है। उन्होंने धारा 370 और 35-ए की समाप्ति




तथा अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण को भाजपा की वैचारिक प्रतिबद्धता और प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वादा किया, उसे पूरा कर दिखाया। उन्होंने बिहार में औद्योगिक विकास की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य अब निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है।

सीमेंट, बेवरेज और डेटा सेंटर जैसी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने घोषणा की कि एनडीए सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने तक लगभग 5 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। उद्योगों के लिए स्वीकृति प्रक्रिया को आसान बनाते हुए 30 दिनों की समय सीमा निर्धारित की गई है जिसके बाद आवश्यक अनुमतियां स्वतः प्रदान हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद बिहार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। वर्ष 2004-14 की तुलना में पिछले 12 वर्षों में बिहार को केंद्र सरकार से टैक्स और केंद्रीय सहायता के रूप में चार गुना से अधिक राशि प्राप्त हुई है। राज्य का बजट बढ़कर 3.47 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि विकास कार्यों के लिए लिया गया ऋण पूरी तरह योजनाबद्ध है और उसका नियमित भुगतान भी किया जा रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार देश में सबसे अधिक बिजली सब्सिडी देने वाले राज्यों में शामिल है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अगले दो वर्षों में 50 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार तिवारी, जिला कार्यालय प्रभारी अरुण कुमार पाण्डेय सहित कई अन्य पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डिहरी आरपीएफ इंस्पेक्टर रामविलास राम को भावभीनी विदाई, राजकिशोर कछवाहा ने संभाला पदभार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) डिहरी पोस्ट में निवर्तमान इंस्पेक्टर रामविलास राम के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रेलवे कर्मचारी यूनियन के नेता वीरेंद्र पासवान, सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी एवं आरपीएफ जवान उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने रामविलास राम के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने डिहरी आरपीएफ को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रेलवे कर्मचारी यूनियन के नेता वीरेंद्र पासवान ने कहा कि अधिकारियों का स्थानांतरण नौकरी का एक सामान्य हिस्सा है, लेकिन उनके कार्य हमेशा याद रखे जाते हैं। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद कुंभ मेले के दौरान रामविलास राम के नेतृत्व में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की देशभर में चर्चा हुई और डिहरी आरपीएफ का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हुआ। समारोह के दौरान रामविलास राम को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। वहीं, नए आरपीएफ इंस्पेक्टर राजकिशोर कछवाहा ने पदभार ग्रहण कर अपना योगदान दिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि रेलवे परिसर में अवैध वेंडिंग, चोरी तथा जहरखुरानी जैसी घटनाओं पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा एवं रेलवे संपत्ति की रक्षा को अपनी पहली प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। समारोह का माहौल भावुक होने के साथ-साथ नए नेतृत्व के स्वागत को लेकर उत्साहपूर्ण भी रहा।

## बिहार दस्तावेज नवीस संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** श्रेया प्लेस लालगंज में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में बिहार प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा, महामंत्री मुरारी कुमार सिन्हा, अशोक कुमार यादव, रामकृष्ण सिंह, त्रिवेणी लाल, उपेंद्र कुमार सिंह, प्रांतीय कार्य समिति मृत्युंजय कुमार सहित सभी लोगों ने अपना-अपना मंतव्य दिए। बिहार के कोने-कोने से आए संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयप्रकाश तिवारी मुख्य अतिथि सासाराम सांसद मनोज भारती ने बताए कि आप सभी की मांग मानसून सत्र में रखने का काम करूंगा। आप सभी की मांग जायज है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग कहां जाएंगे। उनका परिवार का खर्चा कौन उठायेगा। आप सभी मित्रों को मैं बताना चाहता हूं कि केवल दस्तावेज लेखन का समस्या नहीं है। लोकसभा में आप सभी का आवाज उठाउंगा। कंप्यूटर पर जितने लोग आपके ऑफिस में बैठे हुए हैं तो क्या आपका बिना चेक किए हुए बिना जांच किए हुए क्या वह एक जगह से दूसरे जगह कागज जा पाएगा। कभी-कभी तो मामला फंसने पर बिना आप सभी के राय से निबंधन पदाधिकारी का कलाम ही रुक जाता है। सदस्य आमोद श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, गोपाल जी, कन्हैया लाल जी, राकेश लाल सहित कई अन्य दस्तावेज नवीस मौजूद रहे।

# नालंदा के 9,800 घरों पर लगेंगे सोलर प्लांट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। ऊर्जा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऊर्जा क्षेत्र की कुल 1,278 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य के 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के महाअभियान का भी शुभारंभ किया गया। नालंदा जिले में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी कुंदन कुमार, अधीक्षण अभियंता मनीष कांत, विद्युत विभाग के पदाधिकारी, जीविका दीदियां और योजना के लाभुक भी उपस्थित रहे। इस दौरान हरनौत प्रखंड के छतियाना में 20 एमवीए क्षमता वाले नए विद्युत शक्ति उपकेंद्र के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। इस परियोजना को दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय होगी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 2.5 लाख घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने की यह देश की सबसे बड़ी पहल है। इससे बिहार की ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा तथा उपभोक्ता अपनी जरूरत की बिजली स्वयं पैदा कर सकेंगे। उन्होंने ऊर्जा विभाग को अतिरिक्त बिजली उत्पादन करने वाले उपभोक्ताओं के लिए उचित वित्तीय प्रतिपूर्ति की व्यवस्था विकसित करने का भी निर्देश दिया। कार्यक्रम के बाद मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि नालंदा जिले में प्रथम चरण में 9,800 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इस योजना को 10 नवंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके पूरा होने पर जिले में लगभग 10 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो जाएंगे। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि इस प्रकार की पहलें भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेंगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नूरसराय प्रखंड के डोहिया गांव की लाभुक रेणु देवी से संवाद किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनके घर की छत पर सरकार द्वारा निःशुल्क सोलर प्लांट लगाया जाएगा। उन्होंने योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। वहीं अन्य लाभुकों प्रीति देवी, रीना देवी और वैजयंती देवी ने भी योजना को गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बेहद लाभकारी बताया। कार्यक्रम के अंत में जीविका दीदियों ने गांव-गांव जाकर लोगों को पीएम सूर्य घर योजना के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।



# ऑपरेशन मुस्कान' के तहत 10 मोबाइल फोन उनके स्वामियों को वापस मिले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नारदीगंज (नवादा)**। ऑपरेशन मुस्कान' के तहत नारदीगंज पुलिस ने खोए हुए 10 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिए हैं रविवार को थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने थाना परिसर में सभी मोबाइल धारकों को उनके फोन लौटाए बरामद किए गए मोबाइल विभिन्न कंपनियों के हैं, जिनकी कुल कीमत 2,07,094 रुपये आंकी गई है मोबाइल पाने वालों में स्थानीय नारदीगंज, चौरमा, कहुआरा, बुच्ची और जनपुरा के अलावा रजौली, गया, मुजफ्फरपुर और झारखंड के धनबाद के निवासी शामिल हैं। अपना खोया हुआ कीमती फोन वापस पाकर सभी मोबाइल धारकों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



# वारिसलीगंज प्रखंड की सौर पंचायत में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा दिनांक 14.06.2026 को 10:00 पूर्वाह्न में वारिसलीगंज प्रखंड के सौर ग्राम पंचायत भवन, जिला नवादा में जागृति स्कीम-2025 के ऊपर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमन जैन तथा पी०एल०वी० अश्वनी कुमार एवं वारिसलीगंज प्रखंड के सौर ग्राम पंचायत के आमजन एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। अपने सम्बोधन में डिफेंस काउंसिल के सदस्य अमन जैन ने कहा कि वर्तमान समय में आमलोगों के बीच कानून की जानकारी उपलब्ध कराए जाने को लेकर शिविर का लगातार आयोजन किया जाता है। कानून की जानकारी नहीं होने पर लोग परेशान होते हैं तथा उनका जमकर भयादोहन किया जाता है। अतः आप तमाम जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि आपलोग अपने-अपने क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद कर उनके शोषण होने से बचाएं। श्री अमन जैन एवं अश्वनी कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवक, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने वर्तमान समय में लोगों को कानून की जानकारी उपलब्ध कराए जाने पर बल दिया। आगे उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं निसहाय व्यक्तियों के उत्थान हेतु जागृति स्कीम बनाई गई है, जिसके तहत उन्हें कानूनी सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई स्कीमें बनाई गई हैं, जिसके बारे में कानूनी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जाती है।



## ताराकोल डैम में मिले अज्ञात युवती के शव की नहीं हो सकी पहचान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। थाना क्षेत्र स्थित ताराकोल डैम में गुरुवार को बरामद हुई एक अज्ञात युवती के शव की पहचान समाचार प्रेषण तक नहीं हो सकी है। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में कौआकोल थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने के लिए उसे सुरक्षित रखा गया है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने के साथ-साथ विभिन्न माध्यमों से शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती की मौत हत्या के कारण हुई है या आत्महत्या की वजह से। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# बोधि ट्री स्कूल और सावित्री सेवा सदन ने लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। सावित्री सेवा सदन एवं बोधिट्री इंटरनेशनल स्कूल नवादा के संयुक्त तत्वावधान में सदर प्रखंड के सिसवां गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सदर विधायक विभा देवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सावित्री शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते हुए विभा देवी ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति समर्पित व्यक्ति ही ऐसे सामाजिक दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर सकता है। उन्होंने आयोजक बोधि ट्री इंटरनेशनल स्कूल एवं सावित्री सेवा सदन के इस संयुक्त प्रयास की सराहना की और गरीब एवं वंचित वर्ग के लिए इसे एक सुनहरा अवसर बताया। इस अवसर पर डॉ सावित्री शर्मा ने स्वंय विधायक विभा देवी का स्वास्थ्य परीक्षण किया। खासकर रक्तचाप, डायबिटीज इत्यादि की जांच कर उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ बताया और आगे भी दीर्घायु , स्वस्थ एवं सक्रिय होने की कामना की। विद्यालय के निदेशक शशांक भूषण एवं कौशलेन्द्र भूषण उर्फ नमूना सर ने बताया कि बोधि ट्री इंटरनेशनल स्कूल समय समय पर अन्य सामाजिक दायित्वों का निर्वहन अपने स्थापना काल से कर रहा है। खासकर स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में हर वर्ष कोई न कोई बड़ा आयोजन किया जाता है जिसमें आम नागरिकों के अलावे जिले भर के गणमान्य एवं बौद्धिक वर्ग के लोग शामिल होते हैं। आज के स्वास्थ्य शिविर के बारे में उन्होंने बताया कि सिसवां स्वंय प्रबुद्ध एवं आदर्श गांव है जहां के लोग गरीबों एवं वंचितों की सेवा के लिए अवसर ढूंढते रहते हैं। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जबकि आसपास के दर्जनों गांव के लोगों ने निःशुल्क चिकित्सा सेवा का लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर में सुविख्यात चिकित्सक डॉ सावित्री शर्मा, जेनरल फिजीशियन डॉ राज किशन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पल्लवी, डेंटिस्ट डॉ संतोष, और आंख रोग विशेषज्ञ डॉ बृजेश ने सैकड़ों मरीजों का मुफ़्त इलाज किया और मुफ्त में दवाइयां भी दी गई। मौके पर जिलापरिषद उपाध्यक्ष निशा चौधरी, पत्रकार अजय कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र यादव, राज कृष्णा ट्रस्ट के क्षेत्रीय पदाधिकारी शंभू विश्वकर्मा, सहायक राकेश सिन्हा, अवधेश कुमार सिंह अधिवक्ता इत्यादि मौजूद थे जबकि सेवा दल में निरंजन सिंह, सन्नी कुमार, मनीष सिंह, चंदन श्रीवास्तव, प्रभात कुमार, नीरज कुमार, अंकित सिंह इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।



# कलश यात्रा के साथ भगवती प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड मुख्यालय से सटे बरियारपुर गांव में कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय भगवती प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गायत्री परिवार के विधि-विधान के अनुसार आयोजित कलश यात्रा बरियारपुर गांव स्थित भगवती स्थान से प्रारंभ होकर बिझो गांव,कौआकोल बाजार, दुर्गामंदिर, ब्लॉक मोड़ होते हुए रानीबाजार स्थित सूर्य मंदिर नदी तट पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने जलभराई की। इसके बाद कलश यात्रा पुनः महारानी स्थान पहुंची। महारानी स्थान पर गायत्री परिवार के प्रमुख सुरेश प्रसाद के नेतृत्व में कलश स्थापना कर विधिवत पूजा-अर्चना शुरू की गई। आयोजनकर्ताओं के अनुसार तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन कलश स्थापना,पूजा-अर्चना तथा संध्या में प्रवचन एवं भक्ति गीत-संगीत का आयोजन किया गया। सोमवार को पुनः पूजन-अर्चन के साथ संध्या में प्रवचन कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं अंतिम दिन विधि-विधान के साथ मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन, पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीण श्रीचंद प्रसाद, जवाहर प्रसाद यादव,नरेश यादव, दिनेश यादव, पूर्व सरपंच हरगौरी सिंह, मसुधन सिंह, जयपाल सिंह यादव, प्रिंस कुमार, देवनन्दन प्रसाद, उमेश यादव,दिनेश, राहुल, महेंद्र यादव सहित पूरे गांव के लोग सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। कलश यात्रा में पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार, सरपंच प्रतिनिधि शैलेश कुमार आर्य, रघुवीर कुमार,सूरज कुमार साव, संजीत मिस्त्री,रंजीत ठाकुर, नीलम देवी,निशा कुमारी समेत हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।



# मजलिसुल उलेमा व उम्माह का 18वां वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, नई टीम निर्वाचित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। शहर के अंसार नगर स्थित सरदार गार्डन मैरिज हॉल में मजलिसुल उलेमा व उम्माह का 18वाँ वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव में उलेमा-ए-किराम, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जनाब मोहम्मद शकील अख्तर को अध्यक्ष, जनाब नौशाद जुबैर मलिक को सचिव तथा जनाब हाजिक साहब को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। चुनावी कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना जहांगीर साहब ने की, जबकि बिहार राब्ता कमिटी से आए जनाब अफजल साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निर्वाची पदाधिकारी मुफ्ती सबाह उद्दीन साहब ने पूरी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। इस अवसर पर मुफ्ती इनायतुल्लाह कासमी, मौलाना सलाह उद्दीन अंसारी, मौलाना अजमल कादरी, जिला औकाफ कमिटी सदस्य शमीम उद्दीन अंसारी, साजिद हुसैन, मास्टर मो. इब्राहिम, समाजसेवी मोहम्मद आफताब सहित बड़ी संख्या में उलेमा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल उपस्थित लोगों से खचाखच भरा रहा। बैठक के दौरान संगठन के उद्देश्यों तथा भावी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मजलिसुल उलेमा व उम्माह का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित, पिछड़े एवं जरूरतमंद वर्गों तक सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक अधिकारों एवं अवसरों का लाभ पहुंचाना है। इसके साथ ही शिक्षा के प्रसार, सामाजिक जागरूकता, आपसी भाईचारे और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए संगठित प्रयासों पर बल दिया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाजहित में कार्य करने, युवाओं को शिक्षा से जोड़ने तथा सामाजिक एकता और जागरूकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए उपस्थित लोगों ने निर्वाचन समिति और संगठन के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन के कार्यों को और अधिक गति मिलने की उम्मीद जताई गई।



# नालंदा की प्रसिद्ध बावन बूटी को मिला जीआई टैग, बुनकरों को मिलेगा वैश्विक पहचान का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक और हस्तशिल्प विरासत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और बिहार सरकार के संयुक्त प्रयास से राज्य के तीन पारंपरिक उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्रदान किया गया है। इनमें नालंदा की प्रसिद्ध बावन बूटी साड़ी एवं फैब्रिक, गया का पथरकट्टी स्टोन क्राफ्ट तथा भोजपुर की पारंपरिक पीढ़िया पेंटिंग शामिल हैं। चेन्नई स्थित जीआई रजिस्ट्री द्वारा दी गई इस मान्यता के बाद इन उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान एवं कानूनी संरक्षण प्राप्त हो गया है। इस उपलब्धि में वाराणसी स्थित ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके तकनीकी मार्गदर्शन में नाबार्ड और स्थानीय उत्पादक समूहों ने आवश्यक दस्तावेजीकरण प्रक्रिया पूरी की। नालंदा की बावन बूटी कला बिहार की प्राचीन बुनकरी परंपरा का अनूठा उदाहरण मानी जाती है। इस कला में हाथकरघे के माध्यम से कपड़े पर अत्यंत बारीकी से 52 प्रकार के पारंपरिक बौद्ध एवं सांस्कृतिक प्रतीकों की आकृतियां बुनी जाती हैं, जिन्हें स्थानीय भाषा में 'बूटी' कहा जाता है। नालंदा जिले का बसवन बिगहा और आसपास का क्षेत्र इस कला का प्रमुख केंद्र है। यहां कई पीढ़ियों से बुनकर परिवार इस पारंपरिक शिल्प को संरक्षित और विकसित करते आ रहे हैं। बावन बूटी साड़ियों और वस्त्रों की पहचान उनकी विशिष्ट डिजाइन, कलात्मकता और सांस्कृतिक महत्व के कारण देश-विदेश में रही है। जीआई टैग मिलने के बाद अब बावन बूटी उत्पादों की नकली नकल पर रोक लगेगी तथा इस कला से जुड़े बुनकरों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य और व्यापक बाजार उपलब्ध हो सकेगा। इससे न केवल स्थानीय कारीगरों की आय बढ़ेगी, बल्कि नालंदा की इस ऐतिहासिक विरासत को वैश्विक पहचान भी मिलेगी।



# सिपाही भर्ती परीक्षा का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा के सफल, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले के कुल 18 परीक्षा केन्द्रों पर उक्त भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, नवादा एवं ज्ञान भारती, नवादा परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वारों एवं प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। जिला पदाधिकारी ने केन्द्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, तलाशी व्यवस्था एवं परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, संबंधित केन्द्राधीक्षक, दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मी उपस्थित थे।



# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने विकास कार्यों को बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास की नई गति प्राप्त की है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक कार्य हुए हैं, जिनका लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि देश को तीव्र विकास के पथ पर अग्रसर करना, करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना, लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालना तथा भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाना प्रधानमंत्री मोदी की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है। प्रेस वार्ता के दौरान पाटलिपुत्र स्टेशन पर छात्रों के प्रदर्शन और हंगामे के मुद्दे पर भी उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष छात्रों को गुमराह कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास जनहित के मुद्दे नहीं बचे हैं, इसलिए वह छात्रों की आड़ में सरकार को बदनाम करने तथा बिहार की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी के बहकावे में न आएं और अपनी समस्याओं एवं मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य, रोजगार सृजन और बिहार के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार छात्रों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उनके समाधान के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डॉ. आशुतोष कुमार, जिला मंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी अमरेश कुमार, रंजू कुमारी, राजू माहुरी, आईटी सेल संयोजक अमित शान, अनुग्रह नारायण, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव, डॉ. रेणु देवी, धीरज पाठक, गोपाल सिंह, राजीव कुमार सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मलमास मेला के अंतिम चरण में हाई अलर्ट, दो सौ से अधिक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। राजगीर मलमास मेला अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। 17 मई से शुरू हुआ आस्था का यह महापर्व 15 जून को संपन्न होगा। मेले के अंतिम चरण में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए नालंदा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ कर दिया है। अंतिम शाही स्नान के बाद उमड़ी भारी भीड़ के मद्देनजर मेला क्षेत्र में तीन हजार से अधिक अतिरिक्त पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों की तैनाती की गई है। पुलिस बल चौबीसों घंटे विभिन्न स्थलों पर मुस्तैद रहकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित कर रहा है। मेला क्षेत्र में चोरी, छिनतई और जेबकतरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सादे लिबास में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। पुलिस के अनुसार मेले की शुरुआत से अब तक चोरी के 11 मामलों का सफल उद्भेदन किया गया है। वहीं छिनतई के दो मामलों में अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा मारपीट और शांति भंग करने के चार मामलों में भी आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। मेला क्षेत्र में शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न प्रवेश द्वारों, होटलों, धर्मशालाओं और अन्य स्थानों पर ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से जांच की जा रही है। पुलिस ने अब तक 186 लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार कर मद्य निषेध कानून के तहत कार्रवाई की है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि मेला क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है। पूरे मेला क्षेत्र में सैकड़ों हाई डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी कंट्रोल रूम से लगातार की जा रही है। साथ ही ड्रोन कैमरों के माध्यम से भीड़ और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मेला थाना प्रभारी जितेंद्र राम के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार सक्रिय है। पुलिस न केवल अपराध नियंत्रण में लगी है, बल्कि खोए हुए बच्चों को परिजनों से मिलाने, बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सहायता करने और जरूरतमंदों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि विभिन्न आपराधिक एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त 200 से अधिक लोगों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को दें। मलमास मेला के समापन को देखते हुए प्रशासन ने विशेष क्राउड मैनेजमेंट योजना तैयार की है। राजगीर आने-जाने वाले प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है तथा पार्किंग व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र अधिष्ठापन कार्य का शुभारंभ




**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर-कमलों द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1,512 करोड़ रुपये की लागत से 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र के अधिष्ठापन कार्य का शुभारंभ किया गया। साथ ही ऊर्जा क्षेत्र की 1,278 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति में किया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, नवादा द्वारा बताया गया कि नवादा जिले में कुल 5,535 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र का अधिष्ठापन किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक, गोविंदपुर विधायक, हिसुआ, उप विकास आयुक्त, गोपनीय शाखा प्रभारी के साथ अन्य पदाधिकारी एवं लाभुक उपस्थित थे।

# 11.428 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाओं के लोकार्पण पर मुख्यमंत्री को डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम योजना) के अंतर्गत बिहार में 11.428 मेगावाट क्षमता की तीन सौर ऊर्जा परियोजनाओं के सफल लोकार्पण पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आमस (गया), अटोला (अरवल) एवं मांझी (सारण) में स्थापित इन सौर ऊर्जा परियोजनाओं से बिहार में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों को सस्ती, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि कुल 57.14 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित ये परियोजनाएं राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और बिहार सरकार भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में हरित ऊर्जा के विस्तार तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। फीडर लेवल सोलराइजेशन योजना किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने के साथ-साथ पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम करने में भी सहायक सिद्ध होगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इन सौर परियोजनाओं के संचालन से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी, कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी तथा राज्य के नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे बिहार सतत विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार ऊर्जा, कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा पीएम-कुसुम योजना के अंतर्गत स्थापित ये परियोजनाएं राज्य को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## वृद्धजनों को सम्मान देना सनातनी परम्परा : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार, उपेक्षा, शोषण और भेदभाव के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यह दिवस मानवाधिकारों को बढ़ावा देने, वृद्धजनों को सम्मान दिलाने और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2011 में बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस दिवस की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 की थीम 'जागरूकता से परे : बुजुर्ग दुर्व्यवहार की रोकथाम को कारगर बनाना' है। यह विषय केवल जागरूकता फैलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वृद्धजनों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने पर भी बल देता है। डॉ. प्रेम कुमार ने समाज से आह्वान किया कि बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता, सम्मान और सहयोग की भावना विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि वृद्धजन हमारे अनुभव, ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत के संवाहक हैं। उनकी गरिमा और अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट, सभा स्थल का अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खिजरसराय।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में जिलाधिकारी गया, वरीय पुलिस अधीक्षक गया, अपर पुलिस अधीक्षक गया सहित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने खिजरसराय थाना क्षेत्र के देवगांव स्थित सभा स्थल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर की गई तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्ग, वीआईपी मूवमेंट, भीड़ नियंत्रण तथा आपातकालीन सेवाओं सहित आमजन की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी तैयारियां निर्धारित समय के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया है। साथ ही कार्यक्रम के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सतर्कता बरतने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर स्थानीय प्रशासन लगातार तैयारियों में जुटा हुआ है और कार्यक्रम स्थल पर हर गतिविधि की निगरानी की जा रही है।

## बकाया वेतन और पेंशन भुगतान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जगजीवन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. डॉ. बीकेपी वर्मा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को आवेदन देकर सभी कॉलेज कर्मियों के बकाया वेतन और पेंशन का भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन माह से पैसे नहीं मिलने के कारण सेवानिवृत कर्मी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। जगजीवन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सह भारत विकास परिषद, मगध प्रांत पूर्वी शाखा के संरक्षक प्रो. डॉ. बीकेपी वर्मा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को आवेदन देकर विश्वविद्यालय के सभी कॉलेज कर्मियों के बकाया वेतन और पेंशन का भुगतान कराने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि पिछले तीन माह से वेतन और पेंशन नहीं मिलने के कारण सेवानिवृत्त कर्मी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## हत्या के प्रयास के आरोपित पिता-पुत्र गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** शनिवार की देर रात टिकारी थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास करने के आरोप में फरार चल रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। पिता- पुत्र की पहचान टिकारी थाना कांड संख्या 140/26 के फरार आरोपी हजारी यादव और हजारी यादव का पुत्र रंजन कुमार के रूप में हुई है। जानकारी हो कि थाना क्षेत्र के बाजितपुर ग्राम निवासी ईश्वरी यादव के द्वारा पिता-पुत्र सहित दस लोगों के विरुद्ध हत्या का प्रयास करने, मारपीट करने, छिनतई करने का आरोप लगा नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने शनिवार की रात कोंच थाना क्षेत्र के बड़गांव ग्राम से दोनों पिता-पुत्र को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। दोनों गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

## बैटरी की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप स्थित गुप्ता फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के समीप रखा बैटरी चोरी की घटना घटित हुई। दुकान के संचालक विजय कुमार गुप्ता ने मामले की शिकायत टिकारी थाना में की। संचालक ने बताया कि रविवार की सुबह उनके बन्द दुकान के समीप ट्रांसपोर्ट सर्विस के माध्यम से बैटरी लाई गई थी। बैटरी दुकान के सामने रख दिया गया था। इसी बीच बंद दुकान का फायदा उठाकर चोर बैटरी लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद जब दुकानदार वहां पहुंचे तो बैटरी गायब मिली। आसपास खोजबीन करने व जानकारी जुटाने के बाद चोरी की आशंका जताई गई। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जानकारी हो कि विगत कुछ दिन पूर्व थाना के समीप संचालित जैन इन्वर्टर बैटरी हाउस से भी इसी अंदाज में दो बैटरी की चोरी की गई थी। चोरी के इस नए ट्रेंड में शामिल चोरों का सुराग ढूंढना पुलिस ने शुरू कर दिया है।

## अहमदाबाद में संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच/गुरारू (गया)।** थाना क्षेत्र के डबूर पंचायत अंतर्गत बरियामा गांव निवासी रंजीत कुमार उर्फ भोली (36 वर्ष), पिता स्व. दीनदयाल प्रजापति की गुजरात के अहमदाबाद में बीते 12 जून की शाम करीब पांच बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव रविवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार रंजीत कुमार भोजपुर जिले के जितेंद्र कुमार के साथ एक निजी ठेकेदार के माध्यम से रेलवे परियोजना में कार्यरत थे। इसी दौरान उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना सहकर्मी जितेंद्र कुमार ने परिजनों को दी। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया एवं पोस्टमार्टम के उपरांत शव को पैतृक गांव लाया गया। मृत्यु के कारणों का अब तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। रंजीत अपने पीछे पत्नी किरण कुमारी तथा दो छोटी पुत्रियों प्रिया और परी को छोड़ गए हैं। परिजनों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व बीमारी के कारण मृतक के छोटे भाई का भी निधन हो गया था। ऐसे में परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य भी अब नहीं रहा। घर में वृद्ध मां, पत्नी और छोटे-छोटे बच्चों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। शव गांव पहुंचने पर जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया जितेंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में घायल कामता सिंह की इलाज के दौरान मौत, जांच में जुटी पुलिस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी(ग्रामीण)।** रौशनगंज थाना क्षेत्र के चंदपुर गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल कामता सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि कामता सिंह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी स्थिति बिगड़ने पर उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अन्नू राजा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि दिलीप कुमार, मुखिया अनवर खान, समाजसेवी रवीन्द्र कुमार तथा वार्ड सदस्य प्रतिनिधि पप्पू कुमार मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना किस वाहन से हुई, इसकी जांच की जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 25 लोगों ने किया रक्तदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर खालसा ब्लड डोनर्स एवं भारत विकास परिषद गया नगर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में कटारी हिल रोड स्थित नरोमा हॉस्पिटल परिसर में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नरोमा हॉस्पिटल के मुख्य संचालक डॉ. संजय कुमार, भारत विकास परिषद गया नगर शाखा के अध्यक्ष डॉ. पी. के. सिन्हा तथा खालसा ब्लड डोनर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक सरदार रौनक सिंह सेठ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर तथा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया है। रक्तदान शिविर की शुरुआत खालसा ब्लड डोनर्स के संस्थापक सरदार रौनक सिंह सेठ, रेलवे कर्मचारी एवं प्रथम बार रक्तदान करने वाली उर्जिता सिन्हा तथा डॉ. संजय कुमार ने रक्तदान कर की है। प्रथम बार रक्तदान करने के उपरांत उर्जिता सिन्हा ने इसे एक गौरवपूर्ण अनुभव बताते हुए कहा कि वे भविष्य में भी नियमित रूप से रक्तदान करेंगी तथा समाज सेवा के इस अभियान से निरंतर जुड़ी रहेंगी। इस अवसर पर उन्होंने खालसा ब्लड डोनर्स की सक्रिय सदस्यता भी ग्रहण की है। इस शिविर में महिला एवं पुरुषों सहित कुल 25 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। रक्तदाताओं में प्रमुख रूप से रौनक सिंह सेठ, उर्जिता सिन्हा, डॉ. संजय कुमार, शुभम श्रीवास्तव, वासुदेव गौड़, शालू गौड़, मयंक राज, मृणाल कुमार, रवि केसरी, रमाशंकर त्रिवेदी, अनिल कुमार लोहानी, टिंकू शर्मा, गोलू कुमार, चंदन कुमार, उपेंद्र गौड़, सिद्धार्थ राणा, अभिषेक दुबे, मृत्युंजय कुमार, कमल कुमार सहित अन्य रक्तदाता शामिल रहे हैं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन प्रदान कर सकता है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर भारत विकास परिषद, खालसा ब्लड डोनर्स एवं नरोमा हॉस्पिटल परिवार ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया है।

## अखिल भारतीय किसान सभा की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया (गयाजी)।** अखिल भारतीय किसान सभा की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक बोधगया में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन क्षीरसागर तथा महासचिव आर. बैकैया, प्रदेश अध्यक्ष सीताराम शर्मा के नेतृत्व में हुई। बैठक में देश भर से आए किसान नेताओं और प्रतिनिधियों ने कृषि एवं किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि किसानों को समय पर खाद, बीज और सिंचाई की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। साथ ही कृषि उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने की मांग की गई। नेताओं ने कहा कि बढ़ती खेती लागत और प्राकृतिक आपदाओं से किसान परेशान हैं, इसलिए केंद्र एवं राज्य सरकारों को किसानों के हित में ठोस कदम उठाने चाहिए। राष्ट्रीय परिषद की बैठक में कृषि संकट, फसल बीमा, किसानों की आय वृद्धि, भूमि अधिकार तथा ग्रामीण रोजगार जैसे मुद्दों पर भी प्रस्ताव पारित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को किसान संगठनों के साथ संवाद बढ़ाना चाहिए और उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक के अंत में किसान हितों की रक्षा तथा कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए देशव्यापी आंदोलन को और व्यापक रूप से चलाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया और किसानों की एकजुटता पर बल दिया।

# पंचायत और शहरी क्षेत्र की तर्ज पर अब प्रखंड स्तर पर आयोजित होगा जन कल्याण शिविर

### मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को दिए प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर लगाने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ग्राम और नगर पंचायत स्तर पर लगने वाले सहयोग शिविर के तर्ज पर ही अब राज्य के सभी 534 प्रखंडों में भी सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दिशा में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी जिला पदाधिकारियों को पत्र लिखा है। इस पत्र में कहा है कि ग्राम और नगर पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले सहयोग शिविर नियमित रूप से जारी रहेंगे। केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम नागरिक तक पहुंचाने के उद्देश्य से 16 जून से 18 जून तक प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने पत्र में कहा है कि शिविर में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, लखपति दीदी, वीबी जी राम जी, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान/छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांग कल्याण योजना, बीओसीडब्ल्यू-निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड एवं मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना आदि को शामिल किया जाएगा। मुख्य सचिव ने पत्र में शिविर में आने वाली जनता की सहूलियत में आवश्यक सभी सुविधाओं को लागू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि प्रत्येक दिन शिविर की समाप्ति पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) उसी दिन शाम सात बजे तक गुगल फार्म के माध्यम से प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। इधर, मुख्य सचिव के पत्र को गंभीरता से लेते हुए सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेन्दर ने भी जिला पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। 13 जून को जारी इस पत्र में कहा गया है कि 16 जून को पंचायत स्तर पर लगने वाले सहयोग शिविर के साथ-साथ प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रासंगिक पत्र में निर्देशित व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन भी समानांतर रूप से होगा। बता दें कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए पिछले महीने से सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महीने के प्रथम और तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले शिविर का ग्राम पंचायत स्तर पर पहला आयोजन 19 मई को किया गया था।

## 17 को गांधी हाई स्कूल मैदान में होगा प्रशासन बनाम पब्लिक सद्भावना क्रिकेट मैच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** खेल भावना, सामाजिक एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 17 जून 2026 को गांधी हाई स्कूल मैदान, कोंच में प्रशासन एवं पब्लिक टीम के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। मैच शाम 5 बजे से शुरू होगा। आयोजकों ने बताया कि इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले का उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, एकता और भाईचारे का संदेश देना है। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। मैच के दौरान रोमांचक मुकाबले के साथ शानदार क्रिकेट माहौल देखने को मिलेगा। कार्यक्रम के प्रायोजक शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.डी. शर्मा (बच्चों का अस्पताल, गया) हैं। आयोजकों ने खेल प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## गरीबी देख भावुक हुए अभिनेता गगन मलिक, बोले- भूखे पेट धर्म नहीं, पहले रोटी, पानी और शिक्षा जरूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच/गुरारू (गया)।** टीवी धारावाहिकों में भगवान राम तथा बौद्ध धर्म पर आधारित प्रस्तुतियों में तथागत गौतम बुद्ध की भूमिका निभाकर पहचान बनाने वाले अभिनेता, बौद्ध धर्म प्रचारक एवं समाजसेवी गगन मलिक ने गुरारू प्रखंड और कोंच थाना क्षेत्र के रौना पंचायत अंतर्गत ग्रामीण इलाकों कामेश्वर नगर एवं पलांकि सखी गांव की बदहाल स्थिति देखकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब लोगों के पास खाने के लिए रोटी, पीने के लिए स्वच्छ पानी और बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था नहीं है, तब केवल धर्म की बातें करने से समाज का वास्तविक कल्याण नहीं हो सकता। ग्रामीणों एवं पत्रकारों से बातचीत के दौरान गगन मलिक ने कहा कि वे समाजसेवी बली कुमार पासवान के साथ क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि हम 21वीं सदी में जी रहे हैं, लेकिन यहां की परिस्थितियां देखकर ऐसा महसूस हो रहा है जैसे सौ वर्ष पीछे चले गए हों। कई हैंडपंप खराब पड़े हैं, लोग पानी के लिए परेशान हैं और छोटे-छोटे बच्चों को दूर-दूर तक पानी लाने जाना पड़ रहा है। शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को देखकर उनका मन व्यथित हो गया। इसलिए उनकी पहली प्राथमिकता ग्रामीणों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करना है। इसके तहत खराब पड़े हैंडपंपों को ठीक कराने तथा नए हैंडपंप लगाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। दूसरी प्राथमिकता बच्चों की शिक्षा है जिसके लिए एक छोटे स्कूल की स्थापना की योजना बनाई जा रही है ताकि गांव के बच्चे बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकें। गगन मलिक ने कहा कि विकास की शुरुआत बुनियादी जरूरतों की पूर्ति से होती है। जब गांवों में पानी, शिक्षा और रोजगार जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, तभी समाज वास्तविक अर्थों में आगे बढ़ सकेगा।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर एसएसबी अधिकारियों व जवानों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। कार्यक्रम का आयोजन असीम उपाध्याय, द्वितीय कमान अधिकारी (कार्यवाहक कमांडेंट), 29वीं वाहिनी एसएसबी, गया के मार्गदर्शन में अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया तथा वाहिनी की चिकित्सा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। रक्तदान शिविर में क्षेत्रक मुख्यालय गया एवं 29वीं वाहिनी के अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने रक्तदान को मानवता की सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रहित से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है और समाज में परोपकार, सहयोग तथा संवेदनशीलता की भावना मजबूत होती है। शिविर के दौरान रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। उपस्थित कार्मिकों ने लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की और इसे महादान बताया। कार्यक्रम में अंजय रजक, द्वितीय कमान अधिकारी, दिनेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी (वि.प्र.), क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी गया, अबनीश यादव, उप कमांडेंट, रवि भूषण, उप कमांडेंट, 29वीं वाहिनी एसएसबी गया तथा डॉ. कन्नन हरिदास, उप कमांडेंट (चिकित्सा) सहित क्षेत्रक मुख्यालय एवं 29वीं वाहिनी के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और बलकर्मी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा इसमें बड़ी संख्या में बलकर्मियों ने भाग लेकर समाज सेवा का संदेश दिया।

**शपथ पत्र**

मैं रेनु देवी उर्फ रीना देवी उम्र करीब 41 वर्ष पति सुनील तिवारी उर्फ सुनील द्विवेदी निवासी ग्राम-पौथू पो.-जम्होर थाना-जम्होर जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरे निर्गत आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, में मेरा नाम रेनु देवी पति सुनील तिवारी दर्ज है जिसका आधार नं.-5379 8801 7395 है।
मेरे निर्गत एल. आई. सी. के पॉलिसी नं.-517224229 में मेरा नाम रीना देवी पति सुनील द्विवेदी दर्ज है एवं मेरे स्कूल के स्थानान्तरण प्रमाण पत्र में मेरा नाम रीना देवी दर्ज है। इन्हीं कागजात से मेरा एल. आई. सी. का पॉलिसी खुला था। मेरे पति सुनील तिवारी उर्फ सुनील द्विवेदी दोनों नाम मेरा पति का ही है मेरे पति इन्हीं दोनों नामों से जाने वो पहचाने जाते हैं। रेनु देवी उर्फ रीना देवी दोनों नाम मेरा ही है जो इन्हीं दोनों नामों से जानी वो पहचानी जाती हूं।
मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 14115 दिनां 06.06.26

शपथकर्ता
रेनु देवी उर्फ रीना देवी

संपादकीय

# अब राममंदिर चढ़ावे में घपला!

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में आने वाले चढ़ावे के हिसाब में गड़बड़ी की खबरें न केवल चिंताजनक हैं बल्कि समूचे हिंदू समाज को शर्मसार करने वाली भी है, क्योंकि सवाल तो यह उठ रहा है कि हम भगवान के काम में भी बेईमानी करने से बाज नहीं आते। आरोप है कि राम मंदिर में आने वाले चढ़ावे के हिसाब में हेराफेरी की जा रही है। दबी जुबान में यह बातें तो पहले से हवा में तैर रही थीं लेकिन सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर इसे डालकर देशव्यापी चर्चा और चिंता का मुददा बना दिया। उन्होंने पूछा था कि सनातन की आस्था से खिलवाड़ करने वाले ये लोग कौन हैं? अखिलेश ने चढ़ावे की गणना के सीसीटीवी फुटेज जारी करने की भी मांग की। भले ही केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस सवाल को यह कहकर टालने की कोशिश की यह नॉन सीरियस बात है, लेकिन गड़बड़ी के आरोप अब संत समाज और खुद भाजपा के नेता लगा रहे हैं। दरअसल, सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय ने रविवार को दावा किया था कि राम मंदिर से 5 से साढ़े 7 करोड़ रुपए तक की चोरी की गई है। अखिलेश ने भी कहा था कि मामले पर सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। कोर्ट को मामले का संज्ञान लेना चाहिए। इसी संदर्भ में भाजपा के सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह का यह बयान महत्वपूर्ण है कि इस घपले में बड़े-बड़े लोग शामिल हैं। मैं अभी उनका नाम नहीं ले सकता। समय आने पर बताऊंगा। हालांकि राम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने मामले को यह कहकर दबाने की कोशिश की कि कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का समय-समय पर आंतरिक ऑडिट होता है। इसमें ट्रस्ट और एसबीआई बैंक के प्रतिनिधि शामिल रहते हैं। अभी तक ऐसी कोई भी बात सामने नहीं आई है। वैसे चंपतराय पर श्रीराम मंदिर के लिए भूमि अधिग्रहण के मामले में भी फर्जीवाड़ा करने के आरोप लगे थे। लेकिन उन पर कोई कार्रवाई न करते हुए उनका बचाव ही किया गया था। अब यह नया मामला सामने आ गया है। अयोध्या में भव्य राममंदिर बना है, इसमें कोई शक नहीं, लेकिन इसकी व्यवस्थाओं और हिसाब किताब की प्रामाणिकता को लेकर सवाल पहले भी उठते रहे हैं। ताजा आरोप यह है कि मंदिर में आने वाले चढ़ावे में से 7 करोड़ रू. की चोरी की गई है। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने मंगलवार को ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक की थी। राम मंदिर परिसर के एक बंद कमरे में करीब 4 घंटे तक बैठक चली। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में चढ़ावे की राशि, उसके उपयोग और लेखा-जोखा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जाहिर है कि यह बैठक चढ़ावा चोरी के संदर्भ में ही हुई होगी। उधर प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी आरोपों को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को श्रीराम मंदिर ट्रस्ट से रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट के बाद कार्रवाई होने की संभावना है। पिछले दिनो राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक में बताया गया था कि चढ़ावे के रूप में अब तक ट्रस्ट को कुल 4,575 करोड़ रुपए मिले हैं। इनमें से मंदिर निर्माण कार्य पर 2,475 करोड़ रुपए खर्च किए गए। तब ट्रस्ट के पास लगभग 2100 करोड़ रुपए बचे थे। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में राम मंदिर में रोजाना औसतन 1 करोड़ रू. से ज्यादा का दान आता है। श्रीराम जन्मभूमि के अध्यक्ष महंत कमल नयन दास ने भी कहा कि यदि कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच अवश्य होनी चाहिए। राम मंदिर के हिसाब किताब में पूर्ण पारदर्शिता जरूरी है। क्योंकि यह करोड़ों की आस्था का प्रश्न है।

# भारत का सांस्कृतिक पुनरोद्धार काल



**गजेन्द्र सिंह शेखावत**

भारत आज विकास के विभिन्न आयामों में तेज गति से प्रगति कर रहा है। अर्थव्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा, ऊर्जा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, राष्ट्रीय सुरक्षा, विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भौतिक प्रगति के इन आयामों में आगे बढ़ते हुए यह भी आवश्यक है कि हम अपनी प्राचीन संस्कृति, इतिहास, धरोहर और विरासत को विस्मृत ना करें। भारत विश्व की प्राचीनतम जीवंत संस्कृतियों में से एक है, शताब्दियों तक विदेशी आक्रांताओं के साथ चले संघर्ष में देश में राजनीतिक सत्ता में परिवर्तन आता रहा, लेकिन भारत अपनी संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक सफलतापूर्वक स्थानांतरित करता रहा। इन वर्षों में हुई राजनीतिक उथल पुथल में हमारे अनेक उपासना स्थल, ग्रंथ, पुस्तकालय, विश्वविद्यालयों का विध्वंस किया गया, लेकिन हमारी संस्कृति और परंपराएं फिर भी जीवित रहीं। सांस्कृतिक भारत पर दूसरी चोट हमारी शिक्षा पद्धति को बदलने से हुई, जिसके द्वारा हमारे अंतर्मन में अपनी संस्कृति के प्रति हीन भावना उत्पन्न करने के प्रयास हुए।

वर्ष 2014 से भारत ने आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के साथ साथ सांस्कृतिक रूप से भी एक बड़ी करवट ली, जिसे हम संस्कृति के पुनरोद्धार के आरंभ का वर्ष भी कह सकते हैं। सांस्कृतिक भारत आज अपने गौरवशाली अतीत को पुनः स्मरण करते हुए उसके वैभव, उसकी भव्यता को ना सिर्फ पुनर्स्थापित कर रहा है, बल्कि सामाजिक जीवन में भी वह संस्कृति पुनः स्थापित हो रही है। आज हमारे उत्सव, प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारक, खान-पान, वस्त्र, कला, नृत्य, संगीत, शास्त्र, शिल्प वैश्विक आकर्षण के केंद्र बन रहे हैं।

**भारतीय संस्कृति की बढ़ती स्वीकार्यताः** पिछले 12 वर्षों में विश्व में भारतीय संस्कृति की स्वीकार्यता बढ़ी है। आज पूरा विश्व 21 जून को योग दिवस मना रहा है। ये सिर्फ एक शारीरिक व्यायाम नहीं, अपितु यह प्राचीन भारतीय दर्शन हैस जिसे विश्व ने मान्यता दी। मानव जीवन में उसकी उपयोगिता को देखते हुए उसे अपनाया। आज विश्व के अनेक देशों से हमारी धरोहरें वापस देश में लौटीं हैं, जिनकी संख्या भी एक रोचक तथ्य है। वर्ष 2013 से पूर्व मात्र 13 धरोहरों को विदेशों से भारत लाया गया था, जबकि पिछले 12 वर्षों में 640 से अधिक धरोहरें विदेशों से भारत लौटी हैं। ये दर्शाता है कि संस्कृति में सिर्फ परंपराएं ही नहीं, अपितु संस्कृति के प्रतीक चिह्नों को वापस लाने के प्रति भी हमने गंभीरता दिखाई है। ये प्रतीक चिह्न हमारे लिए गौरव का विषय हैं, जो हमारे पूर्वजों की कला, शिल्प और विभिन्न विषयों के ज्ञान की निशानियां हैं, जिनसे हमें प्रेरणा मिलती है।

दुर्गा पूजा और दीपावली जैसे हमारे सामाजिक उत्सवों को यूनेस्को ने विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। यह मान्यता मात्र उत्सवों को ही नहीं, अपितु इनके पीछे छुपे उन संदेशों को भी मिली है, जो बताती है कि असत्य पर सदैव सत्य की विजय होती है, बुराई हमेशा अच्छाई से पराजित होती है। हमारे प्राचीन इतिहास को भी आज यूनेस्को ने स्वीकारा है। उसका प्रमाण है कि भारत 44 विश्व धरोहर स्थलों के साथ ही विश्व में छटे और एशिया में दूसरे स्थान पर है। यह धरोहरें हमारी विरासत की प्रतीक हैं, जिन्हें देखकर भारतीयों को अपनी संस्कृति और इतिहास का परिचय मिलता है और उस पर गर्व होता है।

**भूले और बिखरे ज्ञान का पुनर्संकलनः** भारत एक लंबे समय तक विदेशी आक्रांताओं के साथ संघर्षरत रहा है। ज्ञान और संस्कृति का सम्मान ना करने वाले इन विदेशी आक्रमणकारियों ने देश के ज्ञान की अमूल्य विरासत रहे हमारे विश्वविद्यालय, गुरुकुल और पांडुलिपियों में लिखित ज्ञान को नष्ट करने के प्रयास किए। एक लंबे कालखंड में हमारी ज्ञान परंपरा की अमूल्य निधि पांडुलिपियां विभिन्न मठों, मंदिरों, संस्थानों और घरों में संरक्षित की गईं, जिन्हें समय के साथ भुला दिया गया। ये दुःख का विषय है कि स्वतंत्रता के बाद भी इन्हें संकलित कर प्राचीन ज्ञान को पुनः प्राप्त करने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

आज संपूर्ण देश में ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत इन पांडुलिपियों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि समस्त भारत से अब तक 88 लाख से अधिक पांडुलिपियां प्राप्त हो चुकी हैं। इस ज्ञान को संकलित करने के साथ ही इन्हें आधुनिकतम तकनीक के साथ डिजिटाइज किया जा रहा है। इनमें लिखित ज्ञान को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सहित विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। आने वाले समय में यह संकलन हमारी भावी पीढ़ियों को अध्यात्म, विज्ञान, कला, शिल्प जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्राचीन ज्ञान और उसकी उत्कृष्टता से परिचित कराएगा और उस पर गर्व करने को प्रेरित करेगा।

**संस्कृति के प्रतीक चिह्नों का पुनरोत्थानः** भारत के मंदिर, किले, मेले, ऐतिहासिक धरोहर स्थल हमारी गौरवशाली संस्कृति और इतिहास के प्रतीक चिह्न हैं। यह दुःख का विषय है कि स्वतंत्रता के बाद से भारत के इन सांस्कृतिक स्थलों की उपेक्षा की गई। कुछ ही स्मारकों का वैश्विक स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया। यह मंदिर भारत की विविधता भरी संस्कृति को एक सूत्र में जोड़ कर रखते हैं। देश के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल वर्षों से उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार रहे। पिछले 12 वर्षों में इन स्थलों का कायाकल्प किया गया है। आज भारत में देश की प्राचीन संस्कृति के वाहक रहे काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक कॉरिडोर, केदारनाथ, सोमनाथ सहित विभिन्न मंदिरों और तीर्थनगरियों का व्यापक विकास किया गया है, श्रद्धालुओं के लिए वहां सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति जागरुकता भी आई। आज इन स्थानों पर आने वाले युवाओं की बढ़ती संख्या भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान का प्रतीक है। इन स्थानों के विकास और यहां की यात्राओं से युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व का एहसास बढ़ा है।

**विरासत भी, विकास भीः** आज हमारी संस्कृति के प्रतीक चिह्न हमारे धार्मिक स्थल, मंदिर, धार्मिक मेले स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं। आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ने से स्थानीय इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के साथ ही इन नगरों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे लोगों की जीवनशैली में व्यापक सुधार हुआ है। आज ऋषिकेश, अयोध्या, प्रयागराज, काशी सहित भारत के विभिन्न आध्यात्मिक नगरों में विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में भारतीय संस्कृति को जानने और समझने के लिए आ रहे हैं। भारतीय संस्कृति की व्यापकता से अभिभूत हो रहे हैं। इससे ना सिर्फ भारत की संस्कृति को प्रचार प्रसार मिल रहा है बल्कि अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंच रहा है।

**जड़ों से जुड़ता भारतः** आज भारत अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व करते हुए आधुनिक विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। आज भारत भूली बिसरा दी गई अपनी संस्कृति के पुनर्जागरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। अनेक शताब्दियों तक संघर्ष में उलझा रहा भारत एक नई करवट के साथ आज अपनी पुरानी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को पुनर्स्थापित कर रहा है। भारत आज विश्व को बता रहा है कि कैसे प्राचीन परंपरा और संस्कृति के साथ आधुनिकता को अपनाया जा सकता है, आने वाला समय नए भारत का है। भविष्य में भारत का विचार, भारत का दर्शन, भारत की संस्कृति विश्व को नई दिशा देने जा रही है।

**(लेखक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार है)**

## अध्यात्म

### जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था।

जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी?

मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था।

धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर?

मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं।

गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले।

धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात?

भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं। यह मजदूर तुम्हारे खेतों में काम करके खुश रहता था और सच्चे मन से भगवान की आराधना करता था। जबकि तुम आराधना ज्यादा धन पाने के लिए करते थे। तुम मजदूरों से ज्यादा काम लेकर कम मजदूरी देते थे। तुम्हारे इन्हीं कामों के कारण तुम्हें मजदूर का नौकर बनाया गया है ताकि तुम भी एक नौकर के दुख-दर्द को समझ सको।

# जिस बगावत से बनी टीएमसी वही उसे तोड़ेगी?

**राज कुमार सिन्हा**

पश्चिम बंगाल की राजनीति हमेशा से तेज राजनीतिक संघर्ष और नाटकीय घटनाक्रमों के लिए जानी जाती रही है। 1998 में ममता बनर्जी ने खुद कांग्रेस से बगावत कर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) बनाई थी। ठीक वैसे ही आज टीएमसी में विभाजन हो रहा है और विद्रोही गुट खुद को 'असली टीएमसी' बता रहा है। टीएमसी अपने 28 साल के इतिहास के सबसे बड़े आंतरिक संकट से जूझ रही है। विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी के 58 विधायकों ने बगावत कर दी है। बागी गुट ने ममता बनर्जी के बजाय ऋतब्रत बनर्जी को विधायक दल का नया नेता चुन लिया है और पार्टी में टूट का दौर जारी है। संकट उस समय और गहरा गया जब ममता बनर्जी दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने आई थी और उसी दौरान टीएमसी के कई असंतुष्ट सांसद बीजेपी नेता भूपेंद्र यादव के आवास पर बैठक करते नजर आए। संकट अब संसद तक पहुंच चुका है। राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। खबर आई कि कम से कम 20 असंतुष्ट सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर एनडीए में शामिल होने की इच्छा जताई है। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय सामने नहीं आया है लेकिन इस घटनाक्रम ने पार्टी नेतृत्व की चिंता कई गुना बढ़ा दी है। टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी अपनी पार्टी को बिखरने से बचाने के लिए बागी विधायकों व सांसदों से व्यक्तिगत संपर्क साध रही हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। पार्टी को टूटने से बचाने के लिए ममता ने संगठन में व्यापक बदलाव करते हुए अभिषेक बनर्जी के प्रभाव को सीमित किया है और पुराने, भरोसेमंद नेताओं को वापस कमान सौंपी है।

तृणमूल कांग्रेस में पिछले कुछ वर्षों के दौरान अभिषेक बनर्जी का राजनीतिक प्रभाव लगातार बढ़ा है। पार्टी के भीतर कई फैसलों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती रही है।

पार्टी के भीतर लंबे समय से दो अलग-अलग धाराओं की चर्चा होती रही है। एक ओर वे नेता हैं जो पार्टी के शुरुआती संघर्ष के दिनों से जुड़े रहे हैं, जबकि दूसरी ओर नई पीढ़ी के नेता हैं जो हाल के वर्षों में प्रभावशाली बने हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इन दोनों समूहों के बीच बढ़ती दूरी ने संगठनात्मक संकट को और गहरा किया है।

# निश्चिंत राकांपा को लेकर शिवसेना की चिंता

**शिवसेना, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को एक करने का प्रयास किया और विफल साबित हुए. हाल के दिनों में शिवसेना शिंदे गुट के नेताओं को वापसी का प्रस्ताव देकर खाली हाथ बैठना पड़ा. फिलहाल मुश्किल यह बन पड़ी है कि शिवसेना ठाकरे गुट के सात सांसद पाला बदलने की चर्चाओं में हैं. इस स्थिति में नेक नीयत आश्चर्यजनक ही है. बीते स्थानीय निकायों के चुनावों से लेकर विधान परिषद चुनावों तक शिवसेना को झटके ही झटके लग रहे हैं. दूसरी ओर दोनों राकांपा निश्चिंत होकर संगठनात्मक क्षमताओं को विस्तार देते हुए स्थापना दिवस मना रही हैं. वर्तमान परिदृश्य में आवश्यक यही है कि दलीय बेचैनी को अपने-अपने स्तर पर निपटा लिया जाए. दूसरों के लिए सुझाव और सलाह से परे आत्मचिंतन को भी कोई जगह मिले. ख्वाबों को देखने से पहले हकीकत से पहचान बढ़े.**

**अमिताभ श्रीवास्तव**

अभी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दोनों गुटों की वर्षगांठ के दौरान एकजुटता का प्रदर्शन आंखों से ओझल नहीं हुआ था कि शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के सांसद और प्रवक्ता संजय राऊत ने राकांपा (शरद पवार गुट) को कांग्रेस में विलय का सुझाव दे दिया है. इसके साथ पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के विघटन को देख उन्होंने कांग्रेस से अलग हुए सभी दलों के समक्ष वापसी का विचार रख दिया.

हालांकि उस पर सबसे पहले प्रतिक्रिया देते हुए राकांपा (शरद पवार गुट) की नेता सुप्रिया सुले ने पहले तो संजय राऊत को अपने बड़े भाई की तरह बताया. फिर मजबूत लोकतंत्र में हर किसी को अपनी बात कहने का अधिकार बताकर सुझाव को अच्छा बता दिया. किंतु किसी किस्म की सहमति या फिर सोच व्यक्त नहीं की.

इसी प्रकार उनकी पार्टी के विधायक रोहित पवार के अनुसार तृणमूल कांग्रेस और राकांपा प्रमुख विलय के प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं. मगर उसकी संभावना या प्रयास का विचार शीर्ष नेताओं पर छोड़ दिया गया है. यदि अतीत में देखा जाए तो ममता बनर्जी ने एक जनवरी 1998 को तृणमूल कांग्रेस बनाई थी, जबकि शरद पवार ने 10 जून 1999 को कांग्रेस से अलग होकर राकांपा का गठन किया था.

दोनों का सीधा विरोध या नाराजगी पार्टी आलाकमान से थी. दूसरी ओर दोनों ही दलों ने पिछले 27-28 सालों में जितना सत्ता सुख भोगा, शायद उतना उन्हें कांग्रेस में रहते हुए मिलना असंभव था. यही नहीं, दोनों ही पार्टियों ने नए नेताओं की एक नई फौज खड़ी की, जिसे तब तैयार करना आसान नहीं होता. इसलिए संकट की घड़ी में दोनों की मजबूरी को कमजोरी मानना सहज नहीं होगा.

28 साल पहले जब तृणमूल कांग्रेस का गठन हुआ था, तब ममता बनर्जी का उद्देश्य पश्चिम बंगाल में तत्कालीन वामपंथी सरकार के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना था. जिसके लिए कांग्रेस उन्हें पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान नहीं कर रही थी. बाद में आलाकमान से नाराजगी दिखाकर उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर जमीनी स्तर से तृणमूल कांग्रेस की नींव रखी.

डटकर मुकाबला कर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेंका. यही नहीं, लगातार तीन बार बड़े बहुमत के साथ सरकार बनाई. मोदी युग में भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से दो-दो हाथ कर अपनी जड़ें हिलने नहीं दीं. आरंभ में संयम से काम लेते हुए वर्ष 1998 से 2011 तक सत्ता पाने का इंतजार किया. कभी केंद्र में भाजपा और कांग्रेस का साथ दिया.

राज्य में कांग्रेस के साथ विधानसभा चुनाव लड़कर अपनी स्थिति सुदृढ़ की. फिर एकछत्र राज स्थापित किया. दूसरी ओर 10 जून 1999 को स्थापना के बाद राकांपा ने कभी अकेले राज करने की कोशिश नहीं की. पार्टी नेता शरद पवार ने पीए संगमा और तारिक अनवर के साथ मिलकर सोनिया गांधी के विदेशी मूल का होने का मुद्दा उठाकर कांग्रेस छोड़ी थी,



मगर महाराष्ट्र या केंद्र में सत्ता का अवसर आने पर तालमेल में उन्होंने कोई संकोच नहीं दिखाया. राकांपा का विस्तार अपने स्थान पर हुआ, किंतु केंद्र में कुछ पदों के अलावा राज्य में उपमुख्यमंत्री पद से अधिक कुछ नहीं मिला. विधानसभा या लोकसभा की सीटों में भी उसने कभी कांग्रेस से बड़ी बढ़त नहीं हासिल की. राकांपा के समक्ष पहली समस्या राज्य में देवेंद्र फडणवीस सरकार के आने के बाद उत्पन्न हुई,

जिसमें पहली बार पांच साल विपक्ष में बैठना पड़ा. उसके बाद पार्टी में टूट के आसार बने, लेकिन वे अधिक दिन नहीं टिके. फिर कांग्रेस और शिवसेना के साथ गठबंधन सरकार बनी, जिसमें भी उसे सत्ता सुख मिला. लगभग ढाई साल बाद सरकार का पतन हुआ. शिवसेना दो भागों में विभाजित हो गई. कुछ दिन में राकांपा में भी फूट पड़ी तथा एक गुट नई सरकार में शामिल हो गया.

उसे करीब 23 साल बाद टूट का सामना करना पड़ा. जिसकी नींव में नए नेतृत्व को लेकर हलचल थी. जिसे बार-बार दबाया जा रहा था. दूसरी ओर पार्टी के विघटन का समूचा घटनाक्रम कांग्रेस में विलय या पश्चाताप के लिए कोई संकेत नहीं दे रहा था. इसलिए तृणमूल कांग्रेस के पतन को आधार बनाकर राकांपा के विलय का सुझाव अनपेक्षित-सा ही है.

वह भी उस दौर में जब कांग्रेस की अपनी क्षमताएं ही सवालों के घेरे में हैं. दूसरी ओर भाजपा का आकर्षण भी सत्ता सुख की नजदीकी से कुछ अधिक नहीं है. कांग्रेस में तृणमूल कांग्रेस के विलय की चर्चाएं उस समय से गर्म हुई हैं, जब से इंडिया गठबंधन की बैठक में सोनिया गांधी और ममता बनर्जी को साथ-साथ देखा गया. दोनों के बीच कुछ बातचीत भी हुई.

इससे पहले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव तक दोनों के बीच फासला बहुत अधिक था. परंतु एक बैठक एकीकरण का कार्य करने में सक्षम साबित नहीं हो सकती है. कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई की अपनी अलग भूमिका होगी. इस स्थिति में संजय राऊत सुझाव देकर सुर्खियां पा सकते हैं, लेकिन एकीकरण की टेढ़ी खीर को आसान नहीं बना सकते हैं.

उन्होंने लंबे समय से शिवसेना, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को एक करने का प्रयास किया और विफल साबित हुए. हाल के दिनों में शिवसेना शिंदे गुट के नेताओं को वापसी का प्रस्ताव देकर खाली हाथ बैठना पड़ा. फिलहाल मुश्किल यह बन पड़ी है कि शिवसेना ठाकरे गुट के सात सांसद पाला बदलने की चर्चाओं में हैं. इस स्थिति में नेक नीयत आश्चर्यजनक ही है.

बीते स्थानीय निकायों के चुनावों से लेकर विधान परिषद चुनावों तक शिवसेना को झटके ही झटके लग रहे हैं. दूसरी ओर दोनों राकांपा निश्चिंत होकर संगठनात्मक क्षमताओं को विस्तार देते हुए स्थापना दिवस मना रही हैं. वर्तमान परिदृश्य में आवश्यक यही है कि दलीय बेचैनी को अपने-अपने स्तर पर निपटा लिया जाए. दूसरों के लिए सुझाव और सलाह से परे आत्मचिंतन को भी कोई जगह मिले. ख्वाबों को देखने से पहले हकीकत से पहचान बढ़े.

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
काम का बोझ दूर होगा। सभी काम धीमी गति से पूर्ण होंगे। अपने उद्देश्यों को लेकर सतर्क रहें। समाज में सक्रिय लोगों को सम्मानित किया जा सकता है।

**वृषभ**
आत्मसम्मान को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। पति-पत्नी के बीच झगड़े होने की सम्भावना बन रही है। पुरानी कड़वी यादें अचानक आपके सामने आ सकती हैं।

**मिथुन**
आज दिन की शुरुआत आपके लिये बहुत अच्छी रहेगी। जीवनसाथी की सलाह आपके काम आयेगी। बच्चों के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

**कर्क**
प्रत्येक कार्य अत्यन्त समझदारी से करेंगे। लोग आपसे इस समय अधिक अपेक्षा रख रहे हैं। इसीलिये आप उनकी सहायता करेंगे।

**सिंह**
नौकरीपेशा लोगों का मन काम में नहीं लगेगा। व्यर्थ की बातों पर अधिक ध्यान न दें। सिरदर्द और माइग्रेन के रोगियों को धूप और धूल से बचना चाहिये।

**कन्या**
परिवार में सामंजस्य में कमी महसूस होगी। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे। ऐसे लोगों से दूरी बनाकर रखें जो चापलूस प्रकृति के हों।

**तुला**
व्यवसाय में विस्तार करने के लिये समय बहुत ही शुभ है। प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। धार्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**वृश्चिक**
अपने काम को लेकर दूसरों से अधिक राय न लें। परिजनों के साथ आप शॉपिंग के लिये जा सकते हैं। अधिकारी आपके प्रति नकारात्मक हो सकते हैं।

**धनु**
आप अपना काम काफी अच्छी तरह से पूरा करेंगे। गूढ़ विद्याओं के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति बहुत ही उन्नत रहेगी। किसी बड़ी कम्पनी से नौकरी मिल सकती है।

**मकर**
आज धन के लेन-देन में सावधानी रखें। वैवाहिक जीवन अत्यन्त तनावयुक्त हो सकता है। आज आपका मन घर में नहीं लगेगा। अड़ियल रवैये के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।

**कुंभ**
आपके सद्गुणों की कार्यक्षेत्र और परिवार दोनों ही जगह प्रशंसा होगी। सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। शुभ समाचार मिलने से बहुत प्रसन्न रहेंगे।

**मीन**
घर के काम में व्यस्त रहेंगे। झूठ बोलने से आपकी विश्वसनीयता खतरे में पड़ सकती है। शेयर मार्केट में बड़ा निवेश न करें, अन्यथा हानि की सम्भावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### लूटपाट गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ पुलिस ने मोकामा बख्तियारपुर फोरलेन पर लूटपाट करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है ।उनके पास लूटा हुआ सामान और 15 मोबाइल बरामद किया गया है। शुक्रवार की देर रात्रि मलाही गांव सहित कई जगहों पर लगातार छापेमारी कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही एक अपराधी छत के ऊपर से कूद कर भागने में सफल रहा। पकड़े गए बदमाशों मे सनी कुमार काली स्थान मलाही, राजीव कुमार बुढाउद्दीनचक और जितेंद्र कुमार कमरापर अथमल गोला थाना के रूप में पहचान हुई है ।तीनों के पास से 15 विभिन्न कंपनी के मोबाइल भी पुलिस ने बरामद की है। पुलिस मैं इस मामले में दो और लोगों को पकड़ा है जिनसे पूछताछ की जा रही है पुलिस ने बताया कि इस गिरोह के द्वारा मोकामा से बख्तियारपुर के 50 किलोमीटर के रेंज में लगातार लूटपाट की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। बाइक सवार को ओवरटेक कर अपराधी अचानक घर कर लूटपाट शुरू कर देते थे। लगातार अपराध की घटना हो रही थी ।पूछताछ चल रही है। कई सामान भी बरामद किया गया है।

### ट्रेन वेंडर ने रेल यात्री से की मारपीट

**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ रेलवे स्टेशन पर अब ट्रेन में अवैध रूप से सामान बेचने वाला वेंडर भी यात्रियों से दबंगता दिखाने से बाज नहीं आरहे हैं। बाढ़ रेलवे स्टेशन पर एक भुंजा बेचने वालो वेंडर ने रेल यात्री से मामूली विवाद के बाद मारपीट की और स्थानीय होने का हवाला देकर दबंगई दिखायी। यात्री ने रेल पुलिस से शिकायत की है। लेकिन अभी तक अवैध रूप से सामान बेचने वाला वेंडर पकड़ नहीं गया है।

### स्नान करने के दौरान युवक की डूबने से मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के उमानाथ गंगा घाट से नाव पर सवार होकर गंगा द्वारा इलाके में सब्जी का खेती कर रहे लोगों को खाना पहुंचाने के बाद बिन्द टोली निवासी विजय महतो 50 नदी में स्नान करने लगा ।इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से उसकी मौत हो गई ।करीब दो-तीन घंटे के प्रयास के बाद स्थानीय लोगों ने मृतक की लाश बरामद कर ली है। जिसे पुलिस ने वर्मा कर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। बताते चलें की बाढ़ के उमानाथ गंगा घाट और दियारा इलाके में अब तक डूबने से एक महीने के भीतर नौवीं मौत हो चुकी है। बिंद टोली गांव के एक महीना के भीतर आठ लोगों की जान चली गई है ।वहीं नालंदा जिला की एक लड़की की भी डूबने से मौत हुई थी।

### दो होटल संचालकों को भेजा गया जेल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ रेलवे स्टेशन मेन गेट के पास स्थित होटलों में डीएसपी के द्वारा की गई छापेमारी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद शनिवार को अनैतिक देह व्यापार कराने के आरोप में दो संचालकों को पटना के विशेष अदालत में पेश किया। इसके बाद दोनों को बेऊर जेल भेज दिया गया। दोनों की पहचान होटल राजनंदनी के संचालक विक्की कुमार ,परसामा एनटीपीसी तथा होटल पुष्पांजलि के संचालक राहुल कुमार, बेढ़ना बाढ़ के रूप में की गई। वहीं 13 पुरुष और महिलाओं को सत्यापन के बाद निजी मुचलके पर परिजनों को बुलाकर सौंप दिया गया।

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, 1.10 लाख का जुर्माना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध बालू खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार देर शाम कादिरगंज पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। दरधा नदी में दौलतपुर गांव के समीप अवैध खनन के दौरान छापेमारी कर बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। टीम के पहुंचते ही अवैध खनन में लगे बालू माफिया मौके से भागने में सफल रहे। फिलहाल जब्त ट्रैक्टर के मालिक का पता लगाया जा रहा है। खनन पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह ने ट्रैक्टर मालिक पर 1 लाख 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। कादिरगंज थानाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि लगातार दरधा नदी से अवैध बालू खनन की सूचना मिल रही थी। देर रात और अहले सुबह बालू खनन किए जाने की जानकारी पर सूचना का सत्यापन कर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ यह कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी।प्रशासन ने साफ किया है कि नदियों से अवैध खनन कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।





### 21 बोतल शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध शराब के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत पुनपुन पुलिस ने शनिवार देर शाम बड़ी कार्रवाई की है।थाना क्षेत्र के अकौना गांव में एक घर से 21 बोतल विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम धीरज कुमार उर्फ पिकू उर्फ बॉस पिता राजदेव सिंह बताया जा रहा है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी घर से विदेशी शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए टीम गठित कर घर में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान तस्कर ने शराब की बोतलों को झोले में भरकर घर के बगल स्थित छोटे मछली के तालाब में फेंक दिया। पुलिस ने तालाब से तलाशी के दौरान सभी 21 बोतलें बरामद कर लीं। मौके से आरोपी धीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वह शराब की खेप कहां से लाता था, कहां-कहां डिलीवरी करता था और कब से यह धंधा कर रहा था। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।



### टी.पी.एस. कॉलेज में स्वयंसेवा कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार संचालित 30 घंटे के अनिवार्य स्वयंसेवा कार्यक्रम के अंतर्गत टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, आईक्यूएसी तथा प्रथमा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रक्तदान जैसे जनहितकारी कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, क्योंकि यह न केवल किसी की जान बचाने का माध्यम है बल्कि सामाजिक



उत्तरदायित्व का भी प्रतीक है। प्राचार्य ने स्वयंसेवा कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ किया गया यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं सामाजिक चेतना को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रक्तदान शिविर के दौरान प्रतिभागियों को रक्तदान की प्रक्रिया, इसके लाभ तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक चिकित्सकीय आवश्यकता की पूर्ति नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। मीडिया प्रभारी डॉ. मुकुंद कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर स्वयंसेवा कार्यक्रम की महत्वपूर्ण गतिविधियों में से एक है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है।

# धनरूआ में 'शारदीय खरीफ महाअभियान' की शुरूआत, जैविक और आधुनिक खेती पर जोर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड स्थित कृषि कार्यालय परिसर में खेत बचाओ अभियान के तहत शारदीय खरीफ महाअभियान की शुरूआत की गई। आत्मा के तत्वावधान में आयोजित समारोह का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख बबीता देवी व प्रखंड कृषि पदाधिकारी विवेकानंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में किसानों की उन्नति के गुर बताते हुए जैविक व आधुनिक खेती पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने किसानों को इसी पद्धति से खेती करने की सलाह दी। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को वैज्ञानिक खेती का प्रशिक्षण भी दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बीज उपचार, जल प्रबंधन और वैज्ञानिक खेती की बारीकियां समझाई। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु खेत बचाओ अभियान रहा, जिसका उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता को सुरक्षित रखना और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना है।विशेषज्ञों ने बल दिया कि किसान रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर जैविक खेती और मोटे अनाज यानी मिलेट्स की ओर रुख करें। इससे न केवल उत्पादन की लागत घटेगी बल्कि फसल की गुणवत्ता और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। प्रशिक्षण में आसपास के गांवों के दर्जनों किसानों ने नई कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने किसानों से आग्रह किया कि प्रशिक्षण में मिली वैज्ञानिक जानकारी को अपने खेतों में जरूर अपनाएं ताकि खेती को लाभ का धंधा बनाया जा सके।इस अवसर पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार के अलावा कई प्रगतिशील किसान मौजूद थे।



# मसौढ़ी में आज से 'शारदीय खरीफ महाअभियान' शुरू, पंचायत स्तर पर लगेगी कृषि जन कल्याण चौपाल

**चरमा पंचायत से शुरूआत, रोस्टर जारी, किसानों को मिलेगी नई तकनीक, ड्रोन और जीरो टिलेज की जानकारी**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खरीफ सीजन में किसानों को नई तकनीक और योजनाओं से जोड़ने के लिए कृषि विभाग अलर्ट मोड में है। प्रखंड कृषि कार्यालय की ओर से आज से पंचायत स्तर पर 'शारदीय खरीफ महा अभियान' के तहत कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान की शुरूआत की जाएगी।अभियान की शुरूआत चरमा पंचायत के सामुदायिक भवन से होगी। इसके लिए प्रखंड कृषि कार्यालय ने रोस्टर जारी कर दिया है। इसी आधार पर मसौढ़ी प्रखंड के सभी पंचायतों में निर्धारित तिथि पर चौपाल लगाई जाएगी। अभियान की सफलता के लिए सभी कृषि सलाहकार, कृषि समन्वयक समेत अन्य कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। ये टीमें पंचायत स्तर पर किसानों को योजनाओं की जानकारी देंगी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने बताया कि चौपाल में किसानों को खरीफ की मुख्य फसलों के साथ नई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इसमें सूक्ष्म सिंचाई, फलदार वृक्षों का क्षेत्र विस्तार, जलवायु अनुकूल कृषि, खेत बचाओ अभियान, मोटे अनाज की खेती, जीरो टिलेज व सीड ड्रिल से धान की खेती, धान की सीधी बुआई, बेबी कॉर्न/स्वीट कॉर्न की खेती, शारदीय मक्का की खेती, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि यांत्रिकरण और कृषि में ड्रोन का प्रयोग शामिल है।

# मोकामाघाट: सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर, मोकामाघाट परिसर में आज विश्व रक्तदान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रुप सेंटर परिसर में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रथमा ब्लड सेंटर, पटना के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक रविन्द्र भगत ने जवानों को संबोधित किया। उन्होंने रक्तदान की महत्ता समझाते हुए सभी को शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद यादव, पुलिस उप महानिरीक्षक (चिकित्सा), कमांडेंट राम बिलास गुप्ता, उप कमांडेंट संदीप, उप कमांडेंट (मंत्रालयिक) सुरेन्द्र कुमार, सहायक कमांडेंट अविनाश कुमार, अभय कुमार, ईश्वर सिंह, अशोक कुमार सिंह समेत कई अधीनस्थ अधिकारी, जवान और प्रथमा ब्लड सेंटर के डॉक्टर व स्टाफ मौजूद रहे।शिविर में सभी जवानों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं अधिकारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया।विश्व रक्तदान दिवस हर साल 14 जून को रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और रक्तदाताओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। सीआरपीएफ के जवानों ने एक बार फिर सामाजिक दायित्व निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाया।





## मारपीट में 9 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के समकूडा गांव में शनिवार देर शाम दो गुटों के बीच हो रहे झगड़े को सुलझाने गए दो भाइयों को लोहे की रॉड और लाठी-डंडे से पीटकर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने 9 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। घायलों की पहचान समकूडा निवासी चंद्रभूषण पिता स्व कपिल देव , एवं उनके भाई कौशल कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि गांव में देर शाम आपसी विवाद को लेकर दो गुटों में झगड़ा चल रहा था। इसी दौरान बीच-बचाव करने चंद्रभूषण और उनके भाई कौशल मौके पर पहुंचे। बीच-बचाव के दौरान ही दूसरे पक्ष के लोगों ने दोनों भाइयों पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायलों के बयान पर कुल 9 लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घायल दोनों भाइयों का इलाज चल रहा है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर एएन कॉलेज में रक्तदान शिविर

**40 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर अनुग्रह नारायण ए.एन.कॉलेज, पटना के एस.एन. सिन्हा सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई एवं प्रथमा ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त का एक यूनिट किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन की रक्षा कर सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। शिविर का प्रमुख आकर्षण प्रथमा ब्लड बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया एआई आधारित 'ईजी चेक' उपकरण रहा, जिसके माध्यम से बिना रक्त निकाले और बिना किसी दर्द के हीमोग्लोबिन की जांच प्रथमा ब्लड बैंक के पंकज बघेल एवं रणधीर कुमार की देखरेख में की गई। शिविर में एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ-साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। म पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक प्रो. सुजीत कुमार दुबे ने स्वयं रक्तदान कर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. शैलेश कुमार सिंह,महाविद्यालय के बर्सर डॉ. अभिषेक दत्ता, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार सहित महाविद्यालय के अनेक वरिष्ठ शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने सभी रक्तदाताओं, प्रथमा ब्लड बैंक की टीम तथा उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में 40 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।







# मसौढ़ी में गायत्री परिवार का विराट पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व दीपयज्ञ

**माता भगवती देवी शर्मा की जनशताब्दी पर आयोजन**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में रविवार को मसौढ़ी के दमड़ीचक गायत्री मंदिर और लखीबाग रोड नंबर 4 में विराट पांच कुंडलिय गायत्री महायज्ञ एवं द्विप दान का एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यह आयोजन वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के जनशताब्दी वर्ष के उपलक्ष में किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधियों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ, पांच कुंडलीय यज्ञ में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र की आहुतियां दी, यज्ञ के माध्यम से विश्व शांति, राष्ट्र कल्याण और समाज में सद्भावना की कामना की गई इसके साथ ही शाम में दीप यज्ञ का आयोजन हुआ,इसके अलावा गायत्री परिवार का मुख्य ध्येय समाज में सद्विचार फैलाना और राष्ट्र को सुदृढ़ तथा उन्नत बनाना है। दिन में पांच कुंडों पर गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दीं। यज्ञ के माध्यम से विश्व कल्याण, पर्यावरण शुद्धि और जन-जन में नैतिक मूल्यों के विकास की प्रार्थना की गई। संध्या में दीपयज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें दीपों की श्रृंखला से वातावरण भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य यजमान विश्व योगासन गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. दिलीप एवं उनकी पत्नी की विशेष भूमिका रही। गायत्री मंदिर के महिला मंडल से लीला जायसवाल, नीलम, रंजू, सपना केसरी तथा युवा मंडल से सोनू, योगेंद्र, अंशुल, छोटू, रामबाबू जी, अभय सर, संतोष केसरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शिरकत की।वक्ताओं ने पं. श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गायत्री परिवार का उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण करना है। इसके लिए यज्ञ, संस्कार, शिक्षा और स्वावलंबन पर बल दिया जा रहा है। वहीं लखीबाग मे आयोजित कार्यक्रम में गायत्री परिवार के कार्यकर्तागण, शनिमंदिर अध्यक्ष डॉ. छोटू शर्मा, चंद्रभूषण प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, केदार प्रसाद, नित्यानंद ओझा सहित कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।






## दस्तावेज में मृत घोषित शख्स निकला जिंदा, पेंशन बंद होने पर हुआ खुलासा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के सरकारी सिस्टम की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। मोकामा प्रखंड के बरहपुर गांव के 79 वर्षीय किसान सुभाष सिंह को सरकारी दस्तावेज में करीब एक साल पहले मृत घोषित कर दिया गया, जबकि वो पूरी तरह जिंदा हैं।बरहपुर ग्राम के वार्ड नंबर आठ निवासी सुभाष सिंह वृद्धा पेंशन योजना के लाभार्थी थे। अचानक उनकी पेंशन बंद हो गई। कारण जानने के लिए जब उनके बेटे सुधीर सिंह पिता को लेकर केवाईसी कराने सर्विस कॉमन सेंटर पहुंचे तो पता चला कि सरकार ने सुभाष सिंह को मृत घोषित कर दिया है।अपने निधन की खबर सुनकर सुभाष सिंह खुद हैरान रह गए। उन्होंने कहा - 'मैं तो जिंदा हूं।' बेटे सुधीर सिंह के मुताबिक, उनके पिता खुद डीलर से सरकारी अनाज उठाते हैं और बैंक से रुपये भी निकालते हैं। ऐसे में उन्हें मृत कैसे घोषित किया गया।



# एनटीपीसी बाढ़ में बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 के अंतर्गत अनुमंडलाधिकारी का प्रेरक संवाद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी बाढ़ द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 के अंतर्गत अनुमंडलाधिकारी गरिमा लोहिया, आईएएस, बाढ़ ने प्रतिभागी बालिकाओं के साथ संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, अपने अनुभव साझा किए तथा योग एवं जूडो-कराटे का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अनुमंडलाधिकारी ने बालिकाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर प्रेरणादायक विचार साझा किए तथा जीवन में निरंतर सीखते रहने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने बालिकाओं द्वारा तैयार हस्तनिर्मित कलाकृतियों एवं पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता की सराहना की तथा प्रतिभागी बालिकाओं को पुस्तकें भी भेंट कीं। कार्यक्रम में प्रशांत कुमार सामल, प्रमुख (मानव संसाधन), एनटीपीसी बाढ़, अन्य अधिकारीगण, मंदाकिनी क्लब की सदस्याएँ एवं अभियान से जुड़े प्रशिक्षक उपस्थित रहे। विदित हो कि एनटीपीसी बाढ़ द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 का आयोजन 24 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की चयनित बालिकाओं को शैक्षणिक, व्यक्तित्व विकास, जीवन-कौशल, स्वास्थ्य एवं नेतृत्व विकास संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।





## हाईवा की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार

**खुसरूपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा बख्तियारपुर स्टेट हाईवे-106 पर खुसरूपुर थाना क्षेत्र के कुर्था स्कूल के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मृतक युवक की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान बख्तियारपुर निवासी दीना पासवान के 25 वर्षीय पुत्र शंकर पासवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शंकर पासवान बाइक से जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार हाईवा ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शंकर पासवान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची खुसरूपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मसौढ़ी के दाउदपुर में महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**माहवारी कोई बीमारी या अपवित्रता नहीं, बल्कि एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है चुप्पी तोड़े : डॉ. श्यामा**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को मसौढ़ी नगर परिषद क्षेत्र के दाउदपुर मुहल्ले में महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आश्रय अभियान और श्रीकृष्ण नर्सिंग होम के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं और किशोरियां शामिल हुईं। कार्यक्रम का मुख्य फोकस महिलाओं में होने वाली सामान्य बीमारियों, उनसे बचाव, पोषण और सबसे अहम माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर रहा। कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्यामा और डॉ. रामजयपाल मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। डॉ. श्यामा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी माहवारी को लेकर कई तरह की भ्रांतियां और रूढ़िवादी परंपराएं व्याप्त हैं। कई घरों में आज भी माहवारी के दौरान महिलाओं को रसोई में जाने, अचार छूने या धार्मिक कार्यों में शामिल होने से रोका जाता है। उन्होंने कहा, "माहवारी कोई बीमारी या अपवित्रता नहीं, बल्कि एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है। इस पर चुप्पी तोड़ना बेहद जरूरी है। जब तक महिलाएं खुद अपने शरीर और स्वास्थ्य को लेकर खुलकर बात नहीं करेंगी, तब तक समस्याएं बनी रहेंगी। डॉ. श्यामा ने माहवारी के दौरान साफ-सफाई के महत्व पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि गंदा कपड़ा इस्तेमाल करने से यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन, फंगल इंफेक्शन और सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. रामजयपाल ने महिलाओं में खून की कमी यानी एनीमिया को सबसे बड़ी समस्या बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में 10 में से 7 महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। इसका मुख्य कारण पोषक तत्वों की कमी और समय पर जांच न कराना है। पीसीओडी, थायराइड, यूटीआई और ब्रेस्ट कैंसर जैसी बीमारियां अब गांवों में भी तेजी से फैल रही हैं।कार्यक्रम का खास हिस्सा किशोरियों और महिलाओं के बीच मुफ्त सैनिटरी पैड का वितरण रहा। श्रीकृष्ण नर्सिंग होम की मेडिकल स्टॉफ पुष्पा और अंशु ने पैड के इस्तेमाल का सही तरीका बताया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आश्रय अभियान के धर्मेंद्र कुमार एवं नवल भारती ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ जानकारी देना नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव लाना है।मौके पर राजकुमार एवं मनीष कुमार शामिल रहे।




CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### महिला के साथ मारपीट, दो लोगों पर थाने में आवेदन

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गुरमिया दक्षिणी टोला गांव की महिला ने दो लोगों पर मारपीट, अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. पीड़िता शीला देवी ने कसवा लौखान गांव निवासी भिखारी राय,चंदेश्वर राय के विरुद्ध थाने को आवेदन देते बताया कि इनलोगों के द्वारा मेरे खेत को जोत रहा था जिसकी सूचना मिलने पर वहां पहुंची और खेत जोतने से मना किया इसी दौरान दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज की तथा विरोध करने पर मारपीट कर अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया है.आवेदन में दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है.थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है.मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्वी चंपारण में 13,167 घर होंगे सौर ऊर्जा से रोशन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिहार सरकार की यूएलए परियोजना के प्रथम चरण में पूर्वी चंपारण जिले के 13,167 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर निःशुल्क सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे लाभुकों को स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा उपलब्ध होगी तथा उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ किया। लगभग 1,512 करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना के तहत राज्य के करीब 2.50 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जाएगा। मोतिहारी के राजेंद्र सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी जिलाधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा और जिला के जनप्रतिनिधियों के साथ विद्युत आपूर्ति अंचल, मोतिहारी के अधीक्षण अभियंता राकेश रौशन, ट्रांसमिशन के अधीक्षण अभियंता वरुण कुमार सहित विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता और कनीय विद्युत अभियंताओं के अलावा लगभग 100 लाभुकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि यह योजना नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को बिजली व्यय में राहत प्रदान करेगी और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### 16 किलो गांजा और 351 बोतल शराब जब्त

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और झरौखर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में गांजा और नेपाली शराब बरामद की गई है.हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर नेपाल सीमा की ओर फरार हो गया.झरौखर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि नेपाल से गांजा और शराब की बड़ी खेप भारत लाए जाने की गुप्त सूचना मिली थी.सूचना के आधार पर एसएसबी आठमुहान कैंप और झरौखर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार देर रात भारत-नेपाल सीमा स्थित



आठमुहान गांव के समीप पिलर संख्या 358/5 के पास छापेमारी अभियान चलाया. छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को देख तस्कर अपने साथ लाया गया सामान छोड़कर नेपाल की ओर भाग निकला. तलाशी के दौरान मौके से 16 किलो 7 सौ 80 ग्राम गांजा तथा 351 बोतल नेपाली शराब बरामद की गई.प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद गांजा और शराब को जब्त कर लिया गया है.मामले में अज्ञात तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उसकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है.पुलिस का कहना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### एनटीपीसी कांटी में स्टेज-ककी चिमनी का सुरक्षित एवं सफल ध्वस्तीकरण

**मुजफ्फरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी कांटी में बंद हो चुके स्टेज-क संयंत्र से संबंधित संरचनाओं के चरणबद्ध निष्कासन कार्य के अंतर्गत आज दोपहर 1:00 बजे स्टेज-ककी चिमनी का सुरक्षित एवं नियंत्रित तरीके से ध्वस्तीकरण किया गया। यह कार्य सभी आवश्यक वैधानिक अनुमतियां प्राप्त करने के उपरांत विशेषज्ञों की निगरानी तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। एनटीपीसी कांटी का स्टेज-कसंयंत्र लंबे समय से बंद था। संयंत्र से जुड़ी पुरानी एवं अनुपयोगी मशीनरी तथा संरचनाओं को चरणबद्ध तरीके से हटाने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में स्टेज-ककी चिमनी का ध्वस्तीकरण किया गया, जो इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है। ध्वस्तीकरण कार्य से पूर्व सभी संबंधित विभागों एवं सक्षम प्राधिकारियों से आवश्यक अनुमतियां प्राप्त की गईं। इसके साथ ही विस्तृत सुरक्षा योजना तैयार कर उसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया गया। पूरे अभियान के दौरान विशेषज्ञ एजेंसियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों की टीम स्थल पर मौजूद रही तथा प्रत्येक गतिविधि की सतत निगरानी की गई। कार्यस्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। एनटीपीसी कांटी प्रबंधन ने बताया कि पूरा ध्वस्तीकरण कार्य बिना किसी दुर्घटना, जनहानि, चोट, पर्यावरणीय क्षति अथवा संपत्ति के नुकसान के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### 18 जून को होने वाले विकसित भारत संकल्प सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक।

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 18 जून 2026 को गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को सर्किट हाउस में सामाजिक संगठन, संगठन, व्यवसायी संघ, धार्मिक संस्थान एवं आध्यात्मिक संस्थान के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की



तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए विभिन्न समितियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं,उपलब्धियों तथा आगामी विकास दृष्टि को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति जनभागीदारी का एक सशक्त अभियान है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक लोगों को सम्मेलन से जोड़ें तथा युवाओं, महिलाओं, किसानों, शिक्षकों, चिकित्सकों, व्यापारियों, बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकताओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करें।

# मुजफ्फरपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नीट का फर्जी प्रश्नपत्र बेचने वाले गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुजफ्फरपुर पुलिस को नीट परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र तैयार कर टेलीग्राम के माध्यम से छात्रों और उनके अभिभावकों से ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में दर्ज मामले में पुलिस ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले के मुख्य आरोपी मनीष झा को गिरफ्तार किया गया था। अब तक इस कांड में कुल पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसकी पुष्टि वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कांतेश कुमार मिश्रा ने की है। पुलिस के अनुसार, 2 जून 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बालूघाट वार्ड-17 स्थित चॉकलेट फैक्ट्री के पास एक किराए के मकान में नीट परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र तैयार कर उसे टेलीग्राम के माध्यम से बेचने का अवैध कारोबार चल रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और जजुआर थाना क्षेत्र निवासी मनीष झा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से चार मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया। इसके बाद सिकंदरपुर थाना कांड संख्या-108/26 दर्ज कर मामले की गहन जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर-1 के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। इस टीम में जिला आसूचना इकाई और सिकंदरपुर थाना की पुलिस को भी शामिल किया गया। टीम ने मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार छापेमारी और जांच अभियान चलाया। इसी क्रम में 13 जून को मिली महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर पुलिस ने चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नगर थाना क्षेत्र निवासी हर्ष, अमन कुमार, कन्हैया कुमार उर्फ मानव तथा सिकंदरपुर थाना क्षेत्र निवासी हर्ष कनोडिया के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे टेलीग्राम के जरिए छात्रों और अभिभावकों को नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा देते थे। इसके बदले विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से नौ अलग-अलग बैंक खातों में पैसे जमा कराए जाते थे। ठगी से प्राप्त राशि मुख्य आरोपी मनीष झा तक पहुंचाई जाती थी। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और इस मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी पड़ताल की जा रही है।

## भाई और मां ने की युवक की हत्या, शव जलाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास, दो गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पश्चिम चम्पारण जिले के मनुआपुल थाना क्षेत्रके खैरटिया में युवक की हत्या कर शव को जलाकर साक्ष्य मिटाने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक के भाई और मां को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ अजीत कुमार ने रविवार को यहां बताया कि 13 जून की रात डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि खैरटिया गांव निवासी शैलेश तिवारी की हत्या कर शव को गायब कर दिया गया है। सूचना के बाद पुलिस जब मृतक के घर पहुंची तो वहां कोई मौजूद नहीं मिला और घर खुला पाया गया। परिजनों के फरार होने से मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। सूत्रों ने बताया कि मृतक की सास के लिखित आवेदन पर मनुआपुल थाना में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर-1 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। पुलिस ने छापेमारी कर मृतक के भाई सोनू तिवारी को मझौलिया थाना क्षेत्र के चैलाभार गांव से तथा उसकी मां नंदवानी देवी को छावनी स्थित प्रजापति हॉल्ट के समीप से गिरफ्तार किया। पूछताछ में सोनू तिवारी ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि शव को साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से मोटरसाइकिल से ले जाकर जला दिया गया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने शांति माई स्थित श्मशान घाट से मृतक के जले हुए शव के अवशेष बरामद कर लिये। एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए हैं।

## लूटपाट के दौरान वृद्धा की हत्या, ग्रामीणों की सतर्कता से संदिग्ध पुलिस हिरासत में

**फॉरेंसिक टीम ने इकट्ठा किए साक्ष्य के नमूने**

**छपरा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के सारण जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव में गुरुवार की देर शाम लूटपाट के दौरान एक वृद्ध महिला की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान गांव निवासी रामजन्म पंडित की लगभग 80 वर्षीय पत्नी रुक्मिणी देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों की सतर्कता के कारण एक संदिग्ध युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया, जिससे पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। परिजनों के अनुसार रुक्मिणी देवी रात करीब साढ़े आठ बजे घर के बाहर स्थित एक कमरे में अकेली सो रही थीं। उनके पति भोजन करने के लिए दूसरे घर गए हुए थे। इसी दौरान गांव का ही एक युवक कथित रूप से कमरे में घुस गया। मृतका की पुत्रवधू रेखा देवी की नजर उस पर पड़ गई। पूछताछ किए जाने पर युवक वहां से भागने लगा। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। इसके बाद जब परिजन कमरे के अंदर पहुंचे तो रुक्मिणी देवी मृत अवस्था में मिलीं। उनके चेहरे, आंख और नाक पर चोट के निशान थे तथा गले पर दबाव के चिह्न पाए गए। परिजनों का आरोप है कि बदमाश ने उनके नाक का गहना भी नोच लिया। घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को एक मोबाइल फोन और चप्पल बरामद हुई है, जिसे ग्रामीण संदिग्ध युवक का बता रहे हैं। सूचना मिलते ही दाउदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित कर साक्ष्य संकलित किए।

### अवैध बालू खनन पर छापा, बालू लदी 2 ट्रालियां जब्त

**किशनगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के पौआखाली थाना क्षेत्र में सोमवार शाम को अवैध बालू खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है खनन विभाग और स्थानीय पूलिस की संयुक्त टीम ने पवना इलाके में छापेमारी कर बालू से लदी दो ट्रॉलियां जब्त कीं। हालांकि, कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में शामिल लोग ट्रॉलियों के इंजन लेकर मौके से फरार हो गए।इस संयुक्त अभियान में जिला खनन निरीक्षक सूनील कूमार पौआखाली थानाध्यक्ष शंख राज कर्ण, पीएसआई अरुण कुमार और एएसआई विजय प्रताप यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम के मौके पर पहंचते ही अवैध खनन में लगे लोगों ने भागने का प्रयास किया और ट्रॉलियों को छोड़कर फरार हो गए। दोनों ट्रॉलियों को प्रशासन ने कब्जे में लिया पूलिस के अनूसार, जब्त की गई टॉलियों के वास्तविक मालिकों की पहचान की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जनता दरबार में 10 नए आवेदन प्राप्त, 8 मामलों का निष्पादन




**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित मनरेगा सभागार में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि संबंधी विवादों की सुनवाई की गई। इस दौरान कुल 10 नए आवेदन प्राप्त हुए। अंचलाधिकारी अमलेश कुमार ने सभी मामलों में संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करते हुए अगली निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने का निर्देश दिया। वहीं पूर्व से लंबित भूमि विवाद के 8 मामलों का निष्पादन किया गया। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं अंचलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। अंचलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवादों का निष्पक्ष एवं शीघ्र निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों का बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है, जिससे आमजन को राहत मिल रही है। मौके पर राजस्व पदाधिकारी रामप्रवेश साहू, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव, रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रिंस राज, अंचल नाजिर मोहम्मद जहरुदीन, प्रधान सहायक सैयद मोहम्मद नजमी, राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, लिपिक विजेंद्र कुमार सिंह, अमीन सरोज कुमार, संजीत कुमार सहित विभिन्न गांवों से आए फरियादी मौजूद रहे।

## चिरैया पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 10 फरार वारंटियों के घरों पर चिपकाया इश्तहार



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चिरैया थाना की पुलिस ने न्यायालय से प्राप्त विभिन्न मामलों में फरार चल रहे आरोपितों के विरुद्ध रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 10 इश्तहारों का तामिला कराया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस पदाधिकारियों ने संबंधित वारंटियों के घर पहुंचकर इश्तहार चस्पा किया तथा इसकी विधिवत रिपोर्ट तैयार की। पुलिस द्वारा जिन वारंटियों के विरुद्ध इश्तहार तामिला किया गया, उनमें थाना क्षेत्र के बरेठा गांव निवासी फुलेश्वरी देवी, निशहर देवी, बृजकिशोर राय, रामेश्वर राय एवं रंजू कुमारी, लालबेगिया गांव निवासी नरेश पंडित एवं रामकली देवी, चिरैया निवासी लालबाबू साह, हरबोलवा निवासी सरफुद्दीन तथा मोतिहारी न्यायालय के एक मामले में ओसी अहमद शामिल हैं। सिकरहना एसडीपीओ अभिषेक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी, ढाका तथा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, मोतिहारी के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने संबंधित आरोपितों के आवास पर पहुंचकर न्यायालय का इश्तहार चस्पा किया तथा इसकी सूचना स्थानीय लोगों को भी दी। उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपितों को निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय में उपस्थित होने की चेतावनी दी गई है। निर्धारित समय सीमा में न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर उनके विरुद्ध अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इश्तहार तामिला की कार्रवाई में चिरैया थाना के सब-इंस्पेक्टर मनोज कुमार रंजन, एएसआई राजकुमार पासवान तथा सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल रहे। पुलिस ने कहा कि न्यायालय के निदेशों के अनुपालन में इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### क्षेत्रीय संतमत सत्संग को लेकर आयोजित हुई बैठक

**27 जून को छोटी केशवपुर में आयोजित होगा मासिक सत्संग**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सत्संग आश्रम में आगामी 27 जून को एक दिवसीय बहु क्षेत्रीय मासिक शब्द में सत्संग का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संतमत सत्संग के वरिष्ठ महात्मा स्वामी शांतानंद जी महाराज एवं स्वामी प्रभाकर बाबा के अलावा कई साधु संतों का पदार्पण एवं आध्यात्मिक प्रवचन होगा। उक्त अवसर पर जमालपुर, मुंगेर, लखीसराय, खगड़िया, भागलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ो संतमत सत्संग के अनुयायी शामिल होंगे। जिनके ठहरने एवं भोजन भंडारा की निशुल्क व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की गई है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मंडल ने कहा कि इस क्षेत्र में संतमत सत्संग के प्रचार प्रसार में मासिक सत्संग एक अहम कड़ी है। इसलिए इसे सफल बनाने के लिए हम सभी सत्संगियों को एकजुट होकर सहयोग करने की आवश्यकता है।

## पेंशन से संबंधित मामलों का शीघ्र एवं त्रुटिरहित निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

**किशनगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा गुरुवार को जिला परिषद स्थित मेची सभागार, किशनगंज में पेंशन स्वीकृति एवं वित्तीय प्रबंधन से संबंधित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न कार्यालयों के पेंशन स्वीकृति पदाधिकारियों द्वारा भेजे जाने वाले पेंशन मामलों में त्रुटियों की संख्या में कमी लाना तथा वित्तीय प्रावधानों के सही अनुपालन एवं लेखांकन संबंधी प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी बनाना था। कार्यशाला में प्रधान महालेखाकार, एजी बिहार श्री संतोष कुमार, उपमहालेखाकार, बिहार श्री ओमकार एवं जिला पदाधिकारी श्री विशाल राज उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पेंशन स्वीकृति पदाधिकारी तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे।महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना के अधिकारियों द्वारा पेंशन स्वीकृति की प्रक्रिया, पेंशन मामलों में सामान्यतः होने वाली त्रुटियाँ, उनके निराकरण के उपाय, वित्तीय नियमों के अनुपालन तथा लेखांकन संबंधी विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए पेंशन प्रकरणों के समयबद्ध एवं त्रुटिरहित निष्पादन पर बल दिया गया। जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि पेंशन से संबंधित मामलों का शीघ्र एवं त्रुटिरहित निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता है। इस प्रकार की कार्यशालाओं से पदाधिकारियों की क्षमता में वृद्धि होगी तथा पेंशनधारियों को समय पर लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।कार्यशाला के दौरान पेंशनधारियों को भी अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखने का अवसर प्रदान किया गया, ताकि उनके लंबित अथवा जटिल मामलों के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## नवादा सांसद का फरदा गांव में भव्य स्वागत



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने के बाद पटना लौट के क्रम में नवादा के सांसद विवेक ठाकुर का फरदा गांव सामाजिक राजनीतिक नेता कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जनता से मिले स्वागत सम्मान पर सांसद ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जो देशवासियों से वादा किया है। उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा मौके पर सुभाष कुमार,सुनील कुमार,जनार्दन कुंवर,बमबम कुंवर,पंकज कुंवर,शालिग्राम कुंवर, प्रोफेसर राजीव नयन सहीत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## चिरैया पुलिस ने कुख्यात अभियुक्त को किया गिरफ्तार, दर्जनों मामलों में था वांछित



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए विभिन्न आपराधिक मामलों में लंबे समय से वांछित चल रहे एक कुख्यात अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के सपगढ़ा गांव निवासी ध्रुप राय का पुत्र अमोद राय (50 वर्ष) के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अंबेश कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध चिरैया थाना कांड संख्या 590/23 में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं, बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार अमोद राय कई संगीन मामलों में वांछित था। उसके विरुद्ध चिरैया थाना में मारपीट, दंगा, सरकारी कार्य में बाधा, शराबबंदी कानून उल्लंघन, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट से संबंधित कई कांड दर्ज हैं।

## यदुपति नाथ गणेश मंडल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट पर शीतलपुर मुंगेर का कब्जा

**फाइनल मैच में शीतलपुर मुंगेर ने खगड़िया को 2 - 0 से हराया ● शीतलपुर के राजा भाई को मिला बेस्ट 22 का पुरस्कार**



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जेएसए मैदान जमालपुर में खेले जा रहे यदुपति नाथ गणेश मंडल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को खगड़िया एवं शीतलपुर मुंगेर के बीच खेला गया। खेले गए फाइनल मैच का पहला गोल शीतलपुर टीम की ओर से नंबर 9 के राजा भाई ने मैच के 9 मिनट में कर अपनी टीम को एक शून्य से आगे कर दिया। वही दूसरा गोल भी मैच के 67 में मिनट में शीतलपुर की ओर से जर्सी नंबर 18 के सुमन कुमार ने कर अपनी टीम को फाइनल में विजेता बना दिया। इस तरफ फाइनल मैच में शीतलपुर ने खगड़िया को 2 - 0 से पराजित कर फाइनल के विजेता बने।फाइनल मैच फाइनल मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शीतलपुर के राजा भाई को बेस्ट 22 का पुरस्कार दिया गया।मैच में निर्णय की भूमिका में रेफरी मोहम्मद सलाम, सुधांशु कुमार,रामरक्षा,प्रवीण शंकर, कृष्णानंद ने अहम भूमिका निभाई। वही उद्घोषक की भूमिका में अजीत कुमार ने अपने सौम्या अंदाज में खिलाड़ी खेल प्रेमी एवं अतिथियों का खूब मनोरंजन किया।इसके पहले फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल एवं विशिष्ट अतिथि डिप्टी विद्युत बीपीके मिंस, रवि राजपूत,सनातन कुमार,लाल साह, सामाजिक नेत्री तनुजा मंडल ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामना दिए। वही फाइनल मैच के विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते दोनों टीम को बधाई दिए।इधर अतिथियों का स्वागत बुके,अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर मैकेनिकल रीक्रिएशन क्लब के अध्यक्ष उमेश सिंह,उपाध्यक्ष अशोक सिंह चौहान,कोषाध्यक्ष शिवलाल रजक,अजीत कुमार, नंदकिशोर यादव,लटोरी मंडल,प्रवीण कुमार,मनोज कुमार, कृष्णानंद,जैनुल आबेदीन,अनिल कुमार पासवान सहित कई सदस्यों के संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्राचार्य देवराज सुमन, पूर्व फुटबॉलर अरुण कुमार अरुण, सतीश भारती,अरुण कुमार,प्रहलाद रावत,अजय कुमार,रंजीत प्रसाद,विष्णु देव पासवान,प्रवीण कुमार,रंजीत प्रसाद,नंदकिशोर यादव, राजकुमार सहित सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

## ज्योति कलश रथ यात्रा के लिये कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण गोष्ठी




**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शांतिकुंज हरिद्वार से नगर में दिव्य ज्योति रथ के आगमन और 18 जुलाई तक परिभ्रमण और नियोजन के लिए गायत्री शक्तिपीठ,जमालपुर में प्रखंड के नैष्ठिक कार्यकताओं की बैठक हुई। 52 कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उपजोन प्रतिनिधि मनोज मिश्र ने कहा कि रथ के साथ चलने वाली अखंड ज्योति में गुरुदेव की तपस्या-साधना की प्राण उर्जा समाई हुई है। गुरुमाता भगवती देवी शमार्की जनशताब्दी के उपलक्ष्य में इस रथ के द्वारा नगर- नगर, गांव-गांव में गायत्री मिशन के सभी रचनात्मक आंदोलन आस्तिकता संवर्धन, पर्यावरण, शिक्षा, नारी जागरण, युवा स्वालंबन, स्वास्थ्य, व्यसन मुक्ति,कुरीति उन्मूलन के प्रति जन जागरण का संदेश दिया जायगा। साथ ही गायत्री परिवार के अभिनव अभियान को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में 'आओ गढें संस्कारवान पीढ़ी' और 'कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान' की महत्ता और अनिवार्यता से जनचेतना को आंदोलित किया जाएगा।अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में गायत्री शक्तिपीठ के प्रधान ट्रस्टी कृष्णा चौरसिया ने कहा कि 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ,जमालपुर में योग प्रशिक्षिका सृष्टि के द्वारा योगाभ्यास कराए जाएंगे।23 जून को गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक अखंड जाप और गायत्री चालीसा के पाठ और 24 जून को गायत्री जयंती, गंगादशहरा और गुरुदेव का महाप्रयाण दिवस मनाया जाएगा।इन अवसरों पर श्रद्धालुओं को ज्योति कलश रथ यात्रा की जानकारी दी जायेगी। श्री चौरसिया ने बताया कि ज्योति कलश रथ यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में दीप यज्ञ,विभिन्न सामाजिक,शैक्षिक और धार्मिक संस्थानों के माध्यम से सामाजिक चेतना के उन्नयन के संदेश देते हुये सत साहित्य और मिशनरी पत्रिकाओं का वृहत वितरण व प्रचार प्रसार भी किया जाएगा। इस अवसर पर राजनाथ मंडल और हेमंत भगत द्वारा प्रेरक गायन प्रस्तुत किया गया। इस महत्वपूर्ण गोष्ठी में ट्रस्टी सुरेश चंद्र चौरसिया, ट्रस्टी जमुना सिंह, ट्रस्टी सुमित कुमार, ट्रस्टी ब्रह्मदेव मंडल 'दीनबंधु', प्रखंड प्रतिनिधि विपिन कुमार चौरसिया, युवा प्रतिनिधि, प्रशांत कुमार सिंह, महिला प्रतिनिधि बॉबी देवी, अनिता भारती, गायत्री शक्तिपीठ भागी चक के ट्रस्टी डॉक्टर राजेश, अरुण कुमार शाह, जयप्रकाश मंडल, एजीएसपी की जिला समन्वयक रेणु भगत, सुशीला देवी,भोला प्रसाद,शंभू सिंह,वरुण, दिवाकर, सुषमा सिन्हा, नीलम भगत, सुषमा देवी रूबी देवी, महेश चौरसिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुरक्षा व यातायात को ध्यान में रखकर हाइट बैरियर का निर्माण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। अंबा-नबीनगर पथ के 12 किलोमीटर पर स्थित सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित स्लैब कलवर्ट के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण आमजन की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में नए ह्यूम पाइप कलवर्ट आधारित डायवर्सन का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त स्थल पर सिंचाई विभाग द्वारा नियमित रूप से पटवन कार्य संचालित किया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए डायवर्सन निर्माण के दौरान दोनों ओर ह्यूम पाइप स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि सिंचाई व्यवस्था भी निर्बाध रूप से जारी रह सके तथा पानी का प्रवाह सुचारू बना रहे। डायवर्सन निर्माण पूर्ण होने के पश्चात वर्तमान क्षतिग्रस्त स्लैब कलवर्ट को यातायात हेतु बंद कर दिया जाएगा तथा उसके स्थान पर नए स्लैब कलवर्ट का निर्माण कराया जाएगा। इस अवधि में सभी वाहनों का आवागमन निर्मित डायवर्सन मार्ग से संचालित किया जाएगा जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यातायात व्यवस्था सामान्य रूप से संचालित होती रहे। इसके अतिरिक्त चतरा मोड़ से नबीनगर जाने वाले मार्ग के सुंदरगंज क्षेत्र में सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हाइट बैरियर का निर्माण भी कराया गया है। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से सहयोग एवं निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करने की अपील की गई है।




## भूमि विवाद में तीन लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट मामले में सलैया थाना की पुलिस द्वारा दोनों पक्षों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान एक पक्ष से कोसडिहरा गांव निवासी दिलकेश्वर दास एवं सूरज दास तथा दूसरे पक्ष से गांव के ही महेंद्र दास के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि 13 जून को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें कुछ लोग घायल हुए थे। इसके बाद दोनों पक्षों से प्राप्त आवेदन के आधार पर कांड दर्ज की गई जिसमें तीन लोग पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले में अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी चल रही है।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने लौटाए मोबाइल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। ऑपरेशन मुस्कान के तहत रविवार को मदनपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंपे जा रहे हैं। इसी क्रम में मदनपुर पुलिस द्वारा एक मोबाइल वास्तविक मालिक को सौंपा गया। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार मोबाइल फोन की बरामदगी तकनीकी विश्लेषण एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर की गई। साइबर और तकनीकी टीमों ने विभिन्न माध्यमों से मोबाइल की लोकेशन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण कर उन्हें खोजने में सफलता हासिल की। इसके बाद आवश्यक सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर मोबाइल उनके असली मालिकों को वापस कर दिए गए।



लंबे समय बाद अपना कीमती मोबाइल वापस मिलने पर उनके के चेहरे खुशी से खिल उठे। मोबाइल प्राप्त करने वाली महिला ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और प्रभावी कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उसने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि खोया हुआ मोबाइल दोबारा मिल सकेगा, लेकिन पुलिस के प्रयासों से यह संभव हो पाया। पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह के विशेष अभियान जारी रहेंगे, ताकि गुम या चोरी हुए मोबाइल और अन्य सामानों की बरामदगी कर उन्हें वास्तविक मालिकों तक पहुंचाया जा सके तथा साइबर अपराध और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# नवीनगर में शुरू हुआ खेत बचाओ अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना खेत बचाओ अभियान के तहत नवीनगर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में किसान चौपाल सह खेत बचाओ अभियान की शुरुआत कर दी गई है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल संरक्षण और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर खेती को अधिक लाभकारी बनाना है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ चौधरी ने बताया कि किसान चौपाल के माध्यम से किसानों को उन्नत खेती के लिए उपयुक्त प्रभेदों के चयन, उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, जल संरक्षण और फसल प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। साथ ही कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी किसानों तक पहुंचाई जा रही है। बताया कि राजपुर, सोरी, रामनगर, बसडीहा, बरियावां एवं खजुरी पांडू पंचायतों में किसान चौपाल का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। आगामी कार्यक्रम के तहत 15 जून को सिमरी धमनी पंचायत के परसा और मुंगिया पंचायत के ढेबला-ढेबली गांव में किसान चौपाल आयोजित होगी। 16 जून को बैरिया पंचायत के बैरंवा और चंद्रगढ़ पंचायत के दरमी, 17 जून को जयहिंद तेंदुआ पंचायत के हरिहरपुर तथा तोल पंचायत के मांगी, 18 जून को सोनौरा पंचायत के खंभा एवं पिपरा पंचायत के गम्हरिया गांव में चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 19 जून को अंकोरहा पंचायत के मांडर और ठेंगो पंचायत के गोगो, 20 जून को रामपुर पंचायत के चांदखाप एवं नाउर पंचायत के खड़िया, 23 जून को हरिहर उर्दाना पंचायत के सिकरिया और मंझिआवा पंचायत के मंझिआवा, 24 जून को बेलाई पंचायत के खिरी दयाल और केरका पंचायत के झिकटिया, 25 जून को टंडवा पंचायत के टंडवा एवं कंकेर पंचायत के लाइन सिमरा और 26 जून को महुआंव पंचायत के तिवारीडीह गांव में किसान चौपाल आयोजित की जाएगी। बीएओ के अनुसार कार्यक्रम के सफल संचालन की जिम्मेदारी तकनीकी सहायक प्रबंधकों एवं किसान सलाहकारों को सौंपी गई है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं किसानों से अधिक से अधिक संख्या में चौपाल में भाग लेने की अपील की है।

## मारपीट व डायन प्रताड़ना मामले के दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना पुलिस ने मारपीट एवं डायन प्रताड़ना से जुड़े एक मामले में कार्रवाई करते हुए शनिवार की रात्रि दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सेवा बिगहा (सोहरडीह) गांव निवासी राजेंद्र पासवान एवं सुदेश पासवान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध कुटुंबा थाना में दर्ज एक मामले में नामजद अभियुक्त बनाए गए थे। आरोप है कि गांव की एक महिला को डायन बताकर उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट एवं प्रताड़ना की गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। वहीं, मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# एक विद्यालय के कई नाम होने से भ्रम की स्थिति

**परीक्षार्थियों को होती है परीक्षा केंद्र खोजने में समस्या......**
**सरकारी दस्तावेजों में है अलग-अलग नाम अनुमंडल मुख्यालय के इकलौते कन्या इंटर विद्यालय का हाल...**






**डॉ.उपेंद्र कश्यप/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । अनुमंडल मुख्यालय के मौला बाग में मुख्य पथ के किनारे स्थित है यहां का इकलौता कन्या इंटर विद्यालय। इसके कई नाम हैं, स्वाभाविक है कि शिक्षण संस्थान जब एक है और नाम कई तो कई तरह की समस्या भी सामने आएगी। सबसे पहले इसका आम बोलचाल की भाषा में इस्तेमाल होने वाला नाम है- गर्ल्स हाई स्कूल। फिलहाल स्थिति यह है कि भारत सरकार के यू डायस पर इसका नाम है कन्या इंटर विद्यालय। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित होने वाली मैट्रिक की परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को जो सर्टिफिकेट मिलता है उस पर गर्ल्स हाई स्कूल दाउदनगर लिखा होता है। जबकि इंटर पास विद्यार्थियों के सर्टिफिकेट पर प्लस दो कन्या हाई स्कूल दाउदनगर लिखा होता है। विद्यालय के लेटर पैड पर बालिका इंटर विद्यालय लिखा हुआ है। विद्यालय के भवन पर प्लस दो बालिका उच्च विद्यालय लिखा हुआ है। वर्ष 1963 में जब प्रस्वीकृति मिली थी तब इस विद्यालय का नाम था राजकीय कृत बालिका उच्च विद्यालय दाउदनगर। विद्यालय के विभिन्न बैंकों में कुल पांच खाते हैं और सभी के नाम में कुछ ना कुछ अंतर है। अब समझिए कि जब नाम में इतने अंतर हैं तो चाहे खाता का संचालन हो या विद्यार्थियों के दस्तावेज का रखरखाव, हर स्तर पर परेशानी होनी स्वाभाविक है। जब परीक्षार्थी आते हैं और उनके एडमिट कार्ड पर नाम कुछ होता है और विद्यालय का भवन पर लिखा नाम कुछ होता है, जनता से पूछा जाता है तो वहां भी नाम को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। इसलिए उनको कई स्तर पर परेशानी होती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र नाथ बताते हैं कि कहीं टेक्निकल स्तर पर कोई मामला फंसा नहीं है, लेकिन भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। अलग-अलग दस्तावेजों का मिलान करना पड़ता है ताकि यहां से पास आउट बच्चों को भविष्य में कोई परेशानी ना हो, इसका गंभीरता से ख्याल रखा जाता है।

# चिलचिलाती धूप से लोग परेशान, गर्मी व उमस बरकरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद**। भीषण गर्मी व झुलसा देने वाली चिलचिलाती धूप से लोग परेशान हो रहे हैं। गर्म हवा शरीर में चुभने लगी है। इससे लोगों का कामकाज प्रभावित हुआ है। पंखे कूलर भी गर्मी से बचाव में नाकाफी साबित हो रहे हैं। रविवार की दोपहर दो बजे के करीब धूप की वजह से शहर की ज्यादातर सड़कें सूनी रही। धूप में निकलने की बजाए लोग दुकानों और घरों में रहना सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जून के मध्य में गर्मी अपने पूरे चरम पर है। लोगों की उम्मीद से ज्यादा गर्मी पड़ रही है। आम तौर पर इन्हीं दिनों तापमान बढ़कर 38 एवं 39 डिग्री तक पहुंच गया है लेकिन इस बार स्थित बदल गई है। लगातार पड़ रही गर्मी से लोग परेशान हैं। दो पहिया हो या अन्य खुले वाहन, इन पर यात्रा के दौरान शरीर पर गर्म हवाएं चुभती है। गर्मी की वजह से शीतल पेय की खपत बढ़ गई है। हर जगह ठंडे पानी की तलाश लोगों को रहती है। गर्मी और धूप की वजह से लोग पसीने में भीग रहे हैं। रविवार को चार बजे तक तेज धूप का असर रहा। इसके बाद मौसम थोड़ा सा बदला। शाम के समय हवा नहीं चलने से भी लोग परेशान रहे।

# सनातन संस्कृति और संस्कृत को बढ़ावा देगी संज्ञा समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

दाउदनगर (औरंगाबाद)। संज्ञा समिति की प्रखंड इकाई की बैठक ब्राह्मण टोली स्थित सोनू पाठक के आवास रविवार को की गई। अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ पंकज मिश्रा ने एवं संचालन सचिव संजय मिश्रा ने किया। भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक ने बताया कि लक्ष्य समाज के लोग को एकजुटता करना है। छोटे-छोटे बच्चों को सनातन पद्धति से जोड़ना,संस्कृत को बढ़ावा देना एवं प्रखंड स्तर पर व्यापक विस्तार करने का विचार बना। सनातन पद्धति को बढ़ाने हेतु सर्वसम्मति से आचार्य के तौर पर दीपक पाठक को नियुक्त किया गया। आगामी श्रावण महीने में सामुहिक भव्य रुद्राभिषेक का कार्यक्रम भी होगा। अधिवक्ता धनंजय मिश्रा, धीरज पाठक, सोनू मिश्रा, अमित मिश्रा, प्रमोद पाठक, संतोष पाठक, संतोष मिश्रा, पिंटू पाठक, गुड्डू पाठक, संजय पाठक, सतीश पाठक, सुशील, पाठक, धीरज मिश्रा दुर्गेश मिश्रा, प्रेम पाठक, समेत संज्ञा परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हुए।

# मुशायरे में शामिल होंगे प्रसिद्ध रचानाकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। पुराना शहर स्थित आस्ताना कादरिया में एक जलसा "इस्लाह-ए-मुआशरा कॉन्फ्रेंस" का आयोजन बुधवार को होने जा रहा है। इस प्रोग्राम में देश के मशहूर ख़तीब हज़रत अल्लामा मौलाना मोहम्मद सिद्दीक हसन उर्फ झारखंडी बाबा (देवघर, झारखंड), मशहूर नातख़ां हज़रत मौलाना मुबारक हुसैन मुबारक (गिरिडीह), और नकीब-ए-अहले सुन्नत हज़रत मौलाना अब्दुल रहमान जामी शामिल होंगे। सबा कादरी ने लोगों से गुज़ारिश की कि इस जलसे में ज़्यादा से ज़्यादा तादाद में शामिल होकर अपने दिलों को रोशन करें। कार्यक्रम रात 9:30 बजे से लेकर रात्रि 1:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति से जुड़े सैयद सबा कादरी ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य समाज में नैतिक मूल्यों, आपसी भाईचारे, इंसानियत और इस्लामी शिक्षाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और मशहूर खतीब हजरत अल्लामा मौलाना मोहम्मद सिद्दीक हसन उर्फ झारखंडी बाबा (देवघर, झारखंड) विशेष रूप से शिरकत करेंगे और अपने विचारों से उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन करेंगे। मशहूर नातखां हजरत मौलाना मुबारक हुसैन मुबारक अपनी खूबसूरत आवाज़ में नात-ए-पाक पेश कर महफिल को रूहानी रंग से सराबोर करेंगे। वहीं, नकीब-ए-अहले सुन्नत हजरत मौलाना अब्दुल रहमान जामी कार्यक्रम का संचालन करेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के तमाम लोगों से अपील की है कि वे इस रूहानी और इल्मी महफिल में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपने दिलों को रोशन करें तथा समाज में अमन, मोहब्बत और भाईचारे के संदेश को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

# जल संकट से ग्रामीण परेशान, आधी अधूरी निर्माणाधीन नल जल योजना से गहराया जल संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड अंतर्गत बनियां पंचायत के वार्ड नंबर 14 के बनिया पासवान टोला में नल जल योजना बीते एक वर्ष से आधे अधूरे निर्माणाधीन कार्य छोड़ देने से पेयजल की संकट गहरा गया है। ग्रामीण अन्यत्र जगहों से पेयजल लाने को मजबूर है। इस योजना का निर्माण कार्य मेसर्स आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया था। संवेदक के द्वारा कार्य करवाने में लापारवाही बरतने और शिथिलता बरतने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। संवेदक द्वारा पासवान टोला वासियों के घरों तक जलापूर्ति कनेक्सन नहीं दिया गया है। सिर्फ बोरिंग करके छोड़ दिया गया है। पासवान टोला के लोगों को पेयजल की गंभीर संकट उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार पूर्व में कई बार विभिन्न माध्यमों से कनीय अभियंता, जिलाधिकारी और कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को अवगत कराया गया है। मामले में कोई कार्रवाई न होने से

बनिया पासवान टोला के लोग सरकार के प्रति आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द कार्रवाई न होने पर हम सभी ग्रामीण प्रखंड कार्यालय मदनपुर का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करेगी स्वराज पार्टी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। स्वराज पार्टी का 12वां स्थापना दिवस सह वार्षिक अधिवेशन ओबरा के शिव नारायण मैरिज हॉल में रविवार को संपन्न हुआ। वार्षिक अधिवेशन में स्वराज पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं सैंकड़ों कार्यकता शामिल हुए। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के संगठन महामंत्री अरविंद जायसवाल ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है। आज के दौर में व्यक्ति अपने जायज काम के लिए पदाधिकारियों के पास दौड़ते रह जाता है परंतु उसका कोई नहीं सुनता है परंतु उसी काम के लिए जब पार्टी का शिष्टमंडल पहुंचता है तो सरकारी पदाधिकारी टाल मटोल नहीं कर पाते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम सब अपनी पार्टी को मजबूत बनाएं। अधिवेशन में उपस्थित कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरूण वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में राजनीति का पूरी तरह व्यवसायी करण हो चुका है परंतु स्वराज पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके एक-एक कार्यकता चंदा इकठ्ठा कर पार्टी को चला रहे हैं।

# ईटवां पंचायत के वार्ड नं-सात के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल से जल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। ग्रामीणों को हर घर नल से जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। गांवों में इस योजना से काम कराए गए परंतु उसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिला परंतु उसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। जिस सोच के साथ योजना प्रारंभ हुई थी वह धरातल पर नहीं उतरा। पंचायत के गांवों में हर घर नल से जल योजना के रुपये का सही उपयोग नहीं किया गया। जिले के हसपुरा प्रखंड के ईटवां पंचायत के वार्ड सं-सात में ग्रामीणों को नल से जल नहीं मिला। बता दें कि गांव में छह वर्ष पहले एक टंकी लगाई गई। मोटर आई परंतु नल से जल का सपना अधूरा रह गया। दिखावे के लिए दो-चार दिन पानी की आपूर्ति की गई। ग्रामीण प्रिंस कुमार सहित ने बताया कि छह वर्ष पहले लगा टंकी बेकार हो गया है। ग्रामीणों को नल से जल नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर एक माह पहले बनाया गया परंतु चार दिन चला और फिर बंद हो गया। पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। नल-जल पर किसी का ध्यान नहीं है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अभियंता इस पर ध्यान नहीं देते हैं। पानी की आपूर्ति के लिए लगा पाइप बेकार हो गया है। ग्रामीणों ने जलापूर्ति केंद्र को चालू करने की जरूरत है। इतना होने के बावजूद भी पीएचइडी विभाग के अधिकारी गांव में देखने तक नहीं जाते हैं।

# बटाने नदी पर दो माह के भीतर पूर्ण होगा डायवर्सन निर्माण कार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बटाने नदी स्थित पुल के समीप जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार डायवर्सन निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य आमजन की सुरक्षा, संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। गौरतलब है कि कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-139 (पुराना एनएच-98) के कि.मी. 141 पर अवस्थित बटाने पुल की तकनीकी जांच एवं पथ निरीक्षण के क्रम में सूचित किया गया था कि 225 मीटर लंबाई वाले उक्त पुल की वर्तमान स्थिति यथोचित नहीं पाई गई थी। उक्त परिस्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से बटाने पुल पर भारी वाहनों के परिचालन पर पूर्ण रोक लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुल से केवल हल्के वाहनों के परिचालन की अनुमति प्रदान की गई तथा वैकल्पिक यातायात व्यवस्था लागू की गई। आवागमन को सुचारु, सुरक्षित एवं निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से पुल के समीप डायवर्सन निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त कार्य हेतु कुल 4 करोड़ 56 लाख रुपये की निविदा स्वीकृत की गई है। प्रस्तावित योजना के अनुसार अगले दो माह के भीतर डायवर्सन निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डायवर्सन निर्माण कार्य के प्रारंभ होने के उपरांत एनएचएआई के कार्यपालक अभियंता द्वारा संबंधित संवेदक (कॉन्ट्रैक्टर) के साथ स्थल निरीक्षण किया गया तथा कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा डायवर्सन निर्माण एवं पुल निर्माण से संबंधित कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि निर्माण अवधि के दौरान निर्धारित यातायात व्यवस्था एवं प्रशासनिक निर्देशों का पालन करते हुए सहयोग प्रदान करें, जिससे कार्य समय पर पूर्ण हो सके तथा आवागमन सुरक्षित एवं व्यवस्थित बना रहे।

# एनएचएआई के नोटिस से फुटपाथी दुकानदार परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। एनएच -19 किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए एनएचएआई द्वारा फुटपाथी दुकानदारों को नोटिस दिया गया है जिससे फुटपाथी दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इससे फुटपाथी दुकानदारों को अपनी रोज़ी रोटी की चिंता सताने लगी है। इनका कहना है कि दुकान हटाने से पहले अन्यत्र जगह सुविधाएं उपलब्ध करवा दिया जाता तो रोजी रोटी के लिए सहूलियत होता। इसके बाद दुकानें हटा दिए जाते तो परेशानी नहीं होती। फुटपाथी दुकानदारों ने इसे सरकार की तानाशाही और फिरंगी नीति बताया है जिसके खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन की चेतावनी दी है। फुटपाथी दुकानदारों ने पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में एक बैठक कर निर्णय लिया कि एनएचआई के द्वारा नोटिस के आधार पर संचालित फुटपाथ दुकान को हटा लेने के लिए सरकार से मांग किया जाए कि फुटपाथी दुकानदारों को दुकान लगाने के लिए स्थान चिन्हित कर दिया जाए ताकि वे लोग अपना दुकान लगा रोजगार कर सकें। उन्होंने कहा कि आमदनी का एक मात्र स्रोत दुकान है। हमलोग ठेला, खोमचा, मंडई या झोपड़ी लगा कर किसी तरह अपना रोजी रोटी चलाते हैं। इस संबध में पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद ने अंचलाधिकारी मो. अकबर हुसैन से अनुरोध किया है कि फुटपाथी दुकानदारों के लिए एक अलग जगह सुनिश्चित किया जाए जहां वे लोग दुकान लगा सके। वहीं मामले में अंचलाधिकारी ने बताया कि सुप्रिम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। फुटपाथी दुकानदारों के लिए अन्यत्र जगह की तलाश की जा रही है। जहां वे स्थायी रुप से दुकान लगा सके।

# विश्व रक्तदान दिवस पर युवक ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बारुण (औरंगाबाद)**। बारुण प्रखंड के रंजय दास ने विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। उन्होंने बताया कि मेरा युवा भारत औरंगाबाद से जुड़कर उन्हें रक्तदान करने की प्रेरणा मिली। यह उनका 8वां स्वैच्छिक रक्तदान है। रंजय दास ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा कार्य है। इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने युवाओं से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षक संजीत कुमार ने कहा कि "वर्तमान परिस्थिति में जहां कई बार लोग अपने घर के सदस्यों के लिए भी रक्तदान करने से पीछे हट जाते हैं, वहीं स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले युवाओं से प्रेरणा लेने की जरूरत है। प्रत्येक स्वस्थ युवक को साल में कम से कम एक बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। यह कार्य अपने जन्मदिन, किसी विशेष अवसर पर या जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए किया जा सकता है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने रंजय दास के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# साइबर अपराधियों के ठिकाने पर पुलिस की छापेमारी, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के चिकोरिया गांव में छापेमारी कर दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से साइबर अपराध में प्रयुक्त कई उपकरण भी बरामद किए हैं। अनुमंडल पुलिस अधीक्षक जीत वाहन उरांव के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दीं गई 10/11 जून 2026 की रात प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर साइबर अपराधी गुड्डन मंडल के ठिकाने पर साइबर थाना की टीम ने छापेमारी की थी। इस दौरान साइबर अपराधियों एवं कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए पुलिस बल पर हमला किया गया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की गई तथा पथराव किया गया, जिससे सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इस मामले में अहिल्यापुर थाना कांड संख्या 21/2026, दिनांक 11 जून 2026 को दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी जितन मंडल (51 वर्ष), ग्राम चिकोरिया, थाना अहिल्यापुर, जिला गिरिडीह रतन मंडल 20 वर्ष ग्राम चिकोरिया, थाना अहिल्यापुर, जिला गिरिडीह पुलिस ने बताया कि मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा। इस अभियान में गांडेय अंचल पुलिस निरीक्षक, साइबर थाना, अहिल्यापुर थाना, देवरी थाना, ताराटांड़ थाना एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल था। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि साइबर अपराध एवं कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मतदाताओं को अधिकाधिक मैपिंग सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश

## जमीन बंटवारे को लेकर बेटे ने ही कराई पिता की हत्या : पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**महुदा/धनबाद।** महुदा थाना क्षेत्र के भुरूंगिया बस्ती निवासी हलीम शेख की शनिवार दोपहर हुई हत्या के मामले में रविवार को बाघमारा डीएसपी अजीत कुमार विमल ने महुदा थाना में प्रेस वार्ता कर घटना की जानकारी दी। बताया कि जमीन बंटवारे को लेकर उसके मंझले पुत्र मोहम्मद इश्तियाक के साथ विवाद चल रहा था। उसके पुत्र ने ही अपने पिता की हत्या की साजिश रची। साजिश में उसने अपने गांव के ही एक मित्र को शामिल किया। उसके मित्र ने अपने एक मित्र शेख शाहबाज को घटना को अंजाम देने के लिए तैयार किया। शेख शाहबाज ने शेख हलीम को फोन कर बक्सा बनाने का बहाना बनाकर अपने साथ ले गया। कुलटांड़ के जंगल में एक सुनसान स्थान पर तीनों ने मिलकर हलीम शेख का गला रेत पर हत्या कर दी तथा शव को वही झाड़ी में छोड़कर भाग निकले। कुछ लोगों की नजर झाड़ियां में पड़े शव पर पड़ी। तो उन लोगों ने महुदा थाना को सूचना दिया। सूचना पाकर महुदा थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक की पेंट के पॉकेट से उसका मोबाइल तथा आधार कार्ड पुलिस को मिला। घटना को लेकर धनबाद एसएसपी ने एक एसआईटी का गठन किया। जिसमें बाघमारा डीएसपी अजित कुमार विमल, कतरास पुलिस निरिक्षक मो. रुस्तम, महुदा पुलिस निरिक्षक रंजीत कुमार, महुदा थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक, भाटडीह ओपी प्रभारी अनुप कुमार सिंह, मधुबन प्रभारी शुभम कुमार, धर्माबांध प्रभारी धीरज कुमार, सोनारडीह प्रभारी दिलिप पाल, कपुरिया प्रभारी अमृता खलको, महुदा थाना के एसआई कमलेश कुमार, अब्दुल कलाम अंसारी, एएसआई बिनोद कुमार सिंह, बाबुराम मुर्मु, राजेंद्र उरांव आदि का एक टीम बनाकर अनुसंधान शुरू किया। अनुसंधान में एक आरोपी माथाटांड़ निवासी शेख शाहबाज को गिरफ्तार करने में सफलता पाई तथा उसका मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया गया है। शेष दो आरोपीयों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। जल्द ही दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। स्मरण रहे की शनिवार को शेख हलीम का गला रेता हुआ शव कुलटाड़ के जंगल में पुलिस ने बरामद करने के पश्चात ही अनुसंधान प्रारंभ कर दी थी।

# भाजपा नेता सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पहुंचे रामगढ़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के अरगड्डा बंद भूमिगत खदान के पास अवैध खनन स्थल पर ऑक्सीजन की कमी और जहरीले गैस रिसाव से अवैध खदान में चार लोगों के दम घुटने से हुई मौत के मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को सिरका पहुँचे। अरगड्डा भूमिगत खदान के पास स्थित अवैध खनन स्थल का जायजा लिया। अरगड्डा मंगरदहा शमशान घाट पहुचकर उन्होंने मृतक किशोर रवानी और आशीष रजवार के परिजनों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद छोटकी टोंगी गांव जाकर मृतक देव कुमार बेदिया और डब्ल्यू बेदिया के परिजनों से भी मुलाकात की। उन्होंने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। हादसे के लिए डीसी, एसपी और सीसीएल प्रबंधन जिम्मेवार है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन का कार्य चल रहा था। लेकिन इसे रोकने के लिये प्रभावी

### मृतक के परिजनों से मिले

कदम नहीं उठाये गये। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों के अनुसार हादसे के बाद राहत व बचाव कार्य में गम्भीर लापरवाही बरती गयी है। रेस्क्यू टीम बिलंब से घटनास्थल पर पहुची थी। यदि बचाव दल समय पर पहुच जाता तो कुछ लोगों की जान बचायी जा सकती थी। मृतक के परिजनों से रेस्क्यू टीम पांच हजार रुपये की वसूली की है। यदि यह आरोप सही है तो गंभीर बात है। मृतक के परिजन बेहतर ईलाज के लिये अस्पताल ले जाना चाहते थे लेकिन स्थानीय पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि जो खदाने बंद हो चुकी है उसकी घेराबंदी तक नही की गयी है। प्रशासनिक लापरवाही और अवैध खनन पर प्रभावी रोक नही लग पाने के कारण चार लोगों की जान गयी है। उन्होंने इस मामले में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और सीसीएल के सीएमडी को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इस मुद्दे को सदन से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाया जायेगा।

# भाजपा की बूथस्तरीय कार्यकर्ता कार्यशाला संपन्न

### संगठन मजबूती पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह महानगर जिला द्वारा गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं जनसमस्याओं के समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई बदडीहा स्थित मंगलम मैरिज हॉल में पीरटांड़, हरलाडीह एवं गिरिडीह मध्य मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई, जबकि भाजपा जिला कार्यालय में पचंबा, गिरिडीह नगर एवं गिरिडीह पूर्वी मंडल के कार्यकर्ताओं की कार्यशाला संपन्न हुई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और संगठन की मजबूती बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सक्रियता एवं समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार, बूथों को सशक्त बनाने तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार सक्रिय रहने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए संघर्ष करने में है। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का भी आह्वान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा गिरिडीह महानगर जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय ने की। उन्होंने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंडल एवं बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। जनता के हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाकर संगठन को और प्रभावी बनाया जाएगा।कार्यशाला में प्रदेश मंत्री शालिनी वैश्यखियार, विनय कुमार सिंह, दिनेश यादव, सुरेश साव, प्रकाश सेठ, चुन्नू कांत, संदीप दंगाईच, सिकंदर हेम्ब्रम, मुकेश जालान, नवीन सिन्हा, श्याम प्रसाद, देवराज, संजीव कुमार, दीपक यादव, सुरेश मंडल, सिंकू सिन्हा, कुंदन सिंह, राजेश गुप्ता, अजय सिंह, खिरोधर दास, सोमनाथ पांडेय, बबलू दास, शुभम पाण्डेय, गोपी तुरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी, बूथ सशक्तिकरण तथा जनहित के मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने संगठन के निर्देशों को जमीनी स्तर पर लागू करने तथा जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# अनमैप्ड मतदाताओं की पहचान कर मैपिंग की दी गई जानकारी

### झामूमो की बूथस्तरीय कार्यशाला संपन्न

नवबिहारटाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के उत्सव उपवन सभागार में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा गिरिडीह जिला समिति द्वारा बीएलए-2 सह बूथ स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में राज्य



के मंत्री सुदिव्य कुमार, सांसद डॉ. सरफराज अहमद, विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, झामुमो के केंद्रीय सचिव विनोद पांडे तथा जिलाध्यक्ष संजय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान बीएलए-2 कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर ) के तहत अनमैप्ड मतदाताओं की पहचान कर उन्हें मैप करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नेताओं ने बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने का आह्वान किया वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदाता सूची की शुद्धता और पूर्णता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने और विशेष पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी निभानी होगी।कार्यशाला में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से पहुंचे हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई।

# राज्यसभा चुनाव में भाकपा माले के विधायक इंडिया गठबंधन के पक्ष में करेंगे वोट : दीपांकर भट्टाचार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव के सिलसिले में आगामी 18 जून को मतदान सुनिश्चित है। इस चुनाव में भाकपा माले इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करेगा। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि पार्टी के दोनों विधायक इंडिया गठबंधन के पक्ष में अपना मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया था। इसी प्रकार झारखंड के विधायकों को भी राज्यसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ वोट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार प्रणव झा ने आज ही पार्टी के नेताओं से मुलाकात की है और अपने पक्ष में मतदान की अपील की है। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के अलावा देश के ज्वलंत मुद्दों पर भी पार्टी का स्पष्ट रुख है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लिक मामले पर शिक्षा मंत्री का इस्तीफा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महंगाई समेत अन्य मुद्दों पर केंद्र सरकार को सर्व दलीय बैठक बुलानी चाहिए। एसआईआर के मुद्दे पर दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम झारखंड से नहीं कटने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक गिरिडीह जिले के बगोदर विधानसभा क्षेत्र में ही एक लाख चालीस हजार मतदाताओं के नाम काटे जाने की सूचना है।

# ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक रांची में आयोजित की गई। बैठक में बैंक अधिकारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सप्ताह में पांच कार्यदिवस लागू करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में भी सप्ताह में पांच कार्यदिवस की व्यवस्था जल्द लागू की जानी चाहिए। इसके अलावा अधिकारियों ने वेतन संशोधन, बेहतर कार्य वातावरण, पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति, बढ़ते कार्यभार को कम करने, अधिकारियों की सुरक्षा तथा सेवा शर्तों में सुधार जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और अधिकारियों- कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान समय पर किया जाना आवश्यक है। बैठक में बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी एवं संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

# थानाध्यक्ष सहित दो पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** भागलपुर जिले के अलग- अलग जगहों पर अपने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में एक थानाध्यक्ष सहित दो पुलिस अधिकारी और सात पुलिसकर्मियों को आज तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने रविवार को यहां बताया कि जिले के बाइपास थाना क्षेत्र में यातायात नियंत्रण की आड़ में कुछ वाहन चालकों से अवैध वसूली करने की शिकायते मिलने के बाद नगर पुलिस अधीक्षक से इस मामले की जांच कराई गई थी। उन्होंने बताया कि नगर पुलिस अधीक्षक से प्राप्त जांच प्रतिवेदन में उक्त शिकायतों की पुष्टि होने के पश्चात बाइपास थानाध्यक्ष सहित चार पुलिस कर्मियों के विरुद्ध रविवार को तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की गई है। मामले की जांच चल रही है और इसमें संलिप्त अन्य पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई होगी। श्री यादव ने बताया कि विक्रमशिला गंगा पुल पर निर्मित बेली ब्रिज से बालू लदे छोटे वाहनों को चोरी-छिपे आवागमन कराने की शिकायत मिलने के पश्चात इसकी जांच करवाई गई। जांच में सही पाये गये इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर तैनात एक पुलिस अवर निरीक्षक, तीन पुलिस कर्मी और एक गृहरक्षक को आज तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बेली ब्रिज पर सड़क सुरक्षा कार्य में लगे अन्य निजी कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को प्रतिवेदन भेजा गया है। वहां पर आमलोगों की सुविधा के लिए चौबीस घंटे पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है और इसमें लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर महाराजा बहादुर राम रणविजय प्रसाद सिंह महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। रक्तदान करने वालों में रूपाली कुमारी, बिट्टू कुमार, अमन कुमार, प्रिंस कुमार, बलजीत कुमार, रूपेश कुमार, मनीष कुमार एवं दीपिका कुमारी शामिल रहे। रक्तदाताओं ने लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील भी की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कनक लता कुमारी ने रक्तदाताओं का




उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय दान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंकिता ओझा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाज सेवा की भावना को मजबूत करना है। स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया है। कैंपस एम्बेसडर नितीश कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। पहली बार रक्तदान करने वाले स्वयंसेवकों की यह पहल अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में सहायक होगी। मौके पर सुमंत कुमार, सुधांशु कुमार, आदित्य कुमार, दिव्यांशु मिश्रा, सानिया प्रवीन, मुस्कान, साक्षी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। ब्लड बैंक के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में रक्तदान की प्रक्रिया सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रक्तदान शिविर के माध्यम से युवाओं ने समाज में सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश दिया।

# श्रीराम जानकी राधा कृष्ण मंदिर तेघड़ा में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**तेघड़ा।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद, पटना के मार्गदर्शन में क्षेत्र के धर्मावलंबियों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से निर्मित श्री राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर, एनएच-28 चौक तेघड़ा में आगामी 19 से 27 जून तक भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के प्रथम तल का निर्माण दुलारपुर निवासी, सेंट पॉल पब्लिक स्कूल, तेघड़ा के संस्थापक-सह-सचिव श्री रामबली सिंह द्वारा अपने पौत्र स्वर्गीय दिव्यांशु वत्स की पावन स्मृति में 'श्री दिव्य धाम' के रूप में कराया गया है, जहाँ श्री राम-जानकी दरबार, श्री लक्ष्मी-नारायण भगवान एवं श्री हनुमान जी महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी। वहीं मंदिर के द्वितीय तल का निर्माण दनियालपुर एवं तेघड़ा क्षेत्र के धर्मानुरागी श्रद्धालुओं के सहयोग से किया गया है, जहाँ श्री राधा-कृष्ण युगल सरकार, भगवान जगन्नाथ परिवार सहित एवं भगवान श्री गौ गोपाल विराजमान होंगे।महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन होगा। कथा का वाचन पूज्य श्री कैलाश जी महाराज एवं पूज्या नेहा श्री के श्रीमुख से संपन्न होगा। कार्यक्रम के अनुसार 19 जून को श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। 22 जून को प्रातः 6 बजे भव्य कलश यात्रा, 23 जून को अपराह्न 4 बजे नगर भ्रमण, 24 जून को प्राण-प्रतिष्ठा, महायज्ञ एवं हवन, तथा 27 जून को श्रीराम कथा पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामबली सिंह ने बताया कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के मार्गदर्शन एवं परम पूज्य महंत रामनारायण दास जी महाराज की प्रेरणा से ''श्री दिव्य धाम'' निर्माण का संकल्प साकार हुआ है। उन्होंने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक आयोजन में सहभागी बनकर इसे सफल बनाने की अपील की। श्री राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महामंडलेश्वर महंत रामसेवक दास जी महाराज (मौनी बाबा) एवं कोषाध्यक्ष भगवान राम उर्फ बालक बाबा ने कहा कि तेघड़ा क्षेत्र में वर्षों से जन्माष्टमी एवं अन्य धार्मिक आयोजनों की समृद्ध परंपरा रही है, किंतु राधा-कृष्ण का ऐसा भव्य एवं दिव्य मंदिर नहीं था। यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या एवं वृंदावन जैसी आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने वाला एक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र बनेगा। आयोजित बैठक में महामंडलेश्वर महंत रामसेवक दास जी महाराज, महंत त्यागी गोपाल दास, महंत भगवान राम (बालक बाबा), प्रधान पुजारी दयानंद दास जी महाराज, फुलेना प्रसाद सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष कन्हैया कुमार, हरेराम राय, संजय राय, सुनील कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, लुरक राय, अनिल कुमार राय, पप्पू राय, पूर्व वार्ड पार्षद संतोष कुमार राय, प्रतीक कुमार, रामयज्ञ कुमार, चंद्रभूषण सिंह, कौशल कुमार, शंभू कुमार सहित दनियालपुर एवं तेघड़ा क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कभी भी ढह सकता है चपरी का जर्जर पुल

### दुर्घटना की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड के अदरी नदी के ऊपर बेल रोड स्थित चपरी का जर्जर पुल कभी भी ढह सकता है, यह पुल काफी जर्जर हो गई है, जिसके कारण बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है, यह पुल काफी पुराना है। चुकी आवागमन को लेकर यह पुल हर लिहाज से काफी व्यस्थ है। अहम पहलू यह है कि वह पुल बराही बेल से बगैया, मलवां, खुदवां, चपरा पोखराहा, फ़ेसर रफीगंज, पौथु सीमा समेत कई पंचायतों को जोड़ती है, कितु दिनो दिन भारी वाहन रख रखाव की कमी के कारण पुल की स्तिथि दयनीय हो गई है। बरसात के दिनो में पुल पर पानी भर जाता है, जिसके कारण कभी घटना घट सकती है। बारिश हो जाने के बाद पुल की स्थिति गंभीर हो जाती है और इसी पुल से भारी वाहनों का आवागमन होते रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार ने पंचायत की जोड़ने की लिहाज से यह पुल काफी महत्वपूर्ण है। करीब प्रतिदिन भारी संख्या मे लोगो को आवागमन होता है अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह ढहने के बाद आवागमन ठप हो जाएगी। बता दे कि इस जर्जर पुल के दोनों तरफ रेलिग भी नहीं है। जिसके कारण आम लोगों की परेशानियां और बढ़ गई है। रेलिग नहीं रहने के कारण छह माह पूर्व एक दुल्हन की गाड़ी भी इस पुल के नीचे अदरी नदी में गिर गई थी। जिसे कई लोग घायल हो गए थे। इस पुल के सैंकड़ों गांव जुड़े है परंतु न तो जनप्रतिनिधि न ही अधिकारी सजग है। पुल पर उभरे गडढे से भी आवागमन प्रभावित होती है।

# रफीगंज का डिहवार मंदिर है चमत्कारी

### रेलवे ट्रैक के बीचो बीच है स्थित

नवबहिार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** रफीगंज में रेलवे स्टेशन के पास स्थति डहिवार बाबा (डीह बाबा) अत्यंत चमत्कारी और प्राचीन लोक देवता माने जाते हैं, जो रेलवे पटरी के बीच स्थति होने के बावजूद सुरक्षति हैं। मान्यता है कि डहिवार बाबा गांव की सुरक्षा, फसल और हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। यह मंदरि रफीगंज स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक के बलिकुल बीचों-बीच स्थति है, जसिे स्थानीय लोग चमत्कारी मानते हैं। बता दें कि डहिवार बाबा को गांवों का रक्षक देवता (डीह बाबा) माना जाता है जो वपित्तियों से रक्षा करते हैं और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में डीहवार बाबा की पूजा अत्यंत फलदायी मानी जाती है। कई स्थानों पर इनकी पूजा के साथ सूअर की बलि की भी परंपरा है। स्थानीय लोग अनलि कुमार सिंह, विक्रांत सिंह के अनुसार यह स्थान बहुत पुराना और चमत्कारी है, जहां आस्था के कारण ही रेलवे लाइन के निर्माण के समय भी इन्हें हटाया नहीं गया। बता दें कि बिहार में डिहवार बाबा की पूजा-अर्चना गांव की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# शहर में छिनतई गिरोह हुआ सक्रिय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर में उचक्कों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हो रही झपटमारी और छिनतई की घटनाओं ने आम लोगों, खासकर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्लब रोड स्थित शनि मंदिर के समीप सुबह टहलने निकली एक महिला के कान फाड़कर टॉप्स छीन लेने की ताजा घटना सामने आई है। इस वारदात ने एक बार फिर शहर में सक्रिय उचक्का गिरोहों की दुस्साहसिक गतिविधियों को उजागर कर दिया है। चित्रगुप्त नगर मोहल्ले की रहने वाली महिला के साथ हुई इस घटना में उचक्कों ने गहने छीन लिए। झपटमारी के दौरान महिला के दोनों कान गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना के बाद पीड़िता के पुत्र प्रबिदु कुमार ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ महीनों में शहर के कई इलाकों में चेन, मंगलसूत्र, टॉप्स और पर्स छिनतई की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। बताया जा रहा है कि बदमाश बाइक पर सवार होकर आते हैं और झपट्टा मारकर आसानी से फरार हो जाते हैं। इससे शहर वासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। व्यस्त इलाकों में भी घटनाओं के बाद पुलिस गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि सुबह और शाम गश्त बढ़ाई जाए और संवेदनशील इलाकों में निगरानी मजबूत की जाए। क्लब रोड, टिकरी मोहल्ला, सतेंद्र नगर, ब्लॉक कॉलोनी, गांधी मैदान, पुरानी जीटी रोड, न्यू एरिया सहित इलाकों में पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने उचक्का गिरोहों की पहचान कर विशेष अभियान चलाने, सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने और गश्ती दल मजबूत करने की मांग की है।

# भोजपुरी लोक कला पिडिया पेंटिंग को मिला जीआई टैग

- जीआई टैग प्राप्त होने से भोजपुरी कला पिडिया को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी नई पहचान
- जीआई टैग प्राप्त होने से नई संस्कृति यात्रा की होगी शुरुआत : संजीव सिन्हा
- सर्जना न्यास ने पिछले वर्ष ही जीआई टैग के लिए किया था अप्लाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुरी भाषा भाषी क्षेत्र की लोक कला पिड़िया पेंटिंग बिहार की लोक चित्रकला की एक विशिष्ट शैली है, जिसे मुख्यतः महिलाएँ पारंपरिक पर्व-त्योहारों और सामाजिक अवसरों पर बनाती रही हैं। इस कला में प्राकृतिक रंगों एवं पारंपरिक प्रतीकों के माध्यम से लोक जीवन, पारिवारिक संबंधों, धार्मिक आस्थाओं तथा ग्रामीण संस्कृति का सजीव चित्रण किया जाता है। इन उत्पादों को 'जीआई' टैग प्राप्त होने से भोजपुरी कला पिड़िया को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। इससे स्थानीय कलाकारों को रोजगार एवं आय के नए



अवसर सृजित होंगे। साथ ही, यह उपलब्धि 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को भी सशक्त बनाएगी। यह उपलब्धि बिहार की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण तथा राज्य के पारंपरिक उद्योगों को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी। सर्जना न्यास के अध्यक्ष वरिष्ठ चित्रकार संजीव सिन्हा ने बताया कि जीआई टैग मिलना एक लंबी प्रक्रिया है। सर्जना न्यास ने इसके लिए पिछले वर्ष ही अप्लाई किया था। विभिन्न स्तर पर जांच और हियरिंग होने के बाद जीआई टैग प्राप्त हुआ है। इस प्रक्रिया में मुख्य रूप से नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह, भोजपुर के पूर्व प्रबंधक रंजीत सिन्हा और जीआई पंजीकरण की प्रक्रिया में ह्यूमन वेलफ़ेयर एसोसिएशन वाराणसी के महासचिव, पद्मश्री डॉ. रजनीकांत की भूमिका रही, जिन्होंने कानूनी प्रक्रिया और दस्तावेजी करण में सहायता की। इसके साथ ही सर्जना न्यास से जुड़े कलाकारों, सहयोगीयो, शुभचिंतकों की भूमिका अहम रही। जीआई टैग मिलने से बिहार की सांस्कृतिक पहचान तो बनेंगी, साथ हजारों कलाकारों की आजीविका भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त होना, केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक नई संस्कृति यात्रा की शुरुआत होगी, उन्होंने कहा की थी आई पंजीकरण के माध्यम से किसी उत्पाद को कानूनी पहचान और संरक्षण तो प्राप्त होता ही है, उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सशक्त पहचान दिलाया जा सकता है।

### क्या है जीआई टैग

'जीआई' टैग किसी उत्पाद की विशिष्टता, गुणवत्ता और भौगोलिक पहचान को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है। जीआई टैग प्रदान करने का कार्य भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री, चेन्नई द्वारा किया जाता है।

## भोजपुर के वायु अग्निवीर शहीद दानिश आलम को जिला प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड निवासी वायु अग्निवीर शहीद दानिश आलम के पार्थिव शरीर के आगमन पर जिला पदाधिकारी भोजपुर तनय सुलतानिया ने पुष्पगुच्छ अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतृप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। ज्ञातव्य है कि असम में हुए विमान हादसे में वायु अग्निवीर दानिश आलम का दुःखद निधन हो गया था। उनके पार्थिव शरीर के गृह जनपद पहुंचने पर जिला प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने नम आंखों से



उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि शहीद दानिश आलम का सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण एवं कर्तव्यपरायणता का प्रतीक है। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। जिला प्रशासन की ओर से शहीद के परिजनों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## सभी विद्यालयों में 20 जून तक पठन पाठन होगा मॉर्निंग : डीएम

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान एवं भीषण गर्मी के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए जिला दण्डाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के संचालन समय के संबंध में आदेश निर्गत किया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा बताया गया है कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में कक्षा-05 तक की शैक्षणिक गतिविधियाँ पूर्वाह्न 10 बजे के बाद संचालित नहीं की जाएंगी। वहीं कक्षा-6 से कक्षा-12 तक की शैक्षणिक गतिविधियाँ पूर्वाह्न 11:30 बजे के बाद संचालित नहीं होंगी। यह आदेश 15 से 20 जून तक प्रभावी रहेगा।आदेश के अनुपालन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## महेशवारा के प्रथम यशस्वी मुखिया की स्मृति में बनेगा तोरणद्वार

### बैठक में लिया गया निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** जय मंगला राजनीति पुस्तकालय महेशवारा में रविवार को महेशवारा पंचायत के प्रथम यशस्वी मुखिया सह शिक्षाविद स्व. जगदीश प्रसाद सिंह की स्मृति में भव्य तोरण द्वार निर्माण के विषय पर बैठक हुई। बैठक में प्रो. वाल्मीकि प्र. सिंह, सीताराम सिंह ने आदर्श पंचायत महेशवारा के प्रथम मुखिया स्व. जगदीश प्र. सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी के बाद पंचायत के गठन होने के साथ ही 22 वर्षों तक वे महेशवारा पंचायत के लगातार मुखिया बने रहे। आजीवन आम जनता एवं जन कल्याण के प्रति समर्पित रहे। उनके कार्यकाल में महेशवारा में विभिन्न संस्थाओं की स्थापना हुई। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह के कार्यकाल महेशवारा पंचायत सम्पूर्ण बिहार में आदर्श पंचायत घोषित हुआ था। उन्होंने अपने कार्यकाल में जन सहयोग से स्कूल, पुस्तकालय, पंचायत भवन, डाकघर, पैक्स आदि संस्थाओं की स्थापना किया था। उस समय सरकारी निधि बहुत कम होती थी। इसके बाबजूद प्रत्येक चौक चौराहों पर रात में लालटेन जलाने की व्यवस्था की गई थी। महेशवारा में सड़कों का जाल बिछाया गया था। पंचायत में न्याय व्यवस्था थी। इसके अतिरिक्त वे हिंदी संस्कृत, अंग्रेजी, गणित के विद्वान शिक्षक थे। स्काउट एवं फुटबॉल के प्रशिक्षक व समाजसेवी थे। मेधावी छात्रों के प्रति उनका विशेष लगाव रहता था। उन्हें बुलाया नहीं जा सकता है। उनके कार्यकाल में महेशवारा के अनेक छात्र-छात्राओं ने अध्ययन कर विश्वविद्यालय एवं संपूर्ण बिहार में अपने सफलता का परचम लहराया। युवा पीढ़ी के लिए सदा वे प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले इस उद्देश्य उनकी स्मृति में एक फाउंडेशन की भी स्थापना पर विचार किया गया। इस फाउंडेशन के माध्यम से प्रतिवर्ष मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सुधीर सिंह, राजेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष संजीव कुमार, हरिहर सिंह, वार्ड सदस्य अरविंद सिंह, जयप्रकाश सिंह, राजेंद्र महतो, सुनील सिंह, टुनटुन सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए तन मन धन से इस मुद्दे पर पूर्ण समर्थन देने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी भटकाव की ओर है। छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना हम लोगों का उद्देश्य है। उनके अधूरे सपने को पूरा महेशवारा पंचायत को पुनः आदर्श पंचायत बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर मिथिलेश प्रसाद वर्मा, सचिव पद पर राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर राजेंद्र महतो आम सहमति से चयन हुआ। इसके अतिरिक्त छः सदस्यीय कमेटी में पैक्स अध्यक्ष संजीव कुमार, सुधीर सिंह, डा. जयप्रकाश सिंह, टुनटुन सिंह, सुनील सिंह, प्रो. संजय कुमार को निर्वाचित किया गया। पांच सदस्य संरक्षक मंडल में अधिवक्ता नवल किशोर सिंह, सीताराम सिंह, प्रो.वाल्मीकि सिंह, हरिहर सिंह एवं वार्ड सदस्य अरविंद सिंह को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। बैठक में सुशील सिंह, छट्टू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## 'तिरमिजी शरीफ' नामक दुर्लभ अरबी हस्तलिखित पांडुलिपि की पहचान करने पहुंचे डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत चल रहे राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के दौरान बेगूसराय जिले को एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। बरौनी प्रखंड के बरौनी-3 क्षेत्र स्थित मौलाना इसहाक उर्दू लाइब्रेरी में सैय्यद अख़्तर हुसैन के निजी संग्रह से क़ुरान एवं हदीस से संबंधित तिरमिज़ी शरीफ नामक एक दुर्लभ अरबी हस्तलिखित पांडुलिपि की पहचान की गई है। जिसकी आयु लगभग 350 वर्ष आंकी गई है। इस महत्वपूर्ण खोज को जिले की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने उक्त पांडुलिपि का अवलोकन किया तथा इसके ऐतिहासिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक महत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की दुर्लभ पांडुलिपियां भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत एवं बौद्धिक इतिहास की अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और प्रलेखन अत्यंत आवश्यक है। संबंधित अधिकारियों एवं सर्वेक्षण दल को निर्देश दिया कि पांडुलिपि का समुचित दस्तावेजीकरण, संरक्षण तथा आवश्यकतानुसार डिजिटलीकरण की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि यह धरोहर भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके। उन्होंने जिलेवासियों से भी अपील की कि यदि उनके पास किसी भी भाषा अथवा विषय से संबंधित प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां, ग्रंथ अथवा दुर्लभ दस्तावेज उपलब्ध हों तो उनकी जानकारी ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत साझा करें।जिससे उन्हें संरक्षित एवं सूचीबद्ध किया जा सके। ज्ञातव्य है कि ज्ञान भारतम मिशन का उद्देश्य देशभर में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, प्रलेखन, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण कर भारत की ज्ञान परंपरा को सुरक्षित रखना है। इस अभियान के तहत बिहार राज्य उल्लेखनीय प्रगति करते हुए देश में अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। इस अवसर पर सर्वेक्षण दल के सदस्य, पुस्तकालय प्रबंधन से जुड़े प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित व्यक्ति उपस्थित थे।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने दो अलग-अलग गांवों से दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में रजाकपुर निवासी कारी राय एवं सैदपुर निवासी अकील साह शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कारी राय नावकोठी थाना कांड संख्या 75/11 तथा अकील साह थाना कांड संख्या 48/15 के नामजद अभियुक्त हैं। दोनों काफी लंबे समय से न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। इस कारण न्यायालय द्वारा उनके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था।पुलिस ने समकालीन अभियान के दौरान दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए न्यायिक हिरासत में भेजते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## मदरसा में बच्चियां दीनी शिक्षा के साथ साथ अब कंप्यूटर व सिलाई में भी बनेंगी दक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** अब मदरसा में दीनी तालीम के साथ उन्हें कंप्यूटर का ज्ञान देकर उन्हें भी दक्ष किया जाएगा, इसके लिए रविवार को मदरसा में जिले के उलेमाओं ने कंप्यूटर और सिलाई मशीन प्रशिक्षण कक्ष का बाजाप्ता दुआ के बाद उद्घाटन किया। उलेमाओं ने कहा कि बदलते दौर में अब हालात के अनुसार अब बच्चियां सिर्फ दीनी तालीम ही नहीं बल्कि आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा के अलावा विभिन्न प्रकार का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद वो आत्मनिर्भर भी बनेगी। ऐसा ही अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए अररिया शहर के बगल में सिसौना स्थित एक निजी मदरसा है, जहां बच्चियों को पूरी इस्लामिक माहौल में आधुनिक और तकनीकी शिक्षा के साथ साथ कम्प्यूटर और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलवाकर उन्हें हुनरमंद बनाएगी। इसके लिए रविवार से कंप्यूटर प्रशिक्षण और सिलाई कटाई मशीन द्वारा प्रत्येक सीनियर बच्चियों को दक्ष करने का कार्य शुरू कर दिया गया है ताकि बच्चियां भी आत्मनिर्भर बन सके। इस बाबत अररिया प्रखंड के सिसौना ग़ैयारी पंचायत स्थित



बच्चियों के आवासीय मदरसा जामियतुल फलाह लिलबनात में एक दुआइया नशीशत का आयोजन किया गया। जहां उलेमाओं ने अपनी अपनी बातें रखीं। उपस्थित उलेमाओं ने कहा कि दीन के साथ साथ बच्चियों को दुनिया का हुनर भी सिखाया जाए। अब कंप्यूटर जमाने के हिसाब से बहुत ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बेलवा मदरसा के नाजिम जनाब बख्तियार साहब, विशिष्ट अतिथि के रूप में दारुल उलूम जीरो माइल मदरसा के शेखुल हदीस सह नाजिम जनाब मुफ्ती अलीम उद्दीन साहब वो अन्य उलेमाओं ने अपने संबोधन में कहा कि मदरसे के बच्चियां हॉस्टल में रहकर कुरान और हदीस की तालीम हासिल कर रही है बल्कि वो आधुनिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कम्प्यूटर की शिक्षा भी अब प्राप्त कर रही है। यह एक अच्छा संकेत है। जहसं अब दीनी तालीम हासिल करने वाली बच्चियां व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद भी बन रही है, वहीं अब बच्चियां भी सभी क्षेत्रों में जगह बना रही हैं, जरूरत है इन्हें मदद करने की। मदरसा के नाजिम अलहाज मौलाना कारी साकिब नदीमुल मदनी ने बताया कि अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए चल रहे इस मदरसा में अभी 319 बच्चियां हॉस्टल में रहकर तालीम हासिल कर रही है। उन्होंने बताया कि यहां पर विभिन्न दर्ज़ा, यथा हीफज, तजवीद वो करात, दरजा फारसी, अरबी सोम तक, वो नाजिराह, दिन्यात उलूम असरीया का मुकम्मल इंतजाम है। तत्काल 5 क्लास तक की शिक्षा दी जाती है और इनके इलावे दर्जी का कोर्स वो कंप्यूटर कोर्स आज से उलेमाओं के दुआओं के बाद शुरू कर दी गई है। मदरसा के सरपरस्त हाजी मो इसराइल साहब की निगरानी में चल रहे इस मदरसा की स्थापना 2012 में की गई थी । उन्हीं के प्रयास से आज ये मदरसा जिले का एक मिसाली मदरसा बन चुकी है। मौलाना साकिब नदीम ने बताया कि यहां बच्चियों के लिए कंप्यूटर कोर्स वो सिलाई कटाईं का आज से प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू कर दिया गया है, ताकि बच्चियां भी शिक्षा के साथ साथ हुनरमंद बनकर आर्थिक रूप से सबल वो आत्मनिर्भर हो सके। इस मौके पर कार्यक्रम के सफल संचालन कर रहे मदरसा के नाजिम कारी साकिब नदीम साहब, जनाब कारी महमूद साहब, मुफ्ती असरार साहब, हाफिज फैयाज आलम, मौलाना शब्बीर आलम कासमी, मुफ्ती असरारुल कासमी, कारी जुल्फिकार आलम कासमी, कारी जावेद आलम, मौलाना जशीम साहब, मदरसा के सक्रिय सदस्य मो आफाक भाई, वो मो आसीफ साहब आदि मौजूद थे।

## साइकिल पे संडे कार्यकर्ताओं ने असुरारी विद्यालय में किया पौधा वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बीहट।** साइकिल पे संडे कार्यक्रम के कार्यकर्ताओं ने रविवार को राजकीयकृत विद्यालय असुरारी में बच्चों के बीच पौधा का वितरण किया। लगभग 98 बच्चों की उपस्थित में बरौनी बीडीओ अनुरंजन कुमार सहित अन्य अतिथियों के द्वारा पौधा वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पौधे भेंट करते हुए बीडीओ ने कहा की साइकिल पे संडे अपने समय का एक ऐतिहासिक प्रयास कर रही है। यह प्रयास महज एक रविवार का नहीं बल्कि सैकड़ो रविवारों की एक श्रृंखला है। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश के लिए एक मॉडल अभियान बनकर साबित हो रहा है और आज बिहार में भी साइकिल ऑन संडे की शुरुआत की गई। साइकिल पे संडे टीम का स्वागत करते हुए आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन बरौनी के सचिव गणेश कुमार ने कहा कि अभियान की ताकत आप सब हैं। आप सबके प्रयास अभियान आगे बढ़ेगा और धरती हरीभरी होगी। अभियान के अंशु कुमार और सुजीत कुमार ने बच्चों को बताया कि प्रकृति नहीं हमें खुद को बचाना होगा। मौके पर अभियान के संयोजक ने बताया कि रंग उमंग कार्यशाला का समापन 17 जून को होगा जिसमें सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अपने समय का प्रयास है जो हम मानव जाति को बचाने के लिए कर रहे हैं। मौके पर वार्ड पार्षद अशोक कुमार, जदयू नगर अध्यक्ष शंभू कुमार, नरेश कुमार, अमर ज्योति, रवि वर्मा, जितेंद्र कुमार, शुभम कुमार, कुणाल कुमार, राजू, अजीत, अंकित, मनीष, लक्ष्य, निखिल, कविता कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## मारपीट मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर थाना क्षेत्र के अबरपुल पार चैता साह शिव मंदिर के समीप मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरा नगर थाना क्षेत्र के अबरपुल पार चेता साह शिव मंदिर निवासी विनोद प्रसाद मालाकार के पुत्र सुमन कुमार ने थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा कि 11 जून को साढ़े 10 बजे सुबह में मोहल्ले में बैठकर छह माह के भतीजा को खिला रहा था। तभी दिनेश सैनी एवं उसका पुत्र आर्यन कुमार आया और बोले कि यहां क्यों बैठे हो, इस बात को लेकर वाद विवाद हुआ। उसके बाद दिनेश सैनी और आर्यन मुझे जान करने के नियत से मारने लगे। मैंने एक लड़के को अपने भतीजे देकर अपना बचाव करने लगा। आर्यन ने लोहे के राड से मेरे सर पर जान मारने की नीयत से मारने लगा। जिससे मेरा सर फट गया और खून बहने लगा। लोहे के राडॅ से दिनेश जमीन पर गिरा दिया और मेरे सीने पर मार दिया। इस संबंध में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनेश सैनी एवं उसके पुत्र आर्यन कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### पृष्ठ 1 का शेष

#### गयाजी, राजगीर और नालन्दा...

दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पावापुरी मंदिर परिसर के चहुंमुखी विकास के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी। स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्रामीण पर्यटन पहल शुरू की जाएंगी। पर्यटकों को बिहार की पारंपरिक मेहमाननवाज़ी से रूबरू कराने और स्थानीय रोजगार सृजन के लिए 'होमस्टे' नीति को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की भूमि अध्यात्म, इतिहास और संस्कृति का केंद्र रही है। हमारा लक्ष्य है कि गयाजी, राजगीर और नालंदा आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलें। बुनियादी ढांचे में सुधार, कॉरिडोर निर्माण और होमस्टे जैसी पहलों से न केवल पर्यटन बढ़ेगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव सह मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंद किशोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### ज्वेलरी शॉप से ...

अंदर घुस गया और दुकानदार के सिर और पेट पर पिस्टल सटा दी। इतने में लॉकेट देखने वाले अपराधी ने नए और पुराने जेवरातों को बोरी में भर लिया। इसमें दुकानदार के पिता ब्रजेश सेठ द्वारा दूसरे गांव से फ़ेरी कर लाए गए पुराने जेवरात भी शामिल थे। लूटपाट करने के बाद तीनों अपराधी सड़क पर पहुंचे, जहां दुकान के सामने अपनी अपाची बाइक खड़ी की थी। तभी पीड़ित रोते हुए चिल्लाने लगा। यह सुनकर बगल का मिठाई दुकानदार भी अपराधियों को पकड़ने के लिए दौड़ा लेकिन एक अपराधी ने तुरंत फायरिंग कर दी जिससे लोग डर गए। अपराधी अपाची मोटरसाइकिल पर सवार होकर बहुआरा चौक की तरफ भागे। वहां भी हल्ला होता देख अपराधियों ने चौक पर हवाई फायरिंग की और परसथुआं की तरफ फरार हो गए। भागने के क्रम में अपराधियों का एक बैग वहीं छूट गया। अपराधी अपने साथ इस बैग में लेडीज पर्स, ग्लव्स, नकाब और दो कारतूस रखे हुए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुऐ मौके से अपराधियों के उस बैग को जब्त कर लिया है और उसमें से दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस इस बरामद सामान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## सात लीटर देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिवाजीनगर थाना क्षेत्र में शराबबंदी कानून के तहत पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के सरहिला गांव से 7 लीटर देसी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। जानकारी देते हुए शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सरहिला गांव में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान रामदेव मुखिया, पिता नेति मुखिया, निवासी सरहिला गांव को 7 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से बरामद शराब को जब्त कर लिया थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार युवक को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार और तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में शिवाजीनगर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## पीएम सूर्य घर योजना के तहत 13 हजार से अधिक परिवार होंगे लाभान्वित : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिलाधिकारी, भागलपुर डॉ. नवल किशोर चौधरी ने आज यहां कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के तहत कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी एवं भविष्य उन्मुख पहल है। जिलेवासियों को इससे पूरा लाभ लेना चाहिए। डॉ चौधरी ने रविवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत राज्यभर में लगभग ढाई लाख घरों पर सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया



गया है। इसी क्रम में भागलपुर जिले के 13,200 से अधिक परिवारों को इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के माध्यम से कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर पैनल स्थापित किए जाएंगे, जिससे उन्हें स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा का लाभ मिलेगा। सोलर प्रणाली स्थापित होने के बाद लाभुकों के बिजली व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा उन्हें बिजली संबंधी दीर्घकालिक सुविधा प्राप्त होगी। जिलाधिकारी कहा कि सोलर पैनलों की औसत उपयोगिता लगभग 25 वर्षों तक रहती है, जिससे परिवारों को लंबे समय तक ऊर्ज़ा सुरक्षा सुनिश्चित होगी। साथ ही यदि सोलर पैनलों द्वारा उत्पादित बिजली की मात्रा घरेलू आवश्यकता से अधिक होती है, तो अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर लाभुक आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। इस संबंध में मुख्यमंत्री जी द्वारा भी लाभुकों को प्रोत्साहित करने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि भागलपुर जिले के उन सभी परिवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं, जिन्हें योजना के प्रथम चरण में लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने जिलेवासियों से इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा स्वच्छ ऊर्ज़ा के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की।




# 20 केंद्रों पर हुई सिपाही भर्ती परीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अधीन केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का पहले दिन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। निर्धारित समय के अनुसार सुबह आठ बजे से नौ बजे तक अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। प्रवेश से पूर्व सभी परीक्षार्थियों की गहन जांच की गई। परीक्षा को लेकर सुबह से ही विभिन्न केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा गयी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजे तक हुई। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस बार



केंद्रीय चयन पर्षद ने परीक्षा प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। अभ्यर्थियों को अपना पेन ले जाने की अनुमति नहीं दी गई है। केंद्रों पर ही कलम उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही प्रश्नपत्र परीक्षा समाप्ति के बाद केंद्र पर ही जमा कराना अनिवार्य किया गया है। प्रश्नपत्र पर किसी प्रकार का निशान बनाने की अनुमति नहीं है। जिस स्थिति में प्रश्नपत्र दिया जाएगा, उसी स्थिति में उसे वापस करना होगा। परीक्षा की गोपनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों को भी परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा समाप्त होने से पहले किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। यह भर्ती परीक्षा मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं पेट्रोलिंग सिपाही के पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित की जा रही है। गर्मी को देखते हुए सभी केंद्रों पर पेयजल की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया है।

## न्यायालय के निर्देश पर चार वारंटी गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** न्यायालय के निर्देश पर नवीनगर पुलिस द्वारा चार वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी अरविंद कुमार चंद्रवंशी, महावीर चंद्रवंशी, गुलशन कुमार चंद्रवंशी एवं शक्ति कुमार चंद्रवंशी के रूप में की गई है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार ये सभी एक कांड में लंबे समय से फरार थे। न्यायलय के द्वारा इनके खिलाफ़ वारंट निर्गत किया गया था जबकि ये सभी मामले में फरार थे। इसी क्रम में रविवार को पकड़े गए जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

# दो ऑटो के पलटने से 14 लोग घायल, आठ गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र में दो ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से 14 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां अस्पताल ड्यूटी पर कार्यरत चिकित्सक ने इलाज किया। बताया जाता है कि मदनपुर-कासमा रोड में जोगड़ी के समीप बेला से खिरियावां बाजार के लिए आ रही ऑटो अनियंत्रित होकर एक खाईं में जा पलटा जिसमें कुल आठ लोग घायल हो गए। घायलों में सलैया थाना क्षेत्र के बेला निवासी शिवनाथ चौधरी की पत्नी इन्दु देवी, रामपति चौधरी के पुत्र शिवनाथ चौधरी, भुइयां बिगहा निवासी धनंजय यादव के पुत्र रोहित कुमार, मुनारिक यादव के पुत्र उमेश कुमार यादव, स्व. बुधन यादव के पुत्र रामध्यान यादव, रमण यादव के पुत्र अमरेन्द्र कुमार यादव शामिल हैं। घायलों में गंभीर स्थिति को देखते हुए इन्दु देवी, रोहित कुमार, उमेश कुमार यादव, रामध्यान यादव, अमरेन्द्र कुमार यादव को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी रेफर कर दिया गया है। वहीं मिठइयां-नारायणपुर के समीप एक ऑटो पलटने से पांच सवार घायल हो गए। घायलों में गुरुआ थाना क्षेत्र के कुरथिया टांड़ निवासी अमरेश रिकियासन की पत्नी मुन्नी देवी, अनिल रिकियासन की पत्नी अनिता देवी, रसलपुर निवासी लखन रिकियासन की पत्नी शकुन्ती देवी शामिल हैं। तिसरी घटना में दक्षिणी उमगा पंचायत के बंगरे निवासी महेंद्र महतो के पुत्र मुन्ना कुमार, पडरा निवासी राजेंद्र यादव के पुत्र केदार यादव, पिरथु पंचायत के भुईयां बिगहा निवासी विजय यादव के पुत्र दिलीप कुमार जबकि प्राणपुर निवासी सत्येन्द्र रिकियासन के पुत्र नीतीश कुमार और रेणु देवी शामिल हैं। चिकित्सकों ने बताया कि घायलों में मुन्नी देवी, अनिता देवी और नीतीश कुमार को गंभीर चोट लगने से स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

# आर्म्स सहित अन्य मामलों में 65 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 65 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 29 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार आर्म्स के कांड में 5, एसटी-एससी एक्ट में 3, हत्या प्रयास में 17, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 3 तथा अन्य मामलों में 37 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 190.70 लीटर देसी, एक देसी कट्टा, एक बाइक, चार ट्रैक्टर एवं 400 सीएफटी बालू जब्त किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1204 वाहनों की जांच की गई जिसमें 59500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। वहीं 16 वारंट एवं 72 कुर्की का निष्पादन किया गया है।

# स्व. प्रो. टीएन. सिन्हा की प्रथम पुण्यतिथि पर 'चरैवेति : एक जीवन यात्रा' का होगा लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के सुप्रसिद्ध इतिहासकार, चिंतक एवं शिक्षाविद् स्वर्गीय प्रो. टी.एन. सिन्हा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 3 जुलाई को उनके जीवन एवं कृतित्व पर आधारित पुस्तक 'चरैवेति : एक जीवन यात्रा' का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह पुस्तक उनके व्यक्तित्व, शैक्षणिक योगदान, वैचारिक यात्रा तथा समाज के प्रति उनके समर्पण का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज मानी जा रही है। स्व. प्रो.



टी.एन. सिन्हा का निधन 3 जुलाई 2025 को हुआ था। अपने लंबे शैक्षणिक जीवन में उन्होंने इतिहास, समाजशास्त्र, दर्शन और संस्कृति के विविध आयामों पर गंभीर अध्ययन एवं शोध कार्य किया। विशेष रूप से औरंगाबाद जिले के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक विकास से जुड़े विषयों पर उनका कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने जिले के अतीत को शोधपरक दृष्टि से समाज के सामने प्रस्तुत करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई थी। प्रो. सिन्हा केवल एक इतिहासकार ही नहीं, बल्कि एक ऐसे शिक्षक थे जिन्होंने अपने ज्ञान, सरलता और मानवीय मूल्यों से हजारों विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उनके जीवन के इन्हीं प्रेरक पक्षों को उनके पुत्र प्रशांत कुमार ने पुस्तक 'चरैवेति : एक जीवन यात्रा' में संवेदनशीलता और प्रामाणिकता के साथ प्रस्तुत किया है। पुस्तक में प्रो. सिन्हा के बचपन, शिक्षा, अध्यापन, शोध कार्यों, सामाजिक सरोकारों, संघर्षों तथा उनके वैचारिक दर्शन का विस्तृत वर्णन किया गया है। लोकार्पण समारोह में राज्य के अनेक शिक्षाविद्, साहित्यकार, इतिहासकार, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा स्व. प्रो. सिन्हा के शिष्य और शुभचिंतक शामिल होंगे।

# अपराध नियंत्रण को लेकर जारी रहेगा विशेष जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशानुसार रविवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध पर नियंत्रण, अवैध मद्य पदार्थों के परिवहन पर रोक तथा चोरी के वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करना था। संध्या गश्ती के दौरान पुलिस टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, होटलों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती। इसी क्रम में विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत गहनता पूर्वक वाहन जांच की गई। जांच के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर कागजात की जांच की गई। साथ ही वाहनों की डिक्की और यात्रियों के बैग की भी तलाशी ली गई ताकि किसी भी प्रकार के अवैध सामान के परिवहन को रोका जा सके।

